Page 11 खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10 देश



ऐतिहासिक रहेगा राजकोट टेस्ट...अश्विन-एंडरसन पर खास नजरे

जड़ी बूटियों और स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा, स्थानीय किसानों को मिलेगा लाभ



मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष सप्तमी विक्रम संवत 2080

• औरंगाबाद • गुरूवार • 15 फरवरी 2024 • वर्ष 26 • अंक 66 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 62, 180 | ₹74,000 |

## आज का इतिहास

- 1900 : मेजर-जनरल जॉन फ्रेंच के तहत दूसरी बोअर वॉर-ब्रिटिश घुड़सवार सेना ने बोएर बलों को हराकर वर्तमान दक्षिण अफ्रीका के किम्बरली की 124 दिन की घेराबंदी को समाप्त कर दिया।
- 1782: ब्रिटेन और फ्रांस के बीच समुद्री युद्ध आरंभ हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार पुलिस में 67 हजार से ज्यादा पदों पर होगी बहाली

**पटना (नि.सं.)।** बिहार पुलिस में अगले एक साल में 67 हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती की जाएगी। नीतीश सरकार ने नए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए गए बजट में गृह विभाग के लिए 16323।83 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। यह कुल बजट राशि का 5।86 प्रतिशत है। हालांकि गृह विभाग के स्थापना मद में 15468।55 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इस साल गृह विभाग के अंतर्गत 67735 पदों पर पुलिसकर्मियों की नियुक्ति होने वाली है। इसके अलावा बिहार अग्निशमन सेवा में 88 पदों पर भी बहाली होगी। इसमें सहायक प्रमंडलीय अग्निशमन पदाधिकारी के 21, जिला अग्निशमन पदाधिकारी के 19, अनुमंडल अग्निशमन के 53 और अग्नि चालक के 88 पद शामिल हैं।

### आईआईटी-जेई की मेंस परीक्षा में अबु बकर बने बिहार टॉपर

**पटना (नि।सं।)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने अपना आईआईटी जेईई मेंस परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस परीक्षा में 23 छात्रों को संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त हुआ है। इन 23 छात्रों का एनटीए स्कोर 100 है। यानी कि इन छात्रों को 100 परसेंटाइल प्राप्त हुआ है। आईआईटी जेईई मेंस परीक्षा में किशनगंज के अबु बकर सिद्दीकी ने पूरे बिहार में पहला स्थान प्राप्त किया है। अबु बकर को 99।99 पर्सेंट अंक प्राप्त हुआ है। उन्होंने फिजीक्स में 99।69 केमेस्ट्री में 100 और मैथ में 99।98 पर्सेंट अंक हासिल किया है।

### 15 फरवरी को भी चलेगी सदन की कार्यवाही

**पटना (नि।सं।)।** बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के दूसरे दिन पहली पाली की की कार्यवाही के बाद विधानसभा कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा के बजट सत्र को एक दिन और बढ़ाने का फैसला लिया गया। अब 15 फरवरी को भी सदन की कार्यवाही चलेगी। पहले 15 फरवरी को छुट्टी की घोषणा की गई थी। दरअसल, बिहार विधानमंडल का बजट सत्र 12 फरवरी से शुरू होकर आगामी 1 मार्च तक चलेगा। इस इस बजट सत्र के दौरान कुल 11 बैठकें होनी थीं लेकिन अब इसमें कुछ बदलाव किए गए हैं।

### ईडी ने सीएम अरविंद केजरीवाल को भेजा छठा समन

**नई दिल्ली (ए.)।** ईडी ने दिल्ली शराब नीति मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल को छठी बार समन भेजा है। ईडी ने अपने समन के जरिये सीएम केजरीवाल को 19 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी ने सीएम अरविंद केजरीवाल को ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा है। गौरतलब है कि इससे पहले भी ईडी ने दिल्ली के सीएम को पांच बार समन जारी कर चुकी है, लेकिन सीएम केजरीवाल एक बार भी पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय नहीं गए हैं।

# मैट्रिक परीक्षा आज से, 17 लाख परीक्षार्थी होंगे शामिल

- विज्ञान की परीक्षा में ओएमआर शीट 11 बजे बजे ले लिया जाएगा।

निज संवाददाता | पटना

राज्य में वार्षिक मैट्रिक परीक्षा बुधवार से शुरू हो जाएगी। परीक्षा 23 फरवरी तक होगी। बिहार बोर्ड ने कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए सभी जिलों के जिलाधिकारियों को पहले ही दिशा-निर्देश भेज दिया है। परीक्षा में देरी से आने वाले छात्रों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अगर कोई परीक्षा केन्द्र में जबरन प्रवेश करने की कोशिश करता है तो उसे प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से आधे घंटे पहले छात्रों को केन्द्र में प्रवेश कर जाना है। इस बार मैट्रिक परीक्षा में करीब 17 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। पहले दिन गणित की परीक्षा होगी। पहली पाली की परीक्षा 9:30 बजे शुरू हो जाएगी। विज्ञान की परीक्षा में ओएमआर शीट 11 बजे बजे ले लिया जाएगा। इसके बाद परीक्षा 12:45 में समाप्त होगी, वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा दो बजे दोपहर में शुरू होगी। इसके लिए ओएमआर 3:30 बजे ले लिया जाएगा। वहीं, परीक्षा 5:15 बजे शाम को समाप्त होगी। बोर्ड ने इस परीक्षा के लिए 38 जिलों में 1585 केंद्र बनाये हैं। मैट्रिक परीक्षा में 16,94,781 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसमें छात्राओं की संख्या ज्यादा है। 8,22,587 छात्र एवं 8,72,194 छात्राएं शामिल होंगी। लड़कों की तुलना में इस बार 49,609 लड़कियां अधिक हैं। मैट्रिक वार्षिक परीक्षा की पहली पाली में 4,38,967 छात्राएं जबकि 4,11,604 छात्रों सहित कुल 8,50,571 परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं द्वितीय पाली में 4,33,227 छात्राएं एवं 4,10,983 छात्रों सहित कुल 8,44,210 परीक्षार्थी होंगे। पटना में 40,364 छात्राएं व 35,486 छात्र होंगे शामिलः इस परीक्षा के लिए पटना जिला में 75,850 परीक्षार्थियों के लिए 70 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। पटना में भी सबसे अधिक 40,364 छात्राएं व 35,486 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। लड़कों से लड़कियों की संख्या 4,878 अधिक है।

## बोर्ड परीक्षा के लिए घरों से जल्दी निकलें छात्र : सीबीएसई बोर्ड

एजेंसी | नयी दिल्ली

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड , सीबीएसई ने आज से शुरू होने वाली दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं से पहले छात्रों के लिए परामर्श जारी कर उन्हें यातायात संबंधी समस्याओं को देखते हुए परीक्षा के लिए घरों से जल्दी निकलने के लिए कहा है। बोर्ड ने बुधवार को जारी परामर्श में कहा है कि परीक्षा सुबह साढे दस बजे शुरू होगी इसलिए छात्र सुबह दस बजे या उससे पहले परीक्षा केन्द्रों पर पहुंच जायें। दिल्ली में बोर्ड परीक्षाओं के लिए 877 केन्द्र बनाये गये हैं। परामर्श में कहा गया है कि दिल्ली में मौजूदा स्थिति के कारण यातायात संबंधी समस्या हो सकती है जिससे छात्रों को परीक्षा केन्द्र पहुंचने में देर हो सकती है। इसलिए छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे अपने घरों से जल्दी निकलें। केवल उन्हीं छात्रों को प्रवेश की अनुमति होगी जो सुबह दस बजे परीक्षा केन्द्र पहुंच जायेंगे। छात्रों को दिल्ली मेट्रो में सफर करने की भी सलाह दी गयी है। स्कूलों से भी अनुरोध किया गया है कि वे अभिभावकों और छात्रों का इस संबंध में मार्गदर्शन करें।

# राज्यसभा के लिए चार नेताओं ने किया नामांकन

निज संवाददाता | पटना

राज्यसभा की छह सीटों के लिए प्रत्याशियों का नामांकन चल रहा है। बिहार की तमाम पार्टियों के उम्मीदवार नॉमिनेशन कर रहे हैं। गुरुवार को नामांकन का अंतिम दिन है। इससे एक दिन पहले बीजेपी, जेडीयू और कांग्रेस के उम्मीदवारों की ओर से नॉमिनेशन किया गया है। वहीं, आरजेडी ने अशफाक करीम का पत्ता कटा दिया है। अशफाक की जगह तेजस्वी के करीबी संजय यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। इसके साथ ही मनोज झा पर आरजेडी ने दुबारा भरोसा जताया है। जदयू प्रत्याशी सह पूर्व मंत्री संजय झा ने नामांकन पर्चा भरा है। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा और सांसद ललन सिंह मौजूद रहें।

वहीं, कांग्रेस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने नॉमिनेशन किया है। इधर, बीजेपी से पूर्व मंत्री डॉ. भीम सिंह और धर्मशीला गुप्ता ने पर्चा भरा है। कांग्रेस की बिहार इकाई के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह को पार्टी फिर से राज्यसभा भेज रही है। कांग्रेस के सिंबल पर उन्होंने बिहार विधानसभा में अपना नामांकन पर्चा भरा है। नामांकन के पहले उन्होंने नीतीश कुमार और अमित शाह पर जोरदार हमला बोला है।

# श्री सर्बानंद सोनोवाल बिहार में कालूघाट आईडब्ल्यूटी टर्मिनल और 14 सामुदायिक जेट्टी का करेंगे उद्घाटन

निज संवाददाता | पटना

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल बिहार के सारण में कालूघाट आईडब्ल्यूटी टर्मिनल और सामुदायिक जेट्टी का उद्घाटन करेंगे। इसके अतिरिक्त श्री सर्बानंद सोनोवाल बिहार के बेतिया में गंडक नदी पर दो सामुदायिक जेट्टी की आधारशिला रखेंगे। श्री सोनोवाल 15 फरवरी, 2024 को बिहार में 14 और झारखंड में दो सामुदायिक जेट्टी का भी उद्घाटन करेंगे। ये परियोजनाएं कनेक्टिविटी बढ़ाएंगी और अंतर्देशीय जलमार्गों से व्यापार की सुविधा प्रदान करेंगी। बिहार के सारण जिले में गंगा नदी के उत्तरी तट पर रणनीतिक दृष्टि से स्थित कालूघाट क्षेत्र के परिवहन नेटवर्क में एक महत्वपूर्ण केंद्र है। यह टर्मिनल एनएच -19 तक सीधी पहुंच के साथ कार्गो आवाजाही की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में उभरा है, विशेष रूप से रक्सौल और उत्तर बिहार के भीतरी इलाकों के माध्यम से नेपाल जाने वाले शिपमेंट के लिए। 82.48 करोड़ रुपये में बने, इसकी आधारभूत अवसंरचना में वार्षिक 77,000 टीईयू की क्षमता वाला 125 मीटर x 30 मीटर बर्थ शामिल है। साथ ही इसमें कंटेनर भंडारण, ट्रक पार्किंग और प्रशासन, सुविधाओं और सुरक्षा सुविधाओं जैसे आवश्यक भवनों के लिए निर्दिष्ट क्षेत्र हैं। कालूघाट टर्मिनल विशेष रूप से कंटेनर यातायात के लिए एसटीपी, अग्निशमन प्रणाली तथा आईटी अवसंरचना जैसी उपयोगिताओं से लैस है, जो परिचालन दक्षता सुनिश्चित करता है। कालूघाट टर्मिनल हल्दिया/कोलकाता बंदरगाहों के लिए निर्बाध संपर्क की सुविधा प्रदान करेगा जिससे क्षेत्रीय व्यापार और वाणिज्य को प्रोत्साहन मिलेगा। गंडक नदी पर मंगलपुर और बेतिया में तैरते पंटून जेट्टी वाया एनडब्ल्यू -37 नेपाल और भारत को जोड़ेंगे, जिसकी लागत 3.33 करोड़ रुपये होगी।

ये जेट्टी विभिन्न वस्तुओं के उत्पादकों के लिए बाजार पहुंच बढ़ाएंगे। इसके अतिरिक्त, बिहार में एनडब्ल्यू -1 के साथ 14 स्थानों पर 17.50 करोड़ रुपये लागत के सामुदायिक जेट्टी स्थानीय किसानों और व्यापारियों को सीधे बाजार पहुंच प्रदान कराएंगे, पर्यटन को प्रोत्साहित करेंगे और रोजगार को बढ़ावा देंगे।

# एनटीपीसी कांटी ने लगाया निशुल्क नेत्र जांच और ऑपरेशन शिविर

निज संवाददाता | मुजफ्फरपुर



एनटीपीसी कांटी ने अपने सामाजिक नैगमिक दायित्व के तहत आवासीय परिसर में निशुल्क नेत्र जाँच और ऑपरेशन शिविर के आयोजन किया। अनंदा बनर्जी, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं परिचालन) काँटी ने शिविर का उद्धघाटन किया। विवेकानंद नेत्रालय रामकृष्ण सेवाश्रम, बेला मुजफ्फरपुर के तत्वाधान में आयोजित इस शिविर में कोठिया, कांटी,कलवारी, डेम्हा,पानापुर, पिपराहा, हरौना , टरमा,विशनपुर सुमेर इत्यादि गांव से लगभग 151 ग्रामीणों ने अपने आंखों का जांच कराया। जरूरतमंद लोगो को दवाई, चश्मा इत्यादि प्रदान किया गया। जिन ग्रामीणों को आंख की ऑपरेशन की जरुरत है उनका निशुल्क ऑपरेशन भी इसी माह 19 और 21 तारीख को विवेकानंद नेत्रालय रामकृष्ण सेवाश्रम के देख रेख में करवाया जायेगा। नेत्र जांच शिविर के इतर साप्ताहिक मेडिकल शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमे करीब 100 ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सम्बंधित परामर्श एवं दवाइयां दी गयी। इस अवसर पर श्री अनंदा बनर्जी ने कहा की एनटीपीसी काँटी अपने नैगमिक सामाजिक दायित्व के तहत अगल बगल के गांव में सामाजिक स्तर पर भी काफी काम कर रही है। हम अब हफ्ते में दो बार मेडिकल कैंप तो लगा ही रहे है और हमने ये नेत्र जांच शिविर भी आयोजित किया है जिससे ग्रामीण अपना निशुल्क जांच और ऑपरेशन करवा सकेंगे।

# बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज में धूमधाम से हुई मां सरस्वती की पूजा

निज संवाददाता | पटना



पुस्तकों का अध्ययन करना सबसे आसान कार्य होता है। समाज एवं अच्छी पुस्तकों के प्रति सेवा एवं समर्पण से व्यक्ति को ज्ञान प्राप्त होता है, एक अच्छा कलम, एक अच्छा पुस्तक, एक अच्छा शिक्षक जीवन को सुन्दर बना सकता है। उक्त बातें बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज, पटना में आयोजित सरस्वती पूजा समारोह में डा. अजय प्रकाश ने कही। पूजा में एक्युप्रेशर महागुरू डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, कोषाध्यक्ष वीणा प्रकाश, डॉ. एच.पी. सिंह, डॉ. हरेराम राय, गीता कुमारी, शाम्भवी प्रकाश, सर्वप्रकाश, आदित्य प्रकाश, अभव्या, जितेन्द्र कुमार, श्रुति कुमारी, सुम्मी शर्मा, डा. राजीव रंजन, डा. विकास कुमार, डॉ. भगवान तिवारी, डॉ. काजल, डॉ. मानसी, डॉ. प्रीति पोद्दार, सोनी देवी एवं शहर के सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति रही।






## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानाध्यापक की मिलीभगत से विद्यालय के सरकारी सामान का बारा न्यारा करने वाला युवक सामान सहित धराया



**पकरीबरावां।** पकरीबरावां में विद्यालय से बेंच - डेस्क बेचे जाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों की सक्रियता से इसका खुलासा हो पाया है। घटना बुधवार की सुबह की उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेघीपुर से जुड़ा है, जहां विद्यालय से लोहे के बेंच, डेस्क, गेट सहित अन्य सामानों को प्रधानाध्यापक द्वारा बेचा गया है। इससे पहले कि युवक जुगाड़ वाहन पर लोड कर सामान ले जाते, सरस्वती पूजा की तैयारी में जुटे बच्चे वहां पहुंच गए। साथ ही इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीण भी तत्काल वहां पहुंच गए। ग्रामीणों ने युवक को पकड़ते हुए सामान को रोक लिया और इसकी सूचना पकरीबरावां पुलिस को दी। पुलिस ने युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।युवक की पहचान काशीचक प्रखंड अंतर्गत सोहनपुर निवासी खाशो डोम के रूप में की गई है। वह डुमरावां में अपने बहनोई के यहां रहता है। **फिफ्टी पर हुई थी डील-** उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेघीपुर से बेंच, डेस्क एवं अन्य सामान विद्यालय के प्रधानाध्यापक नरेश प्रसाद की मिलीभगत से ले जाई जा रही थी। इसका खुलासा उक्त युवक ने स्वयं किया है। उन्होंने ग्रामीणों एवं पुलिस को बताया कि वह विद्यालय का एक कमरा किराए पर ले रखा था। प्रतिमाह एक हजार रुपए बतौर किराया देता था। उन्होंने बताया कि प्रधानाध्यापक द्वारा लोहे के बेंच, डेस्क, गेट, खिड़की आदि बेचने को कहा गया था। फिफ्टी- फिफ्टी में सौदा हुआ था। कहा गया था कि बेचकर आधा पैसा दे देना। सवाल यह है कि प्रधानाध्यापक ने विद्यालय के कमरे को किराए पर क्यों लगाया? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि विद्यालय के बेंच, डेस्क आदि को बेचने की परमिशन उन्हें कहां से मिली? इन सामानों को बेचने का प्रस्ताव विद्यालय शिक्षा समिति की बैठक में पारित करवाना था। इसके बाद ही इसे बेचना था। प्रधानाध्यापक द्वारा ऐसा कृत्य करना उनकी मनमानी को दिखाता है। ग्रामीणों के साथ ही विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष व सचिव ने प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई की मांग की है। अब देखना होगा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी इस पर क्या एक्शन लेते हैं। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रमोद कुमार झा ने बताया कि मामले की सूचना मिली है। इसकी जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन

**कौआकोल।** प्रखण्ड के गिरिजा सरस्वती शिशु मंदिर कौआकोल में बुधवार को बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा को लेकर मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधान आचार्य मुकेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल बच्चों ने अपने माता-पिता का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया। इस दौरान बच्चों और उनके माता-पिता के आंखें भर आई। चरण धोए। माता-पिता की आरती की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माता-पिता ईश्वर का प्रत्यक्ष रूप होते हैं। हमें इनकी हमेशा पूजा करनी चाहिए।

### श्रद्धाभाव से विद्या की देवी सरस्वती मां की हुई पूजा अर्चना

**नारदीगंज।** माघ वसंत पंचमी के अवसर पर नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न गांवों में बुधवार को विद्या की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की पूजा अर्चना श्रद्धा भाव से की गईं। इस अवसर पर शैक्षणिक संस्थानों के अलावा मंदिरों में मां शारदे की प्रतिमा स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चारण कर विधिवत पूजन किया गया। साथ ही लोग अपने अपने घर में भी माता सरस्वती की तस्वीर व पुस्तक की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। मौके पर श्रद्धालुओं ने उत्साह व श्रद्धा से भजन कीर्तन में तल्लीन रहे।वाद्ययंत्र पर भक्ति गाना की धुन बजने से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। छात्र व छात्राओं में काफी उत्साह रहा,बड़ी श्रद्धा से माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर उच्च शिखर तक पहुंचने की कामना की। इस बेला में माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित के बाद धूप दीप प्रज्वलित करने बाद लड्डू, केला ,सेव,शकरकंद, बैर समेत अन्य मौसमी फल को अर्पित किया, तदोपरांत प्रसाद का वितरण किया। वही नारदीगंज बाजार,ओड़ो,नारडीडीह, वलवा पर,गोतरायन समेत अन्य गांवों में सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाट्यमंचन भी आयोजित की गई है।पूजा पंडालों को भव्य व आकर्षक ढंग से सजाया गया है।इस अवसर पर बच्चे काफी उत्साहित रहे।

### फुलवामा हमले में बलिदान हुए सैनिकों को दी गई श्रद्धांजलि

**नारदीगंज।** पेंशनर भवन नारदीगंज में बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। इस अवसर पर फुलवामा हमले में 44 बलिदान हुए भारतीय सैनिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इसके पूर्व दो मिनट का मौन रहकर अश्रुपूरित नेत्रों से संवेदना व्यक्त की। कहा गया कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर श्रीनगर राष्ट्रीय मार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों ले जाने वाले सीआरपीएफ जवानों के वाहनों पर आत्मघाती हमले हुए थे, जिसमे 44 जवान की जाने चली गई थी, इतनी बड़ी घटना भारतीय जनता के लिए काफी दुखदाई व दर्दनाक हादसा कही जाती है।यह हमला जम्मू कश्मीर के फुलवामा जिले के अवंति पोरा के निकट लोकापुरा इलाके में हुआ था,पेंशनर समाज के लोगों ने वैसे वीर बलिदानी के प्रति आंसू भरे नयनों से श्रद्धांजलि अर्पित कर दुःख प्रकट कर रहे हैं।मौके पर सचिव श्रीकांत सिंह,रामशरण सिंह, कामता प्रसाद सिंह, सियाशरण दास, रघुनंदन प्रसाद,नरेश कुमार समेत अन्य शामिल रहे।

### पुलवामा के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**पकरीबरावां।** जम्मू- कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए देश के वीर जवानों को उनकी बरसी पर याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। धमौल बाजार में स्थानीय सरपंच इंद्रजीत सिन्हा, राकेश कुमार, विक्रांत कुमार, राजू हलवाई, श्रवण कुमार, दिनेश आर्य, धीरज कुमार, पंकज सिंह सहित अन्य ने शहीद के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कहा देश के जवानों पर हमें गर्व है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनकी शहादत देश हमेशा याद रखेगा।

### अनियंत्रित ट्रक पोल से टकराई, बाल- बाल बचा चालक

**पकरीबरावां।** नवादा-जमुई स्टेट हाईवे पर पकरीबरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत मेघीपुर के समीप नवादा की ओर से आ रहे बालू लोडेड ट्रक अनियंत्रित होकर ट्रांसफार्मर के पोल को तोड़ते हुए सड़क किनारे गड्ढे में कूद गई। घटना सुबह पांच बजे के आसपास की बताई जा रही है। इस दुर्घटना में ड्राइवर व खलासी बाल- बाल बच गए। घटना के समय बिजली नहीं थी, अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जाता है कि सुबह अंधेरा एवं बारिश के कारण ड्राइवर ने ट्रक से संतुलन खो दिया, जिससे ट्रक पोल को तोड़ते हुए गड्ढे में कूद गई। हालांकि ड्राइवर की तत्परता से ट्रक नहीं पलटी। इसकी सूचना मिलते ही पकरीबरावां पुलिस मौके कर पहुंच मामले की जांच की। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है।बिजली विभाग के सहायक अभियंता को सूचना दी गई है।

### अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलटा आधा दर्जन धायल

**बेगूसराय।** बखरी में अम्बेडकर चौक के समीप ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में रिक्शा सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। चिकित्सक ने सभी धायलो का इलाज कर वापस घर भेज दिया लौछे निवासी सुमित कुमार, लौछे निवासी रानी देवी ,शांति देवी व मदन कुमार, सुमन प्रसाद बुधवार कि दोपहर ई-रिक्शा में सवार होकर डरहा पुल से बखरी बाजार की तरफ आ रहे थे। अम्बेडकर चौक पहुंचने से पहले ही ई-रिक्शा के सामने बाइक सवार आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में ई-रिक्शा का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे बने गड्ढे में पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक नारायण और पांचों लोगों घायल हो गए। लोगों ने घायलों को स्थानीय नर्सिंग होम पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी हालांकि मामले में पुलिस को सुचना नहीं मिली है।

# कंपनी कार्यालय का कर्मचारी ही निकला लूट का मास्टरमाइंड, साथी सहित गिरफ्तार

निज संवाददाता। **नवादा**



जिले के वारिसलीगंज में 12 फरवरी की सुबह 2 लाख 18 हजार रुपये की लूट के मामले में पुलिस ने उदभेदन कर दिया है। पकरीवरावा एसडीपीओ महेश चौधरी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि कंपनी के सचिव समीर कुमार रिंटू, उम्र 22 वर्ष, पिता मनोज प्रसाद, ग्राम अजनवा, थाना मोहनपुर, जिला गया और जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के भुआलचक गांव के मनोज यादव के 19 वर्ष पुत्र रामनिवास कुमार छोटे को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के पास से लूट के 32 हजार रुपये और दो एंड्रॉइड मोबाइल बरामद हुआ हैं। उन्होंने बताया कि 12 फरवरी 2024 को हुई घटना के संबंध में सहायक प्रबंधक रविन कुमार, ग्राम हरली, पोस्ट लोदीपुर, थाना मुफस्सिल, जिला के आवेदन पर कांड संख्या 70/24 दर्ज किया गया था। मामले की जांच के लिए पुलिस अधीक्षक ने एसआईटी का गठन किया गया था। उन्होंने बताया कि कंपनी के सहायक समीर कुमार रिंटू से तकनीकी अनुसंधान और मानवता के आधार पर पूछताछ की गई। उसकी निशानदेही पर रामनिवास कुमार को भी पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि समीर को रुपयों की जरूरत थी, इसलिए उसने लूट की घटना को अंजाम देने की साजिश रची। इस मामले में तीसरा व्यक्ति भी शामिल था, जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि 2 लाख 13 हजार रुपए की लूट हुई थी। केस में बचे चल तीसरे शख्स की तलाश जारी है। बता दें कि जिस वक्त लूट की घटना को अंजाम दिया गया था, उस वक्त सुबह करीब 6:30 बज रहे थे और समीर वहां काम कर रहा था। तभी एक युवा ब्लैक जैकेट में डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच में ही समीर को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद आगे की कार्रवाई की गई। एसडीपीओ के अनुसार समीर वारिसलीगंज में चीनी मिल रोड स्थित एक मकान में किराए पर रहता था। जहां से 32 हजार रुपये की बरामदगी हुई। घटना के 3 दिन में ही इस घटना की सफलता से उद्भेदन करने में पुलिस सफल रही है।

## अयोध्या से आए कथावाचक प्रभंजनानंद शरण जी महाराज का किया गया स्वागत




निज संवाददाता। **रजौली**

नगर पंचायत के नीचे बाजार स्थित सुप्रसिद्ध राज शिव मंदिर के पास नवनिर्मित राज राजेश्वरी मंदिर में श्री श्री 1008 श्री मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा पाठात्मक शतचण्डी महायज्ञ में रामकथा कार्यक्रम का शुरू हो गया है। कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व यज्ञमान ने ठाकुर जी कि आरती कर कार्यक्रम का विधिवत् शुरुआत किया।

यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष ललन कंधवे ने प्रभंजनानंद शरण जी महाराज को अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किए तथा मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चंद्रवंशी मंदिर तथा यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष ललन कंधवे,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुमित सिंह और समाजसेवी नीरज सेठ, बंटी सिंह, विमल राजवंशी,अंबिका वर्मा, आनंद नटरू, अनिल प्रसाद बियो, पिंटू वर्मा,ने माला पहना कर एवं पटिका दे कर सम्मानित किये। वहीं यज्ञ कमिटी के सारे सक्रिय सदस्यों को महाराज जी ने किया सम्मानित।इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने रामकथा का लुफ्त उठाया।

## 16 फरवरी के आम हड़ताल से यातायात मुक्त रहेगा-संयुक्त ट्रेड यूनियन




निज संवाददाता। **बेगुसराय**

संयुक्त ट्रेड यूनियन और संयुक्त किसान मोर्चा तथा सेवा संगठनों के राष्ट्रीय आह्वान पर 16फरवरी के आम हड़ताल से रेल व सड़क मार्ग को बाधित नहीं करने का निर्णय संयुक्त संगनों की ओर से किया गया है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी मैट्रिक परीक्षा और छात्र-छात्राओं के भविष्य के मद्देनजर यातायात को मुक्त कर केंद्र और राज्य सरकार के अधीन संचालित सभी प्रतिष्ठानों में 16फरवरी को आम हड़ताल और ग्रामीण भारत बंद रहेगा।ग्यात हो कि राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल के तिथि की घोषणा के समय परीक्षा की तिथि घोषित नहीं थी। हड़ताल की तिथि के एक दिन पहले से परीक्षा की शुरूआत हुई। जिसको ध्यान में रखते हुए रेल-रोड सेवा को मुक्त रखने का निर्णय लिया गया। संयुक्त ट्रेड यूनियन की ओर से एटक के जिला महासचिव प्रह्लाद सिंह,सीटू के राज्य सचिव अंजनी कुमार सिंह,ऐक्टू के चन्द्रदेव वर्मा,इंटक जिलाध्यक्ष चुनचुन राय,एटक राष्ट्रीय सचिव उषा सहनी संयुक्त ट्रेड यूनियन के नेता सुरेश प्रसाद सिंह,राजेश श्रीवास्तव ने मजदूर-किसान,छात्र-युवा,मेहनतकश-बुद्धिजीवियों से अपील करते हुए कहा कि संविधान-लोकतंत्र और देश को बचाने के लिए आपकी भागीदारी आवश्यक है।

# अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई, सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों पर चला बुलडोजर

निज संवाददाता। **नवादा**



जिले में अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नारदीगंज में भी प्रशासन ने कड़ा रूख अपनाते हुए अतिक्रमण हटाया। प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर लोगों में काफी आक्रोश देखा गया। अतिक्रमणकारियों में आक्रोशः- मिली जानकारी के अनुसार, जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र के सहजपुरा गांव में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। प्रशासन की तरफ से अतिक्रमण कर बनाए गए मकानों पर बुलडोजर चलाकर उसे तोड़ दिया गया है जिसके बाद से अतिक्रमणकारियों में आक्रोश देखा गया। बताया जा रहा कि यहां की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर मकान बनाया गया था, जिसे तोड़कर अतिक्रमण हटाने का कार्य मंगलवार को किया गया। कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाईः- इस दौरान बुलडोजर मशीन से मकान और चाहरदीवारी को तोड़ने का कार्य किया गया। बताया जा रहा कि उच्च न्यायालय के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है. इस दौरान भारी पुलिस बल को तैनात किया गया था साथ ही चौक-चौबंद के पूरे इंतजाम किए गए थे। **अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरूः -** मौके पर प्रभारी सीओ सह राजस्व पदाधिकारी अर्चना कुमारी, थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद समेत अन्य पदाधिकारी और काफी संख्या में पुलिस बल तैनात दिखें. जिसके बाद प्रभारी सीओ सह राजस्व पदाधिकारी ने उच्च न्यायालय के आदेश पर अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया। इसके पूर्व भेजा गया था नोटिसः- बता दें कि इस गांव के लोग सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर मकान और चाहरदीवारी का निर्माण कर रह रहे थे, जिसमे चार प्लॉट में 20 लोग सरकारी भूमि को अतिक्रमण कर मकान और चहारदीवारी बनाकर कब्जा जमा लिए थे। सभी लोगों को नोटिस भी भेजा गया था, लेकिन उसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया. इसके बाद पुलिस ने मामले को अपने हाथ में लिया और दलबल के साथ मौके पर पहुंची और अतिक्रमण हटाने का कार्य शरू हुआ। "उच्च न्यायालय के आदेश पर हमने अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। सहजपुरा गांव के लोग सरकार जमीन पर कब्जा किए हुए थे। उन्हें अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस भी भेजा गया था, लेकिन उन्होंने इस बात को अनदेखा कर दिया। जिसके बाद दल बल के साथ उन्हें हटाया जा रहा है। सहजपुरा गांव जब तक अतिक्रमण मुक्त नहीं होगा, हम लोगों द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाता रहेगा." - अर्चना कुमारी, राजस्व पदाधिकारी पदाधिकारी।

## बारिश से तिलहन व दलहन समेत रबी फसल को हुई नुकसान

# बेमौसम बरसात से किसानों की बढ़ी चिंता

निज संवाददाता। **रजौली**



नगर पंचायत रजौली समेत प्रखंड क्षेत्र में बुधवार की सुबह से कभी हल्की तो कभी तेज बारिश हुई। ऐसे में किसानों की बढ़ी चिंता एवं व्यापारियों के व्यवसाय समेत जगह-जगह पर हो रही पूजा के आयोजन भी फीका रहा।कुल मिलाकर मंगलवार की शाम से शुरू हुई बुधवार के पूरे दिन झमाझम बारिश ने रबी फसल की बेहतर उपज की उम्मीदों को धोकर रख दिया है। बारिश के साथ तेज हवा चली जिसके कारण सभी फसल झुक गए हैं। इससे उत्पादन में भारी गिरावट हो सकती है।साथ हीं मिट्टी गीली होने से फसल का नुकसान होगा।इससे पौधों में गलन व सड़न उत्पन्न होगी।अचानक से मौसम में बदलाव से खेतों में लगे दलहन-तेलहन फसलों को भारी नुकसान होने को लेकर किसान चिंतित हैं। मौसम के अचानक बदले रूख से चना समेत रबी की फसलों को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है। बुधवार को पूरे दिन से रुक-रुककर हो रही बारिश से किसानों में फसलों की सुरक्षा को लेकर चिंता है। यदि जल्द मौसम साफ नहीं हुआ तो किसानों की मुसीबत बढ़ सकती है। यही नहीं कृषि वैज्ञानिक ने मौसम साफ होने पर कुछ फसलों में फफूंदी व लाही रोग लगने की भी आशंका जताई है। ऐसे में किसानों सजग रहकर फसलों की सुरक्षा करने की भी हिदायत दी गई है। वैज्ञानिकों के अनुसार तेरह से पंद्रह फरवरी तक बारिश के साथ साथ मेघ गर्जन एवं बज्रपात की भी संभावना जताई गई है। ऐसा होने पर किसान खेतों में नहीं जायें अन्यथा दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं। बेमौसम बारिश के चलते चना, मटर, मसूर एवं सरसों का विकास रुकने के साथ ही फूल एवं फल गिरने की आशंका है। इसके अलावा सब्जियों को भी नुकसान हो सकता है।किसान छोटेलाल सिंह , चंद्रशेखर सिंह, बिनय सिंह, अरबिंद सिह, रंजीत सिंह आदि किसानों ने बताया कि फूल निकल चुके सरसों, चना, मसूर एवं अरहर के फसल को सबसे अधिक नुकसान है। बारिश की बूंदों से इनके फूल झड़ जाएंगे। जिससे उपज प्रभावित होगी और किसानों के मेहनत पर पानी फिर जाएगा। वहीं अगात लगी सरसों के फसल में फल आ चुके हैं जिसके लिए भी बारिश काफी नुकसानदेह साबित होगी। हालांकि गेहूं फसल को ज्यादा नुकसान नहीं होगा लेकिन वैसे किसान जिन्होंने हाल फिलहाल में दूसरी पटवन की है और अचानक बारिश होने लगी है। वैसे किसानों की चिंता बढ़ गई है।मौसम के बदले रूख को देखकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। इससे पैदावार पर असर पड़ सकता है। कई किसान ऐसे हैं जिन्होंने कर्ज लेकर खेती की है। उनकी लागत भी नहीं निकलेगी।वहीं तेज हवा के साथ बारिश शुरू होने से ठंड बढ़ने के कारण एक बार फिर लोग घर में दुबक कर रहने के लिए मजबूर हो गए हैं।

## बाइक रोक कर युवक के साथ किया जमकर मारपीट,अस्पताल में भर्ती



निज संवाददाता। **रजौली**

थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव में मंगलवार की देर शाम बाइक सवार युवक के साथ कुछ लोगों ने आपसी विवाद के कारण जमकर मारपीट किया।जिससे युवक बुरी तरह से घायल हो गया।परिजनों के सहयोग से आनन-फानन में युवक को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां ड्यूटी में रहे चिकित्सक सतीश चंद्र सिन्हा ने घायल अवस्था में युवक का प्राथमिक उपचार किया।चिकित्सक घायल युवक की पहचान भगवानपुर गांव निवासी सुनील प्रसाद के 25 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है।वहीं घायल युवक के परिजन ने बताया कि सोनू कुमार किसी कारण से रजौली से अपने घर जा रहा था।इसी दौरान भगवानपुर मोड़ के समीप पहले से घात लगाए हुए भगवानपुर गांव के ही बलम यादव के पुत्र सूरज कुमार,बलजीत यादव के पुत्र छोटेलाल कुमार एवं अजय प्रसाद के पुत्र रोशन कुमार ने बाइक रोककर तू-तू,मैं-मैं करने लगा और उसके बाद जमकर युवक के साथ मारपीट किया।जिससे युवक घायल होकर सड़क पर गिर गया।वहीं घटना की सूचना मिलने पर थाना से पुलिस बल भी अस्पताल पहुंचे एवं घटना की जानकारी ली।परिजनों द्वारा थाने को लिखित आवेदन देकर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है।

## नवादा स्टेशन पर जसीडीह-पुणे एक्सप्रेस के ठहराव की स्वीकृति पर जताया ख़ुशी

निज संवाददाता। **नवादा**

पूर्व मध्य रेलवे के किऊल-गया रेलखंड अंतर्गत नवादा स्टेशन पर जसीडीह-पुणे एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव जल्द शुरू होना तय हो गया है. रेल मंत्रालय ने इसकी सहमति दे दी है. आगे की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है. गौरतलब है कि भाजपा के राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर ने विगत दिनों रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर नवादा स्टेशन पर जसीडीह-पुणे साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव का आग्रह किया था. जिसपर रेल मंत्रालय ने सहमति दे दी है. इसकी सूचना रेल मंत्रालय ने सांसद विवेक ठाकुर को फोन पर दी है. विवेक ठाकुर ने दानापुर रेल मंडल प्रबंधक से बात कर मंत्रालय द्वारा दिए गए सहमति के मुताबिक नवादा स्टेशन पर जसीडीह-पुणे साप्ताहिक ट्रेन के ठहराव को जल्द बहाल करने को कहा. भाजपा सांसद विवेक ठाकुर ने नवादा की जनता की मांग को संवेदनशीलता तथा तत्परता के साथ पूरा करने के लिए रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया. नवादा की जनता की इस महत्वपूर्ण मांग को पूरा करने पर रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव एवं राज्य सभा सांसद विवेक ठाकुर को भाजपा ज़िलाध्यक्ष अनिल मेहता, विधायक अरुणा देवी, पूर्व विधायक अनिल सिंह, निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना, जिला लोकसभा संयोजक विनय कुमार, जिला पालक डा. विमल प्रसाद सिंह, पूर्व जिला पार्षद अखिलेश सिंह, युवा नेता श्रवण सिंह, जिला महामंत्री शैलेंद्र शर्मा तथा विजय पांडेय ने बधाई दी है.

# नियोजित शिक्षकों पर की जा रही दमनकारी नीति के खिलाफ सड़क पर उतरेंगे शिक्षक

निज संवाददाता। **वारिसलीगंज**



बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष बृजनंदन शर्मा ने गर्दनीबाग पटना में महिला शिक्षिकाओं पर बर्बरता पूर्वक हुए लाठी चार्ज को सरकार की कायरता का परिचायक बताया और इनके आवाह्न पर बिहार के सभी जिलों एवं प्रखंड स्तर पर प्रेस कांफ्रेंस किया जाना सुनिश्चित किया गया। प्राथमिक शिक्षक संघ भवन में प्रेस कांफ्रेंस की गई जिसमें बिहार सरकार के द्वारा स्थानीय निकाय में नियुक्त शिक्षकों का सक्षमता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भरपूर आलोचना की गई तथा सरकार से मांग की गई कि बगैर परीक्षा लिए राज्य के शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया जाए। पूर्व में भी कई बार संघ द्वारा सरकार एवं विभाग को पत्र लिखा गया फिर भी सरकार के द्वारा लगातार हमारी मांगों को नजरअंदाज किया गया । इस क्रम में निर्णय लिया गया कि विधानसभा के समक्ष दिनांक विधान सभा सत्र के दौरान 16 फरवरी 2024 को भूख हड़ताल का आयोजन गर्दनीबाग, पटना में किया जाएगा जिसमें राज्यभर से आए शिक्षक मुंह पर काली पट्टी बांधकर भूख हड़ताल पर बैठेंगे । बैठक में मुख्य रूप से बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ नवादा के जिला महासचिव ललितेश्वर शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष सह राज्य कार्यकारिणी समिति के सदस्य शंभू प्रसाद सिंह, प्रखण्ड सचिव राजेश कुमार, अखिल भारतीय शैक्षिक संस्थान (आईफा) नई दिल्ली के सदस्य जयंत कुमार, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरविंद कुमार, रंजीत कुमार कार्यकारी अध्यक्ष मुन्ना कुमार,महेश्वरी सिंह, कंचन कुमार, रामाशीश कुमार सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित हुए। कांफ्रेंस की अध्यक्षता कर रहे शंभू प्रसाद सिंह ने कहा कि सरकार जब कभी भी शिक्षकों को अपमानित करने का एवं हकमारी करने का काम करती रही है हमारा संघ अपने शिक्षकों के संघर्ष के बदौलत सरकार को घुटने टेकने के लिए मजबूर करता रहा है। इस बार भी सरकार को झुकना ही होगा और स्थानीय निकाय द्वारा नियुक्त शिक्षकों को बिना परीक्षा दिए बिना शर्त के राजकर्मी का दर्जा देना ही होगा।

सुबह 6 बजे से बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक, 8.30 तक परीक्षा केंद्र पहुंच जाएं परीक्षार्थी

# सासाराम से गुजरेगी राहुल गांधी की यात्रा तैयारी को लेकर डीएम ने की बैठक



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** राहुल गांधी 15 फरवरी को रोहतास में एंट्री कर रहे हैं। 16 फरवरी को रोहतास में न्याय यात्रा के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बुधवार को डीआरडीए सभागार, समाहरणालय सासाराम में डीएम की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि राहुल गांधी का डिहरी में 15 फरवरी 2024 को सड़क मार्ग से आगमन होगा। इसके बाद जमुहार में रात्रि विश्राम किया जाएगा। 16 फरवरी को पूर्वाहन 9 बजे सड़क मार्ग द्वारा पुरानी जीटी रोड से होते हुए सासाराम होते हुए टोल प्लाजा से होकर खुरमाबाद के नजदीक एक सभा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद सड़क मार्ग द्वारा कैमूर में प्रवेश किया जाएगा। डीएम और एसपी द्वारा कार्यक्रम के संयोजक से पूरे कार्यक्रम का विस्तृत विवरण प्राप्त किया गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से संवेदनशील स्थलों का चयन किया गया। बैरिकेडिंग और दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी के प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया गया।

16 फरवरी 2024 को 6.00 बजे से सासाराम में माल वाहक वाहनों का प्रवेश निषेध किया जाएगा। बताया कि मैट्रिक परीक्षार्थियों का वाहन 8.30 तक शहर में पहुंच जाए। इससे परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कोई परेशानी नहीं हो। डेहरी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और सासाराम अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया गया। बैठक में एसपी विनित कुमार, अपर समाहर्ता सह अपर दंडाधिकारी, उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्ता विशेष कार्यक्रम, एसडीएम डेहरी, एसडीएम सासाराम, एसडीपीओ डेहरी, एसडीपीओ सासाराम, डीटीओ, डीपीआरओ, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी सम्मिलित रहे। बैठक में राहुल गांधी की यात्रा के संयोजक आशीष और कांग्रेस पार्टी के अन्य प्रतिनिधि गण भी सम्मिलित रहे।

## 16 फरवरी को कैमूर आएंगे राहुल गांधी

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** 16 फरवरी को कैमूर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का आगमन है। इसको लेकर तैयारियां पूरी की जा रही है। राहुल गांधी कैमूर के कुदरा में प्रवेश करेंगे और दुर्गावती के धनेछा में सभा को संबोधित करेंगे। इसको लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अंशुल अभिजीत कैमूर जिले के मोहनिया पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों से वार्ता के दौरान बताया कि अगर कांग्रेस की सरकार बनती है तो एमएसपी लागू किया जाएगा। सरकार नीति आयोग के माध्यम से गलत आंकड़े पेश कर लोगों को गुमराह कर रही है। 26 करोड़ 80 लाख लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया, यह गलत रिपोर्ट है। जब सरकार ने नोटबंदी की, जीएसटी लागू किया, कोरोना काल आया, वैसे हालत में लोगों को गरीबी रेखा से कैसे उठाया गया। सरकार पूरी तरह गुमराह कर रही है। अंशुल अभिजीत ने बताया कि 16 फरवरी को भारत जोड़ो यात्रा के तहत कैमूर में राहुल गांधी का आगमन है।

यह न्याय यात्रा 10 राज्यों के 75 जिलों का दौरा कर रही है। इसका उद्देश्य है सामाजिक न्याय कैसे हो कि मुल्क और देश विकसित हो। आर्थिक विषमताएं बेरोजगारी और महंगाई का सामना कैसे किया जाए। केंद्र सरकार 10 साल से यहां बैठी है न कोई उनकी आर्थिक नीति है, न कोई सामाजिक न्याय है। अगर हम सामाजिक न्याय की बात करते हैं, जातिगत जनगणना की बात करते हैं तो उनको समझ में नहीं आता है कि वह क्या बोलेंगे। नीति आयोग का आंकड़ा बता रहा है कि 24 करोड़ 80 लाख लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे। लेकिन मैं यह पूछना चाहता हूं कि नोटबंदी, जीएसटी रूल आउट, लॉकडाउन, बेरोजगारी और कोरोना महामारी के बाद जब सब घर की बचत चली गई इलाज में उसके बाद गरीबी कैसे खत्म हो सकती है। मुझे यह दिखाई नहीं देता। गुमराह करने की सरकार की यह तरकीब है। इस न्याय यात्रा से सरकार घबरा गई है।

# ऑटो-बाइक की भीषण टक्कर, दो युवकों की मौत, छह लोग घायल



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के चेनारी कुदरा स्टेट हाईवे पर चहबचा गांव के पास बुधवार को बाइक और ऑटो की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन घायलों का इलाज चल रहा है। बता दें कि एक बाइक सवार की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि दूसरे का इलाज के क्रम में मौत हो गया है। मृतक की पहचान चेनारी थाना क्षेत्र अंतर्गत करणपुरा गांव निवासी जितेंद्र पांडे का बेटा बिट्टू पांडे(18) के रूप में की गई है। जबकि दूसरा मृतक चेनारी थाना क्षेत्र के करणपुरा गांव निवासी शिवकुमार का बेटा दिलीप कुमार बताया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑटो में सवार लोग गुप्ताधाम से दर्शन कर वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। इसमें बाइक चालक की मौत हो गई।

घायलों में ऑटो सवार यूपी के मिर्जापुर जिले के लोग भी शामिल हैं। सीएचसी में प्राथमिक उपचार कर रहे डॉक्टर आदित्य सुमन ने बताया कि तीन लोगों की हालत काफी गंभीर थी। जिन्हें प्राथमिक उपचार करने के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जिनमें चेनारी थाना क्षेत्र के करणपुरा गांव निवासी शिवकुमार का बेटा दिलीप कुमार और वीरेंद्र राय का बेटा सुजीत कुमार को गंभीर अवस्था में सदर हॉस्पिटल सासाराम रेफर किया गया है। जबकि उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर के जमालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सरेख गांव निवासी कल्लू बिंद का बेटा सोमारू बिंद को भी रेफर कर दिया गया है। जिसमें दिलीप कुमार की मौत सासाराम में इलाज के क्रम में हो गई है। जबकि मामूली रूप से घायल उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर के कुलड़िनिया गांव निवासी राजेश कुमार की पत्नी लालमणि देवी(42), मल्लू प्रसाद का बेटा जितेंद्र कुमार(30) और रामदयाल का बेटा महेश कुमार का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। चेनारी थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक की मौत मौके पर ही हो गई। जिसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सासाराम भेज दिया गया है। जबकि दूसरे की मौत की सूचना इलाज के दौरान हो गई है।

## पुलिस ने 76 पीस शराब के साथ दो धंधेबाजों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

**रामपुर(कैमूर)।** बेलांव थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर 76 पीस देसी मसालेदार शराब के साथ मंगलवार को देर शाम दो धंधेबाजों को बेलांव काली मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में सोनहन थाना क्षेत्र मिरियां गांव के अखिलेश कुमार राम व सर्वजीत कुमार शामिल हैं। बेलांव थाने के दारोगा अमितेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त जानकारी मिली कि दो लोग शराब लेकर बेचने के लिए ले जा रहे हैं। थानाध्यक्ष अनीश कुमार ने सूचना की पुष्टि कर पुलिस टीम के साथ निकले। बेलांव के काली मंदिर के पास दो लोग संदिग्ध अवस्था में दिखे। पुलिस पर उनकी नजर पड़ी तो वह घबड़ा गए। बिना देर किए उन्हें पकड़ लिया गया। उनके पास से 76 पीस देसी मसालेदार शराब मिली। उनसे अन्य शराब कारोबारियों के बारे में जानकारी मिली है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। अखिलेश व सर्वजीत पर केस दर्ज कर उन्हें कोर्ट के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें बुधवार को जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में दारोगा श्याम सुंदर प्रसाद सहित कई जवान थे।

## बरनी पूजा के साथ मुंडेश्वरी में शतचंडी महायज्ञ शुरू

निज संवाददाता

**भगवानपुर (कैमूर)।** प्रखंड के मुंडेश्वरी धाम परिसर स्थित यज्ञशाला में बसंत पंचमी पर मां मुंडेश्वरी संस्कृति संस्थान द्वारा बुधवार से शतचंडी महायज्ञ शुरू किया गया। इसके पहले ध्वज, बरनी पूजन के बाद यज्ञ मंडप में विद्वानों का प्रवेश कराया गया। यज्ञशाला परिसर में बनी वेदी के पास विद्वानों द्वारा पूजा-पाठ शुरू किया गया। हालांकि बारिश होने के कारण यज्ञ के प्रथम दिन श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा नहीं जुटी। लेकिन, महायज्ञ की आयोजन समिति के लोग थे। इस वर्ष 44वां यज्ञ महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसकी शुरुआत मां मुंडेश्वरी संस्कृति संस्थान के अध्यक्ष पंडित राजमोहन उपाध्याय ने शुरू कराई थी। उनके बाद उनकी धर्मपत्नी भगवती उपाध्याय की देखरेख में नौ दिवसीय सहस्त्रचंडी महायज्ञ किया जाता रहा। इस वर्ष इनके पुत्र डब्बू उपाध्याय व नागेश उपाध्याय की देखरेख में यज्ञ शुरू हुआ है। मुख्य यजमान जगदंबा प्रसाद व आचार्य गोपाल उपाध्याय हैं। हालांकि बारिश समाप्त होने के बाद दूर-दराज के श्रद्धालु यज्ञ में भाग लेने के लिए पहुंचते हैं।

## शराब के साथ महिला सहित तीन लोग गिरफ्तार

- न्यायालय में पेश करने पर उन्हें भेज दिया गया न्यायिक हिरासत में

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** उत्पाद विभाग की पुलिस ने 200 लीटर से ज्यादा शराब के साथ महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में पटना के शाहपुर गांव निवासी मुनेश्वर उपाध्याय के पुत्र धीरज कुमार उपाध्याय, धर्मवीर राय के पुत्र रोहित कुमार तथा समस्तीपुर जिला के हसनपुर थाना क्षेत्र के हसनपुर निवासी सुधीर राय की 55 वर्षीया पत्नी हर्षलता देवी शामिल हैं। सभी यूपी से शराब लेकर कैमूर में आ रहे थे। जांच के दौरान गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। न्यायालय में पेश करने पर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उत्पाद विभाग के निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि 182 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ खामिदौरा मोड़ के पास से धीरज व रोहित को गुप्त सूचना के आधार पर जांच के दौरान पकड़ा गया। वह कार से यूपी से अंग्रेजी शराब लेकर आ रहे थे। उत्पाद विभाग की एसआई लवली कुमारी ने बताया कि यूपी से आ रही एक बस को रोकवा कर जांच की गई। इस दौरान हर्षलता के झोला से 35 पीस अंग्रेजी शराब मिली।

## छापेमारी कर पुलिस ने हेरोइन के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** जिले की सोनहन थाने की पुलिस ने रुद्रवारकला गांव में छापेमारी कर 3.740 मिलीग्राम हेरोइन के साथ एक तस्कर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बाबूलाल राम सोनहन थाना क्षेत्र के रूद्रवार कला गांव का निवासी है। थानाध्यक्ष ओम प्रकाश के नेतृत्व में गयी पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस को गुप्ता सूचना मिली थी कि बाबूलाल हेरोइन बेचने का धंधा कर रहा है। उसके खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कर उससे पूछताछ की गई। पुलिस को उसने हेरोइन बिक्री के धंधे में लगे कई लोगों के नामों का खुलासा किया है।

पुलिस तस्करों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इलाके में हेरोइन बिक्री के कारोबार में जुड़े अन्य तस्करों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा है। लेकिन, यह धंधा थम नहीं रहा है।

## बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस का हरनौत स्टेशन पर तथा राजगीर-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का नालन्दा स्टेशन पर ठहराव

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 14223/14224 राजगीर-वाराणसी-राजगीर बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस का हरनौत स्टेशन पर तथा 13233/13234 राजगीर- दानापुर-राजगीर इंटरसिटी एक्सप्रेस का नालन्दा स्टेषन पर प्रायौगिक तौर पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है। 16.02.2024 से गाड़ी सं. 14223 राजगीर-वाराणसी बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस 22.19 बजे हरनौत स्टेशन पहुंचेगी और 22.21 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह 17.02.2024 से गाड़ी सं. 14224 वाराणसी-राजगीर बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस 04.24 बजे हरनौत स्टेशन पहुंचेगी और 04.26 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। 16.02.2024 से गाड़ी सं. 13233 राजगीर-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस 16.48 बजे नालन्दा स्टेशन पहुंचेगी और 16.50 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह दिनांक 17.02.2024 से गाड़ी सं. 13234 दानापुर-राजगीर इंटरसिटी एक्सप्रेस 09.43 बजे नालन्दा स्टेशन पहुंचेगी और 09.45 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन नालन्दा स्टेषन पर ठहराव दिये जाने के कारण गाड़ी सं. 13233 राजगीर-दानापुर इंटरसिटी का पावापुरी रोड, बिहार शरीफ तथा वेना स्टेशनों पर ठहराव समय में संषोधन किया गया है। अब गाड़ी सं. 13233 राजगीर-दानापुर इंटरसिटी संषोधित समयानुसार 16.57/16.59 बजे पावापुरी रोड, 17.06/17.08 बजे बिहार शरीफ तथा 17.20/17.22 बजे वेना स्टेशनों पर रूकते हुए आगे प्रस्थान करेगी।

## बांद्रा टर्मिनस-बरौनी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस का पश्चिम मध्य रेलवे के मोरक स्टेशन पर ठहराव

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 19037/19038 बांद्रा-बरौनी-बांद्रा एक्सप्रेस का पष्चिम मध्य रेलवे के मोरक स्टेशन पर दिनांक 14.02.2024 से 11.08.2024 तक छः माह के लिए प्रायौगिक तौर पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है। 14.02.2024 से गाड़ी सं. 19037 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी एक्सप्रेस 11.18 बजे मोरक स्टेशन पहुंचेगी और 11.20 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह गाड़ी सं. 19038 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 13.03 बजे मोरक स्टेषन पहुंचेगी और 13.05 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

## बारिश के बाद जलजमाव से यात्री परेशान

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** कैमूर में दो दिनों से थम-थमकर हो रही बारिश ने जन-जीवन को प्रभावित किया है। उत्तरी सीमा पर स्थित अखलासपुर अंतरराज्यीय बस पड़ाव में जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। पूरबी प्रवेश द्वार से जैसे ही बस पड़ाव में जाएंगे जलजमाव का नजारा दिखेगा। परिसर में जमा वर्षा के पानी के उपर गंदगी तैर रही है, जिससे होकर जाने में यात्रियों का मन भन्ना जा रहा है। तब यात्रियों को निकास द्वार से बस में सवार होने के लिए जाना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि बस पड़ाव की नाली की सफाई नहीं कराए जाने से पानी की निकासी नहीं हो रही है और ओवरफ्लो कर बह रहा है। झाड़ू नहीं लगाए जाने से जगह-जगह कचरा पसरा है। जब बारिश हुई तो कचरा पानी के उपर तैर रहे हैं।

## जिले के 213 दिव्यांगों को मिली ट्राइसाइकिल

निज संवाददाता



भभुआ (कैमूर)। कैमूर के 213 दिव्यांगों को बैटरी चालित ट्राई साइकिल दिया जा चुका है। बता दें कि मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना के अंतर्गत संचालित संबल योजना के तहत दिव्यांगों को बैटरी चालित ट्राई साइकिल का लाभ दिया जा रहा है। योजना के लाभ के लिए जिले के सभी प्रखंडों से 425 दिव्यांगों ने आवेदन किया था। जिसमें 238 आवेदनों को स्वीकृति दी गई जिसमें अब तक 213 दिव्यांगों को बैटरी ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई है। रोजगार करने वाले दिव्यांग और दिव्यांग छात्रों को बैटरी चलित ट्राई साइकिल का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा अतुल कुमारी ने बताया कि मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना के अंतर्गत संबल योजना के तहत दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राई साइकिल का निशुल्क वितरण किया जाना है। विभागीय स्तर से दिव्यांगजनों व उनके संबंधियो को विभागीय वेबसाइट पर आवेदन ऑनलाइन करना है। आवेदन के साथ आधार कार्ड,सक्षम स्तर से निर्गत आय प्रमाण पत्र,आवासीय प्रमाण पत्र, महाविद्यालय, विश्वविद ्यालय का आईडी कार्ड, रोजगार, व्यवसाय संबंधित प्रमाण पत्र, मान्यता प्राप्त दिव्यांग का प्रमाण पत्र एवं फोटो आदि संलग्न करना अनिवार्य था। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण क्षेत्र योजना के अंतर्गत रोजगार करने वाले और दिव्यांग छात्रों को योजना के चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। इस योजना के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिला एवं पुरुष दिव्यांगों को विभाग के निर्धारित प्रक्रिया और मापदंड के अनुसार चयन होगा। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना के अंतर्गत लाभुकों को बैटरी चालित लेगी। योजना से चयनित दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण किया जा रहा है।

## माले कार्यकर्ताओं ने निकाला जुलूस

निज संवाददाता




**सासाराम (रोहतास)।** भाकपा-माले के विधायक मनोज मंजिल समेत 22 कार्यकर्ताओं को हत्या मामले में उम्रकैद की सजा मिलने के बाद बुधवार को पार्टी ने राज्यभर में विरोध दिवस मनाया। इस क्रम रोहतास जिला मुख्यालय में हो रही बूंदा-बादी के बीच माले कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला और नारेबाजी करते हुए पोस्ट ऑफिस चौक पहुंचे। पोस्ट ऑफिस चौक पर जम कर नारेबाजी की, इसके कारण वहां जाम की स्थिति बनने लगी, तो पुलिस ने इन्हें हटा दिया। मौके पर माले कार्यकर्ताओं ने कहा कि इंसाफ की लड़ाई जारी रखेंगे। विधायक और अन्य कार्यकर्ताओं को इंसाफ मिलेगा। बता दें कि भाकपा. माले के अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के विधायक मनोज मंजिल को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने मंगलवार को भोजपुर जिले के अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव के किसान जय प्रकाश सिंह की हत्या के मामले में विधायक समेत 23 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। आरोप सिद्ध होने के बाद माले विधायक को आरा कोर्ट से ही गिरफ्तार कर आरा मंडल कारा भेज दिया गया है। सजा सुनाए जाने के बाद मनोज मंजिल की विधानसभा सदस्यता समाप्त हो सकती है। इसी को ले पार्टी ने राजनीतिक मुद्दा बना लिया है और राज्य में विरोध दिवस मनाया।

## टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** सदर अस्पताल स्थित जिला प्रतिरक्षण कार्यालय में टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान युनिसेफ के एसएमसी अब्दुल खालिक ने बताया कि नियमित टीकाकरण बच्चों के लिए जरूरी है। क्योंकि 5 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए कई ऐसी बीमारियां है जो उनके लिए जानलेवा साबित होती है और टीका उनका पूर्ण प्रतिरक्षण करता है। उन्होंने बताया कि जन्म से 24 घंटे के भीतर बच्चों को टीबी, पोलियो एवं हेपेटाइटिस बी से बचने के लिए बीसीजी,ओपीजी एवं हेपेटाइटिस बी का खुराक दिया जाता है। डेढ़ महीने पर डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस, पीलिया तथा पोलियो से बचाव के लिए डीपीटी 1, हेपेटाइटिस बी 1, तथा बोपीजी 1 की खुराक दी जाती है। ढाई माह पर डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस, पीलिया तथा पोलियो से बचाव के लिए डीपीटी, हेपेटाइटिस बी तथा ओपीजी का दूसरा खुराक दिया जाता है। वही साढ़े तीन माह पर डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस, पीलिया तथा पोलियो से बचाव के लिए डीपीटी, हेपेटाइटिस बी तथा ओपीजी का तीसरा खुराक दिया जाता है। 9 से 12 माह तक के बच्चों को खसरे का टीका प्रथम खुराक एवं विटामिन ए की प्रथम खुराक दी जाती है। 16 से 24 माह के भीतर डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस तथा पोलियो से बचने के लिए टीपीटी प्रथम बूस्टर तथा पोलियो का बूस्टर टीका दिया जाता है। 16 से 24 मा पर खसरे का द्वितीय खुराक भीं दिया जाता है। 16 माह से 5 वर्ष तक के बालक को विटामिन ए की दूसरी से नौवीं खुराक जो 6-6 माह के अंतराल पर दिया जाता है। 5 वर्ष से लेकर 7 वर्ष की उम्र में बच्चों को डीपीटी का बूस्टर डोज दिया जाता है। वही 10 से 16 वर्ष के किशोर एम किशोरियों को टिटनेस और डिप्थीरिया का टीका दिया जाता है। एसएमसी ने बताया कि जन्म से 9 महीना पर बच्चे को यदि सभी खुराक पड़ जाए तो उसे पूर्ण प्रतिरक्षित माना जाता है।

## अज्ञात चोरों ने घर के लॉकर को तोड़कर की लाखों रुपए के आभूषण की चोरी

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** शहर के वार्ड 18 स्थित एक घर के लॉकर को तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए के आभूषण की चोरी कर ली। उक्त मामले में वार्ड 18 निवासी पप्पू प्रसाद केशरी ने नगर थाना में एफआईआर दर्ज करायी है। दर्ज कराए गए मुकदमा में कहा गया है कि 12 जनवरी को दिन में उनके घर के लॉकर का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने की नथिया, सोने की हार, सोने की बाली, सोने की तीन अंगंठी व कान की दो बाली, मांगटीका सहित अन्य समान गायब कर दिया गया। नगर थाने की पुलिस मामले की एफआईआर दर्ज कर जांच करते हुए कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## सड़क हादसे में युवक घायल

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** शहर के एकता चौक पर ऑटो के धक्के से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल शहर के वार्ड 10 निवासी असलम राइन को सदर अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर द्वारा उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजन उसे लेकर बनारस चले गए। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने ऑटो को जब्त कर चालक राजू कुमार अखलासपुर निवासी को शराब के नशे में गिरफ्तार किया।

## धूमधाम से मनाई गई सरस्वती पूजा



निज संवाददाता

**जहानाबाद।** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर सरस्वती पूजा जिले में धूमधाम से मनाया जा रहा है। सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय एवं कोचिंग संस्थानों में सरस्वती मां की प्रतिमा को स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। इस पूजा को लेकर बच्चे काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। गुलाब-अबीर लगाकर लोगों को शुभकामना दे रहे हैं। पंडित पवन मिश्रा ने बताया कि मां सरस्वती ज्ञान देने वाली हैं। सरस्वती के पूजा अर्चना करने से लोगों में बुद्धि आती है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में बच्चे माता की पूजा कर विद्या की मांग करते हैं। मां सरस्वती ही इस संसार में सभी को विद्या देती है। कहा जाता है कि जिसके जिभा पर सरस्वती विराजमान होती हैं, वह ज्ञानी पुरुष होता है। और जो पुरुष ज्ञानी होता है।

**सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र**
**(संस्कृति मंत्रालय , भारत सरकार)**
**15 ए, सेक्टर -7, द्वारका, नई दिल्ली -110075**

**विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्ति प्रदान करने की योजना**

सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारतीय शास्त्रीय संगीत, भारतीय शास्त्रीय नृत्य, उपशास्त्रीय संगीत, नाट्यकला, रूपंकर व लोक कला, पारम्परिक व आदिवासी कला में अद्वितीय-प्रतिभाशाली युवा कलाकारों से **ऑफलाइन** आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

कृपया ध्यान दें, आवेदन-पत्र वर्ष 2022-23 के लिए आमंत्रित किए जा रहे हैं, जो **15 फरवरी, 2024** से प्रभावी होंगे। इस वर्ष दी जाने वाली छात्रवृत्तियों की संख्या 400 है। योजना का विवरण आवेदकों हेतु निर्देश, योग्यता एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र का स्वरूप भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र की निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध है :-

www.indiaculture.nic.in;
www.ccrtindia.gov.in

आवेदन – पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **31 मार्च, 2024** है।
आवेदन पत्र सिर्फ **ऑफ – लाईन** माध्यम द्वारा स्वीकार किए जायेंगे।

CBC 09127/12/0012/2324

## संक्षिप्त समाचार

### नवनिर्मित घर में असामाजिक तत्वों ने की तोड़फोड़ःमकान में आज होने वाला था स्कूल का उद्घाटन, लाखों रुपए की क्षति

**गया**। नव निर्मित घर में घुसकर असामाजिक तत्वों ने उत्पात मचाया। पानी की टंकी, पाइप, इलेक्ट्रिक वायरिंग को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। छत को भी जगह-जगह से तोड़ दिया। नंद पूरी कॉलोनी मैला खाद्य गया-पटना रोड निवासी पीड़ित राजेश कुमार ने कहा कि मेरा चंदौती के प्रेतशिला रोड में बड़की इमली के पास एक नवनिर्मित मकान है। इस मकान को बैरागी के रहने वाले प्रिंस कुमार को किराए पर दिए हैं। प्रिंस ने स्कूल संचालित करने के लिए मकान लिया था। जिसका उद्घाटन आज 14 फरवरी को होना था, लेकिन इससे पहले ही असामाजिक तत्वों ने घर में घुसकर उत्पात मचाया और तोड़फोड़ की। उन्होंने ने बताया कि उस मोहल्ले से मुझे किसी ने फोन किया कि आपके घर से बहुत तरह-तरह की आवाज आ रही है। जानकारी मिलते ही मैं गया तो देखा घर में सब टूटा बिखरा है। पीड़ित ने चंदौती थाने में लिखित शिकायत की है। उन्होंने ने इस घटना के पीछे स्थानीय आकाश कुमार का हाथ बताया है। पीड़ित ने बताया कि घर में लाखों रुपए की क्षति हुई है। शिकायत के बाद स्थानीय चंदौती थाने की पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।



### RMP डॉक्टर गोलीकांड मामले में तीन लोगों पर FIR दर्ज,पड़ोसी डॉक्टर पर बिजनेस प्रभावित करने का आरोप

**नालंदा**। पांच दिन पहले नालंदा के हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत अकबरपुर गांव में बदमाशों के द्वारा आरएमपी डॉक्टर को गोलीमार गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया था। इस मामले में जख्मी दीपक कुमार के फर्द ब्यान पर पांचवे दिन हिलसा थाना में तीन लोगो को नामजद अभियुक्त बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आपको बता दें कि पांच दिन पूर्व किसी अनजान नंबर से दीपक को फोन कर मरीज देखने के लिए कुर्मियां विगहा गांव चलने के लिए बुलाया गया था। इसी बीच दीपक ने अपना बैग उठाया और घर से मरीज के ईलाज के लिए निकल पड़ा। अकबरपुर गांव के हाई स्कूल के समीप, पूर्व से घात लगाए बदमाशों ने ताबडतोड़ तीन गोली मारकर जख्मी कर दिया था। फिलहाल पटना में दीपक का इलाज चल रहा है। हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया की घटना के बाद घायल बोलने की स्थिति में नही थे इसके बजह से एफआईआर में विलंब हुई। जैसे ही उनकी हालत में सुधार आया उसके बाद दीपक चौधरी का फर्द ब्यान लिया गया।उन्होंने अपने ही पड़ोसी क्लिनिक आरएमपी डॉक्टर मुन्ना पण्डित पर मुख्य रूप से विजनेस प्रभावित करने को लेकर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। उनके फर्द ब्यान पर आरएमपी डॉक्टर मुन्ना पण्डित समेत तीन को नामजद अभियुक्त बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है। एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी भी की जा रही है।




### बजट आम और खास के लिए प्रभावकारी

**गया**। बिहार सरकार द्वारा मंगलवार को विधानसभा में पेश किया गया वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट आम जनता के लिए लाभकारी है। उक्त बातें युवा जदयू जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने कही। उन्होंने कहा कि बिहार की सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक नौकरी और रोजगार है। इसको लेकर सरकार ने विशेष फोकस किया है। न्याय के साथ विकास का सरकार का मंत्र है इसको पूरी तरह से साबित किया है। सात निश्चय के तहत राज्य का विकास किया जा रहा है। समाज के सभी वर्गों का विकास करना सरकार का लक्ष्य है। इसको पूरा करने के लिए बजट में वित्तीय संतुलन का पूरा ध्यान रखा गया। बिहार का विकास दर 10.4 प्रतिशत है, जो देश में सबसे अधिक है। तेज विकास दर राज्य के लिए गर्व की बात है। औद्योगिक क्षेत्र में लगातार बेहतर काम हो रहा है। सकल घरेलू उत्पाद में डेढ़ गुना इजाफा होना हर्ष का विषय है। श्री सिन्हा ने कहा कि गरीबी दर में 8 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आना शुभ का संकेत है। 2 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। मातृ मृत्यु दर में करीब 27 फीसदी कमी आयी है। जीविका के माध्यम से समाज में बदलाव आया है। प्राथमिक और उच्च शिक्षा में ड्रॉप आउट घटा है। सरकार राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा दे रही है। ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के साथ-साथ आईटी क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने की कोशिश नई पीढ़ी के लिए बेहतर कदम है। 94 लाख परिवार आर्थिक रुप से कमजोर हैं। ऐसे परिवारों के एक-एक व्यक्ति को अधिकतम 2 लाख रुपये का अनुदान देने का फैसला सरकार ने लिया है जिसका समाज पर बहुत कारगर साबित होगी।



### बेमौसम बारिश से सड़क पर पसरा कीचड़



**सिलाव**। बेमौसम बारिश से पूरा बाजार कीचड़मय हो गया है। लोगों का बाजार में पैदल चलना भी दूभर हो गया है। बाजार की सभी गली में कीचड़ ही कीचड़ फैला है। जिससे नगर पंचायत क्षेत्र की जनता को आदर्श नगर क्षेत्र बनाने का सपना दिखाने वाले स्थानीय नेताओं की भी पोल खुल गयी है। आज पूरे दिन बाजार में सरस्वती पूजा की खरीदारी को लेकर भीड़ उमड़ी थी। लेकिन बाजार के रास्तों में कीचड़ के कारण लोगों को काफी फजीहत का सामना करना पड़ा। कई लोग कीचड़ में फिसलकर चोटिल भी हुए। कितने लोगों का कपड़ा भी कीचड़ से गंदा हो गया। स्थानीय दुकानदारों को भी मार्ग पर फैली कीचड़ से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों ने बताया कि वर्षों से बाजार में यही स्थिति है। जब भी हल्की बारिश होती है, पूरा मार्ग कीचड़ से पट जाता है। दुकानदारों ने बताया कि बाजार में दिन भर ग्राहकों का आना जाना होता है। नगर पंचायत द्वारा मार्ग को बीते दुर्गा पूजा के पूर्व दुरुस्त करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन अब तक मार्ग का कायाकल्प नहीं किया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी भावना ने बताया कि बाईपास से बाजार जाने वाले मार्ग को सुव्यवस्थित करने की योजना है। प्राक्कलन की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा।

### आर्म्स एक्ट का फरार आरोपी हुआ गिरफ्तार

**परबलपुर**। स्थानीय पुलिस ने सोमवार की रात गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के विजयपुरा गांव से सात माह से फरार आर्म्स एक्ट के आरोपी बैजू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह ने बताया कि करीब सात माह से आरोपी फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने विजयपुरा गांव से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# बारिश से बिगड़ी सड़कों की हालत

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में मंगलवार से हो रही रुक-रुक कर बारिश ने जिला मुख्यालय बिहार शरीफ शहर की सूरत बिगाड़ दी है। सड़कों पर पैदल चलना तो दूर ई रिक्शा और बाइक भी चलाने में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्मार्ट सिटी के तहत बिहार शरीफ में कई प्रोजेक्ट पर काम हो रहा है जिसके कारण सड़कों की स्थिति पहले से ही बदहाल है। अब बारिश ने शहर को कीचड़मय कर दिया है।

**नाला रोड पर चलना हुआ मुश्किलः** बिहार शरीफ के नाला रोड में लोगों को अपने घरों से निकलने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आधे-आधे फीट तक सड़क पर कीचड़ जमा है जिसके कारण मोटरसाइकिल और ई रिक्शा उन्हें कीचड़ भरे दलदल में फंस जा रही है। सवारियों को उतरकर ई रिक्शा को धक्का देना पड़ रहा है। वहीं मोटरसाइकिल सवार भी दलदल में फिसल रहे हैं।

**रांची रोड की भी स्थिति दयनीयः** रांची रोड की भी स्थिति दयनीय है। पहले धूल भरी सड़क से लोग परेशान थे अब बारिश के बाद सड़कों पर चलना मुश्किल हो रहा है। फ्लाईओवर निर्माण के कारण सड़कों में जहां-तहां गड्ढे खोदे गए हैं। जिसकी मिट्टी पूरे सड़क पर पसरा हुआ है और वह कीचड़ का रूप ले ली है। शहर के एलआईसी ऑफिस से लेकर सोगरा कॉलेज तक की सड़क की हालत खस्ता हाल है।

**प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद ही मिलेगा निजातः** फिलहाल सड़कों की बदहाल स्थिति से शहर वासियों को राहत अभी मिलने वाला नहीं है। फ्लाई ओवर, नाला निर्माण, ड्रेनेज सिस्टम बन जाने के बाद ही सड़कों का कायाकल्प किया जाएगा। इस साल के जून महीने तक प्रोजेक्ट पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

## बजट में सभी वर्गों का रखा गया ध्यान : मनोरमा



**गया**। बिहार विधानसभा में मंगलवार को सरकार द्वारा पेश किया गया वित्तीय वर्ष 2024-2025 का बजट सूबे के सम्पूर्ण विकास के मद्देनजर तैयार किया गया है। बजट में सभी वर्गों को ध्यान में रखा गया है। उक्त बातें पूर्व विधान पार्षद सह जदयू नेत्री मनोरमा देवी ने बजट की सराहना करते हुए कही। उन्होंने कहा कि 2 लाख 78 हजार 425 करोड़ के बजट में छात्रों एवं युवाओं को नौकरी देने पर विशेष ध्यान दिया गया है। वहीं दूसरी ओर महिलाओं को सशक्त व स्वावलंबी बनाने सहित बिहार को शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार में समृद्ध बनाने के लिए पेशकश की गई है। उन्होंने बिहार सरकार द्वारा पेश बजट को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समावेशी विकास व दूरदर्शी सोच का नतीजा बताया है।

## आज बारिश और वज्रपात की संभावना, कल न्यूनतम तापमान में आ सकती गिरावट



निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में मंगलवार से हो रही रुक-रुक कर बारिश के बाद दिन में थोड़ी धूप निकली थी। हालांकि इसके बाद मंगलवार और बुधवार की रात हल्की बारिश होती रही। आसमान में बादल फिलहाल बुधवार तक छाए रहने की संभावना जताई जा रही है। कल से मौसम सामान्य होने की उम्मीद है। मंगलवार से हो रही बारिश के बीच तापमान में गिरावट नहीं देखी गई है यही वजह है कि मौसम सामान्य बना हुआ है। बुधवार को अधिक बारिश हो सकती है। करीब 14 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। इस दौरान वज्रपात की भी संभावना जताई गई है। बुधवार को जहां मैक्सिमम तापमान 23 डिग्री तो मिनिमम तापमान 19 डिग्री रहने की संभावना व्यक्त की गई है। गुरुवार को मिनिमम तापमान में कमी देखी जा सकती है। मैक्सिमम तापमान गुरुवार को जहां 23 डिग्री तो वहीं मिनिमम तापमान 14 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है।

**गेहूं की फसल को फायदा होगाः** कृषि विभाग के वैज्ञानिक ने बताया कि बारिश होने के कारण रबी फसल को नुकसान होने की संभावना बढ़ गई है। चना और मसूर के पौधे में फूल लगे हुए थे। जिन्हें भारी नुकसान हो सकता है। हालांकि गेहूं और खेसारी की फसल को इससे फायदा मिलेगा। अगर बारिश के साथ हवा चलती है तो सभी फसल गिर जाएंगे और भारी नुकसान होगा। मंगलवार से हो रही रुक-रुक कर बारिश ने सरस्वती पूजा के आयोजन को फीका कर दिया है। पूजा पंडाल को बचाने को लेकर आयोजक हर संभव प्रयास करते हुए देखे गए। इस बीच साज सज्जा औj सजावट को भी थोड़ा नुकसान पहुंचा है।

## औरंगाबाद में कल राहुल गांधी की सभा गया से कांग्रेसी रवाना, अलग-अलग ट्रेनों से निकले कार्यकर्ता और नेता

निज संवाददाता। गया




राहुल गांधी की सभा में जाने के लिए गया जंक्शन पर कांग्रेस नेता विजय कुमार मिट्ठू सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता 15 फरवरी को औरंगाबाद के गांधी मैदान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सभा में शामिल होने के लिए कांग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता, समर्थक गया जंक्शन से विभिन्न ट्रेनों से औरंगाबाद जाना शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में गया जंक्शन पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू,पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, अमरजीत कुमार, टिंकू गिरी, प्रदीप मांझी, सोमनाथ पासवान, श्रवण पासवान, बबलू राम, विनोद उपाध्याय, बाल्मीकि प्रसाद, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार आदि बैनर एवं झंडा लेकर कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, राहुल, खड़गे, अखिलेश जिंदाबाद, भारत जोड़ों न्याय यात्रा, न्याय का हक मिलने तक के नारों को बुलंद करते हुए जनजागरण अभियान चलाते हुए लोगों को औरंगाबाद के लिए रवाना किया।

**'राहुल गांधी की सभा में रिकार्ड भीड़ जुटेगी'**: इस दौरान कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने कहा आज से कल सुबह तक गया ज़िले के सभी 24 प्रखंडों से छोटी, बड़ी गाडियों तथा ट्रेनों से 10 हजार से ज्यादा संख्या मे न्याय योद्धा औरंगाबाद जायेंगे। भारत जोड़ों न्याय यात्रा में युवा न्याय, भागीदारी न्याय, महिला न्याय, किसान न्याय, तथा श्रमिक न्याय को अमलीजामा पहनाने का काम किया जाएगा। कल छत्तीसगढ़ में महती जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी एवं अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे ने कहा है कि केंद्र में कॉंग्रेस की सरकार बनने पर किसानों के उपज का दुगना मूल्य देने की गारंटी की घोषणा कर दिए हैं। कहा कि भगवान भास्कर की नगरी औरंगाबाद में कल की राहुल गांधी की सभा में रिकार्ड भीड़ जुटेगी , जो कांग्रेस पार्टी को नई ऊर्जा देगी, तथा आने वाले आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकेगी।

## भाकपा माले ने नालंदा में निकाला विरोध मार्च, कहा- मनोज मंजिल पर थोपा गया झूठा मुकदमा

निज संवाददाता। नालंदा




भाकपा-माले जिला सचिव कॉमरेड सुरेन्द्र राम ने आरा व्यवहार न्यायालय द्वारा अगिआंव से माले विधायक कॉमरेड मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास की सजा को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि जेल व दमन के जरिए दलितों-गरीबों की आवाज दबाई नहीं जा सकती। हम अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव 2015 के ठीक पहले जेपी सिंह की हत्याकांड मामले में भाजपा के स्थानीय नेताओं के इशारे पर का. मनोज मंजिल और हमारे अन्य पार्टी नेताओं पर हत्या का झूठा मुकदमा थोप दिया गया था। उस घटना के कुछ दिन पहले ही हमारी पार्टी के स्थानीय नेता का. सतीश यादव की हत्या भाजपाइयों ने कर दी थी। उनके हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं, लेकिन दलित-गरीबों की लड़ाई लड़ने और सड़क पर स्कूल आंदोलन के चर्चित नेता मनोज मंजिल को एक गहरी साजिश के तहत फंसाकर सजा करवा दी गई। भाजपाई और इलाके की सामंती ताकतें मनोज मंजिल की बढ़ती लोकप्रियता से काफी घबराई हुई थी।

**राज्यव्यापी विरोध कार्यक्रम का आयोजनः** ने कहा कि एक तरफ जहां हमारे नेताओं को सजा सुनाई गई, वहीं न्यायालय ने दलित-गरीबों के हत्यारे को लगातार बरी करने का काम किया है। बिहार में सत्ता बदलते ही भाजपाई अपने रंग में आ चुके हैं, लेकिन उनके नापाक मंसूबे को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। भाकपा-माले नालन्दा द्वारा इस अन्यायपूर्ण फैसले के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पार्टी जिला कार्यालय से निकल कर विरोध मार्च LIC होकर हास्पीटल मोड़ पहुँचा। कार्यक्रम में शामिल होने वालों में जिला कमीटि सदस्य प्रमोद यादव, पाल बिहारी लाल, सुनील कुमार, रामदास अकेला, मकसूदन शर्मा, रामधारी दास, महेन्द्र राम, इंसाफ मंच के जिला संयोजक सरफराज अहमद खान अधिवक्ता, एपवा नेत्री गिरिजा देवी, सुगिया देवी, मीना देवी, सरिता देवी, रेणु देवी, शीला देवी, रुबी देवी, ठेला फुटपाथ भेन्डर्स यूनियन के जिलाध्यक्ष किशोर साव, सचिव मनोज यादव, सफाई कर्मी नेता मनोज दास, महेश दास, माले नेता सुनील पासवान, बंगाली रविदास , महेन्द्र रविदास , आनन्दी रविदास आदि रहें।

## 15 फरवरी तक अपलोड कर सकते डॉक्यूमेंट

निज संवाददाता। गया



बीपीएससी (पिछड़ा अति पिछड़ा कल्याण विभाग) परीक्षा पास करने वाले अति पिछड़ा और पिछड़ा वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर। बीपीएससी ने नोटिफिकेशन जारी कर कहा है कि जो शिक्षक अभ्यर्थी किसी कारण से ऑनलाइन आवेदन के वक्त अपना आवश्यक दस्तावेज अपलोड नहीं कर सके थें। उन्हें उन दस्तावेजों को अपलोड करने का एक मौका दिया जा रहा है। ऐसे अभ्यर्थी जो अपना दस्तावेज नहीं अपलोड कर सके थे वे अब 15 फरवरी तक इस काम को पूरा कर सकते हैं। ताकि नियुक्ति संबंधित आ रही कागजी समस्याओं को तत्काल दूर किया जा सके और नियुक्ति की जा सके। गौरतलब हो कि 1 फरवरी को बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा का रिजल्ट आया था। पास होने वाले पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग के बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के आवेदन में आवश्यक दस्तावेजों की कमी देखी गई।

**वाटर मार्क भी आवश्यकः** ऐसे में पास होने वाले अभ्यर्थियों को नियुक्ति से सम्बंधित तमाम परेशानियां न केवल विभाग के समक्ष आ रही है बल्कि अभ्यर्थियों को भी काफी दिक्कतें हो रही हैं। उन्हीं परेशानियों को दूर करने के लिए आयोग की ओर से वैसे अभ्यर्थियों को मौका दिया गया है। अभ्यर्थी आयोग के पोर्टल पर ऑनलाइन दस्तावेज 15 फरवरी तक अपलोड कर सकते हैं। साथ अपलोड किए जाने के दौरान आयोग का वाटर मार्क भी लगाया जाना आवश्यक है।

## जीडी गोयनका के प्रत्यूष तिवारी का एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हुआ चयन

निज संवाददाता। नालंदा



जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के विधार्थी शारीरिक-कुशलताओं में उत्कृष्ट दक्षता तथा खेल-भावना को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने हेतु लक्ष्य निर्धारण करने में उत्तम मार्ग प्राप्त कर रहे हैं। इसी क्रम में गुजरात के अहमदाबाद में 14 फरवरी से आयोजित एथलेटिक्स की राष्ट्रीय 19वीं नेशनल इंटर डिस्ट्रिक जूनियर एथलेटिक्स मीट 2024 के लिए गया जिला के खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव जितेंद्र कुमार व जीडी गोयनका स्कूल के खेल प्रशिक्षक अभिषेक झा ने बताया के गया जिला का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित 13 खिलाड़ियों में जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के छात्र प्रत्यूष तिवारी का चयन हुआ है। स्कूल के प्राचार्य गिरजा शंकर पांडेय व अन्य की उपस्थिति में छात्र प्रत्यूष तिवारी को यशस्वी सम्मान के साथ रवाना किया गया। स्कूल के चेयरमैन रविन्द्र सिंह राठौर ने प्रत्युष को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कृत संकल्पित है।

## वार्षिकोत्सव में नृत्य के माध्यम से किया सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार

निज संवाददाता। बिहारशरीफ



शहर के सिंगारहाट स्थित संस्कार आरएस स्कूल में मंगलवार को पूरे धूमधाम से स्कूल का वार्षिकोत्सव मनाया गया। समारोह का उद्घाटन डॉ . शशिकांत कुमार टोनी,अमित कुमार, डॉ. अभिषेक, डॉ . धनंजय गोस्वामी, डॉ. एके सिम्बा,अविनाश गिरी और स्कूल के निदेशक डॉ. उमेश प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार कर लोगों को जागरूक किया। राम मंदिर, महिला सशक्तिकरण,सोशल मीडिया,पर्यावरण प्रदूषण,दहेज प्रथा व कोरोना पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। वहीं नर्सरी व प्रेप के बच्चों ने इत्ती सी हंसी,मै निकला गाड़ी लेके व अच्छी आदतों का विकास कैसे करें कविता के माध्यम से बताया। मुख्य अतिथि डॉ। अभिषेक और डॉ. धनंजय ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी चाहिए। जिस तरह स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ऐसे में लगता है कि शिक्षक और छात्र काफी मेहनत करते हैं। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य ई. सुधांशु रंजन ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधि समय-समय पर होती रहनी चाहिए। छात्रों को अपने जीवन में उच्च लक्ष्य जरूर निर्धारित करना चाहिए और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत बहुत ही आवश्यक है।

## संक्षिप्त समाचार

### संगमेश्वर क्षेत्र से दक्षिण और शोण महानद कि पश्चिम तट पर उतरी थीं माता सरस्वती

**आरा**। मां सरस्वती गंगा व शोण सरयू के संगम स्थल पर मृत्युलोक में माता सावित्री के साथ उतरी थी। वह स्थान संगमेश्वर क्षेत्र से दक्षिण और शोण महानद कि पश्चिम तट पर था। माता ने यहां दुर्लभ शिव लिंग भी स्थापित किया था। प्राचीन काल में सोन को शोण कहा जाता था। बाण भट्ट की पुस्तक हर्ष चरित के द्वितीय उच्चवाच में इसका वर्णन है। आदि शंकराचार्य द्वारा रचित सौंदर्य लहरी के 54 वां श्लोक में भी माता सरस्वती देवी की महिमा का जिक्र है। संगमेश्वर धाम पशुपतिनाथ पीठ बिंदगावा के संरक्षक योगानंद जी महाराज, इस वृतांत का वर्णन करते हुए बताते है कि जब ऋषि दुर्वासा पर मां सरस्वती के मुस्कान के कारण ऋषि दुर्वासा ने मां सरस्वती को श्रापित किया था कि वे एक वर्ष के लिए मृत्यु लोक जाए। तभी आकाश मंडल में विचरण करती माता सरस्वती, माता सावित्री से कहती है अति पावनि नदी की धारा करुणामय और लाल सोने के समान महानद का पानी और इसके दोनों किनारों पर हरे वृक्ष हृदय को सुशोभित कर रहे है, हे बहाना इसी मनोरम स्थान पर वास करना चाहती हूं, यही मैं श्राप से मुक्त होउंगी। माता सरस्वती मृत्यु लोक के इसी संगम स्थल पर माता सावित्री के साथ मृत्यु लोक में उनका पहला पग पड़ा था। आचार्य भारत भूषण जी महाराज ने बताया कि महान महाकवि बाण भट्ट सोन के तट पर पितृकुट स्थान में रहते थे, जिसे आज पीरो के नाम से जाना जाता है। रेत से माता सरस्वती ने बनाया था शिवलिंग बताया कि इतना ही नहीं माता सरस्वती ने इस संगम स्थल, जिसे आज बिहार के भोजपुर जिले के समीप बिंदगावा संगम भी कहते है। माता सरस्वती ने रेत से शिवलिंग भी बनाया था। आज उसी स्थल पर ऐतिहासिक संगमेश्वर नाथ मंदिर का नवनिर्माण कराया जा चुका है। आज भी इस मंदिर में शिवलिंग स्थापित है। माता सरस्वती के इस स्थल पर पग पड़ने के बाद ही, इसी स्थल पर प्रभु श्री राम -लक्ष्मण और विश्वामित्र ने पूजा और रात्रि विश्राम भी किये थे। योगानंद जी महाराज ने कहा कि इसपर मैं एक कित्ताब भी लिख रहा हूं।

### शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों का होगा सत्यापन

**कोईलवर**। आसन्न लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर शस्त्र प्रशाखा के निर्देशानुसार कोईलवर थाने में 19 फरवरी से 23 फरवरी तक सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के आग्नेयास्त्रों व धारित कारतूसों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा दिए गए आदेश में शस्त्र लाइसेंसधारियों द्वारा संबंधित थाने में अपने शस्त्रों व उस पर धारित कारतूसों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित कराने का स्पष्ट निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने पत्राचार करते स्पष्ट किया है की इस अवधि में सत्यापन में विफल रहने वाले अनुज्ञप्तिधारियों की अनुज्ञप्ति निलंबित या रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे ।

### राष्ट्रीय महिला दिवस पर सशक्तिकरण कार्यक्रम

**आरा**। राष्ट्रीय महिला दिवस पर चरपोखरी प्रखंड में सभी पंचायतों के महादलित केंद्रों पर महिला सशक्तिकरण के लिये किशोरियों और बालिकाओं के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता कराई गईं। इस क्रम में मेहंदी प्रतियोगिता, दौड़ प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। अच्छा प्रदर्शन करने वाले विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रमों में महिला सशक्तिकरण को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। विभिन्न केंद्रों पर महिला पर्यवेक्षिका कुमारी जयमाला, रवीना कुमारी, प्रखंड समन्वयक पंकज चौधरी ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी राधिका रमण रानी के निर्देश पर कार्यक्रम कराया। कहा कि आज के दौर में महिलाओं का सरकारी-गैरसरकारी नौकरियों, आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक भागीदारी बढ़ी है। महिलाओं को सशक्त होना जरुरी है। इसके लिये सरकार के तरफ से महिला सशक्तिकरण के लिये विभिन्न योजनाएं और अभियान चलाये जा रहे हैं।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने बंदियों को दी कानूनी जानकारी

**आरा**। अंतर्राष्ट्रीय रेडियो दिवस के पर मंगलवार को मंडलकारा, आरा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने बंदियों को जेल में रेडियो के माध्यम से जागरूक किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने जेल में स्थित रेडियो केंद्र से नालसा की योजनाओं से बंदियों को विधिक रूप से जागरूक किया एवं कानून की जानकारी भी दी। जेल में अपना रेडियो का उद्घाटन पहले ही उच्च न्यायालय पटना के न्यायमूर्ति सह व्यवहार न्यायालय भोजपुर के निरीक्षी न्यायाधीश नवनीत कुमार पांडे द्वारा किया जा चुका है। मौके पर प्रतिनियुक्ति पैनल अधिवक्ता कृष्ण गोपाल मिश्रा, जेल अधीक्षक गौरव कृष्ण, जेल उपाधीक्षक राजेश मिश्रा, सहायक अधीक्षक शबनम प्रिया व अन्य लोग उपस्थित थे।




### ट्रक से 70 लाख की शराब जब्त, 2 तस्कर गिरफ्तार, पंजाब से लाई जा रही थी खेप, सीमा के 40 किलोमीटर बाद कार्रवाई

**बक्सर**। बिहार सीमा को पार कर जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर अंदर एक शराब से भरे ट्रक को जब्त किया गया है। जिसकी जानकारी डुमरांव के डीएसपी ने मंगलवार को देर शाम दी। पंजाब से शराब लोड कर पटना लाई जा रही थी। तस्कर ने स्कैनर से बचने के लिए ट्रक के अंदर दोनों साइड अलग से 2 मोटे बॉक्स बनाए थे। उसके बाद मुंगफली की बोरियों के बीच शराब की पेटियां छिपाई थी। वाहन जांच के दौरान शराब की खेप पकड़ी गई। बक्सर डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने कहा कि वाहन चेकिंग में एक ट्रक पकड़ा गया। जिसका नंबर MH18BG1924 है। ट्रक में 8407.515 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। जिसकी कीमत 70 लाख के आसपास है। दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें हरियाणा के रोहतक निवासी संजय कुमार और दूसरा हरियाणा के बेरीवाली निवासी राकेश कुमार है। बक्सर जिले में यूपी-बिहार को जोड़ने वाले गंगा सेतु पर उत्पाद विभाग की टीम यूपी से बिहार में प्रवेश करने वाली हर गाड़ियों की बारिकी से जांच करती है। बड़े-बड़े ट्रकों की जांच करने के लिए स्कैनर मशीन लगाई गई है। हालंकि शराब से भरे ट्रक में स्कैनर से बचने के लिए मुंगफली की बोरियां रखी गई थी। सीमा पर जांच में बचने के बाद पुलिस को मिली गुप्त सूचना पर NH-922 देवकुली के नटका शिव मंदिर के पास वाहन चेकिंग शुरू की गई। इस दौरान ट्रक को पकड़ा गया।



### 14 फरवरी को ब्रह्मपुर महोत्सव, स्थानीय और देश के जाने-माने कलाकार देंगे प्रस्तुति

**बक्सर**। बक्सर जिला प्रशासन ब्रम्हपुर में होने वाले महोत्सव को लेकर तैयारियां में जुटा हुआ है। जहां 14 फरवरी को चयनित स्थल पर कार्यक्रम शाम 4:00 बजे रात 9:30 बजे तक होगा। जिसमें वृहद स्तर पर स्थानीय कलाकार, राज्यस्तर के कलाकार और बॉलीवुड के सिंगर अपनी-अपनी प्रस्तुति देंगे। इसकी जानकारी बक्सर जिला के जनसंपर्क पदाधिकारी विनोद कुमार ने दी। बक्सर का ब्रह्मपुर प्रखण्ड बाबा बरमेश्वर नाथ के मंदिर के कारण प्रसिद्ध है। जहां पूरे साल दूर-दराज से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। 15 दिन पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी यहां पहुंचे हुए थे। 14 फरवरी को जिले के ब्रह्मपुर धाम में ब्रम्हपुर महोत्सव मनाया जाएगा। जिसको लेकर बीएन उच्च विद्यालय ब्रह्मपुर में भव्य स्टेज बनाया जा रहा है। 4:00 बजे से 6:00 बजे तक स्थानीय कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करंगे। 6:00 से 6:30 बजे तक औपचारिक उद्घाटन और भाषण का कार्यक्रम होगा। वहीं 6:30 से 9:30 बजे तक मुख्य समारोह का कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य समारोह के दौरान सिनेमेड इंटरटेनमेंट ग्रुप की ओर से शिव तांडव की प्रस्तुति दी जाएगी। इस महोत्सव में जानी मानी बालिबूड की गायिका आंखी दास अपनी गीत से लोगों को झुमाएंगी। वहीं अप्सरा आर्ट एण्ड कल्चर की तरफ से लोक नृत्य प्रस्तुति की जाएगी। भोजपुरी सम्राट भरत शर्मा भोजपुरी लोक गीत प्रस्तुत करेंगे। वॉलीबुड के प्रसिद्ध गायक राकेश कुमार शानू भी कार्यक्रम में शिरकत करने वाले हैं।

# चौसा नगर पंचायत में निकाला गया महावीरी जुलूस, चारों ओर प्रशासन तैनात

निज संवाददाता। बक्सर

बसंत पंचमी पर चौसा नगर पंचायत में महावीरी जुलूस निकाला गया है। इस दौरान गाजे बाजे और घोड़ा के साथ सैकड़ों की संख्या में युवा महावीर भगवान को झंडे को लेकर विभिन्न चौक चौराहों से गुजरते हुए जुलूस च्यवन मुनि आश्रम के महादेवा घाट पहुंचा। जय महावीर के नारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा है। जुलूस चौसा नगर पंचायत के नरबतपुर महावीर मंदिर से विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ किया गया।, चौसा बारे मोड़ स्थित महारुद्र नाथ शिव मंदिर, चौसा दुर्गा मंदिर होते हुए बाजार के रास्ते महादेवा घाट के बाद जुलूस वापस नरबतपुर महावीर मंदिर पर संपन्न हो गया।



**पारंपरिक हथियारों का दिखाया गया करतबः** बता दें कि जुलूस के दौरान दर्जनों युवा महावीरी झंडा के साथ आधा दर्जन पारंपरिक हथियार ले कर चल रहे थे। उनके द्वारा जगह-जगह पर रुक रुक कर हथियारों के कला का प्रदर्शन किया जा गया।उसे देखने के लिए चौक चौराहों पर लोगों की भीड़ मौजूद रही। इस दौरान जब जुलूस स्टेट हाइवे पर पहुंचा तो पूजा समिति के युवाओं द्वारा सड़क पर जाम की समस्या न हो इसका खास ख्याल रखा जा गया। बता दें कि विधि व्यवस्था को लेकर इस दौरान थाना की पुलिस भी मौजूद थे। उसके साथ ही वाहनों से लगातार गश्त किया जा रहा है। पूजा समिति के सदस्य दीनबंधु सिंह ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी महावीरी जुलूस निकाला गया है। इसके बाद शाम में दंगल का आयोजन किया गया है, जहां कई राज्यों से पहुंचे पहलवान अपना दमखम दिखायएंगे।

### नाबालिग से युवक ने किया दुष्कर्म का प्रयास

**बक्सर**। राजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग के साथ एक युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया गया। किशोरी ने घटना की सूचना अपने परिजनों को दिया। परिजनों ने मामले की जानकारी महिला थाना पुलिस को दी। महिला थाना पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक राजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी गांव के बाहर किसी कार्य से जा रही थी। उसी दौरान गांव के ही एक युवक ने किशोरी को पकड़ लिया। किशोरी के साथ युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी किसी तरह से युवक के चंगुल से छुटकर भागी। किशोरी ने घटना के बारे में अपने परिजनों को बताया।

## ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक की मौत

निज संवाददाता। आरा

- ईंट अनलोड कर वापस घर लौट रहा था
- रास्ते में ट्रैक्टर अनियंत्रित होने के कारण हुआ हादसा

भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र के गोडीहां गांव स्थित कब्रिस्तान के पास मंगलवार की रात अनियंत्रित ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक नारायणपुर थाना क्षेत्र के बनौली गांव निवासी स्व. कपिल देव महतो का 30 वर्षीय पुत्र टेंगारी महतो है। पेशे से ट्रैक्टर चालक था।

**ढाई महीने से अपनी बहन के घर रह रहा थाः** मृतक के जीजा अमित ने बताया कि वह करीब ढाई महीने से अपनी बहन उर्मिला देवी के घर पर ही पूरे परिवार के साथ करवासीन गांव रह रहा था। मंगलवार की शाम वह ट्रैक्टर पर ईंट लादकर गड़हनी थाना क्षेत्र के पोसवां गांव गया था। रात में पोसवां गांव से ट्रैक्टर लेकर वापस करवासीन लौट रहा था। इसी दौरान गोडीहां गांव स्थित कब्रिस्तान के समीप ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय थाना को सूचना दी गई।

## सड़क हादसे में दो दोस्तों की हुई मौत


**परीक्षा केंद्र पर अपने दोस्त को छोड़ने आ रहे थे, अज्ञात वाहन ने मारी दी थी टक्कर**


निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के गजराजगंज ओपी अंतर्गत धमार मोड़ के समीप बीते बुधवार की सुबह सड़क हादसे में हुए जख्मी दो दोस्तों की मौत हो गई। इलाज के दौरान पटना के निजी अस्पताल में दोनों ने दम तोड़ दिया। मृतकों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार गांव वार्ड नंबर-11 निवासी दीपक साह का 19 वर्षीय पुत्र कौशल कुमार उर्फ गोलू कुमार और उसी गांव के निवासी अशोक चौधरी का 18 वर्षीय पुत्र अभय कुमार शामिल है।

**एक दोस्त का पटना में चल रहा इलाजः** जबकि जख्मी निवासी राजू चौधरी का 18 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार का इलाज पटना के निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। बता दें की कौशल कुमार उर्फ गोलू कुमार की इंटर की परीक्षा चल रही थी। परीक्षा केंद्र नवादा थाना क्षेत्र के मिल रोड स्थित हित नारायण क्षत्रिया स्कूल में पड़ा था। 7 फरवरी बुधवार की सुबह अभय कुमार और छोटू कुमार अपने दोस्त कौशल कुमार उर्फ गोलू कुमार को परीक्षा केंद्र पर छोड़ने के लिए बाइक पर सवार होकर अपने गांव से आरा आ रहे थे।







**आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर हादसाः** आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर धमार मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। जिसके बाद परिजन ने उन्हें इलाज के लिए आरा अस्पताल लाया था। जहां से पटना रेफर कर दिया गया था।

**मंगलवार देर शाम दम तोड़ाः** इलाज के दौरान अभय कुमार ने शनिवार शाम और कौशल कुमार उर्फ गोलू कुमार ने मंगलवार की देर शाम दम तोड़ दिया। मृतक कौशल कुमार उर्फ गोलू कुमार अपने तीन भाई व दो बहनों में छोटा था। उसके पिता दीपक साह दिल्ली स्थित सीआरपीएफ में कुक का काम करते हैं।

## बकाए पैसे और सरस्वती पूजा के चंदा के लिए मारपीट

**दो अलग-अलग घटनाओं में मां-बेटी समेत तीन लोग जख्मी, सभी का चल रहा इलाज**

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के दो अलग–अलग थाना क्षेत्रों में मंगलवार को हुई मारपीट में मां–बेटी समेत तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। सभी जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। पहली घटना नवादा थाना क्षेत्र के बाजार समिति में बकाए पैसे के विवाद को लेकर हुआ। सरिया से मार एक फल दुकानदार को जख्मी कर दिया। इसके बाद परिजन ने उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जख्मी युवक तीयर थाना क्षेत्र के तीयर गांव निवासी महेंद्र सिंह का 30 वर्षीय पुत्र राम पुकार सिंह है।

**दो माह के 30 हजार रुपए बकाया हो गयाः** इधर, राम पुकार सिंह ने बताया कि पांच माह पूर्व बाजार समिति के एक दुकानदार के फल की दुकान पर वह प्रतिदिन पांच सौ रुपए की तय राशि पर उसका फल बेचने का काम करता था। उक्त दुकानदार के पास दो माह का तीस हजार रुपया उसके पास बकाया हो गया था। जब भी वह पैसे की मांग करता तो वह उसे टाल देता था। जिसके बाद उसने उसकी दुकान छोड़ दी। लेकिन दो दिन पूर्व भी उसने दोबारा उसकी दुकान पर दो दिन फल बेचने का काम किया। जिसका नौ सौ रुपया बकाया था। मंगलवार को जब वह उक्त दुकानदार के पास गया और कहा कि मेरा पहले का बकाया पैसा नहीं देना है तो मत दो। लेकिन मेरा यह दो दिन का जो नौ सौ रुपया है वह मुझे दे दो। इसी बात पर उक्त दुकानदार ने सरिया निकाल कर उसके सिर पर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।






**मारपीट में मां-पेटी हुईं जख्मीः** बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव में सरस्वती पूजा का चंदा ना देने पर मां-बेटी की जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गईं। इसके बाद उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया गया। जख्मियों में बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव निवासी रविंद्र पासवान की पत्नी सुनीता देवी और कोईलवर थाना क्षेत्र के मोखालिसा गांव निवासी सत्येंद्र पासवान की पत्नी सोनी कुमारी है।

**स्कूल से लौट रहे बेटे को चंदा के लिए पीटाः** सुनीता देवी ने बताया कि जब उनका छोटा बेटा स्कूल से घर वापस लौट रहा था। तभी गांव के की विजय सिंह का बेटा अपने साथियों के साथ मिलकर उससे सरस्वती पूजा का चंदा मांग रहा था। जब उनके बेटे ने कहा कि मेरे पास पैसे नहीं है तो वह उसको अपने साथियों के साथ मिलकर पीटने लगा। जब उसका बड़ा भाई उसे पिटता देख उसे बचाने गया तो लड़कों ने उसकी भी पिटाई कर दी। दोनों मां-बेटी उन दोनों को छुड़ाने गईं तो लड़को ने उनकी भी पिटाई कर दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गईं। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं, दूसरी ओर जख्मी सुनीता देवी ने गांव के ही विजय सिंह के बेटे और उसके साथ रहे अन्य लड़कों पर हमला करने का आरोप लगाया है।

## ट्रेन से कटकर किसान की मौत, घर से खेत के लिए निकले थे

निज संवाददाता। आरा

दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा और कारीसाथ रेलवे स्टेशन के बीच अप लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से की युवक की मौत हो गई। जिसकी पहचान दूसरे दिन मंगलवार को हुई। जानकारी के अनुसार मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के गजराजगंज ओपी अंतर्गत मसाढ़ गांव वार्ड नंबर-6 निवासी बृज भूषण सिंह के 40 वर्षीय पुत्र अमीत कुमार सिंह है। वे पेशे से किसान थे। इधर, मृतक के बड़े भाई दीपक कुमार सिंह ने कहा कि सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे खेत जाने के लिए घर से निकला था। खेत में जाने के दौरान कारीसाथ गांव में रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। सोमवार की देर शाम जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। खोजबीन दौरान पता चला कि एक आदमी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई है।



**आरा रेल थाना में परिजनों ने पहचान कीः** सूचना पाकर परिजन आरा रेल थाना पहुंचे। जहां उन्होंने शव को देख उसकी पहचान। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व बहन में छोटा था। मृतक के परिवार में मां गिरजा देवी व एक दीपक कुमार सिंह और एक बहन पम्मी देवी है। घटना के बाद मृतक की मां गिरिजा देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## गैंगरेप के मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

**घर से दो किमी दूर खेत में उठाकर ले गया था, अन्य चार आरोपियों की तलाश**

निज संवाददाता। आरा

कोईलवर थाना क्षेत्र के गीधा ओपी अंतर्गत एक गांव में लोजपा नेता की नाबालिग पुत्री से गैंगरेप मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपित धीरज यादव डुमरिया गांव का निवासी है। इससे पूर्व 5 फरवरी को आरोपित विशाल यादव को डुमरिया गांव से पकड़ा गया था। इसके अलावा डुमरिया गांव के आरोपी चंदन यादव उर्फ चंद्रकांत यादव को भी पकड़ा था।


**अन्य की गिरफ्तारी के लिए चल रही छापेमारीः** पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि इस कांड में शामिल अन्य चार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। प्राथमिक में पिता का आरोप था कि 1 फरवरी की रात 14 वर्षीय उनकी पुत्री अपनी मां और एक छोटे भाई के साथ घर में पढ़ाई कर रही थी। तभी करीब नौ बजे पांच-छह की संख्या में आए हथियारबंद बदमाश जबरन घर में घुस गए। इस दौरान पुत्री को जबरन उठाकर घर से 2 किलोमीटर दूर लेकर अपराधी चले गए और गंदी हरकत की थी।

**इनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थीः** पीड़िता के पिता ने महिला थाना में धीरज यादव, चंदन यादव, विशाल यादव, चंदन यादव टू, प्रिंस यादव और रोहित के विरुद्ध नामजद प्राथमिक कराई थी। इस मामले में धीरज यादव मुख्य आरोपित है। धीरज ही घर में घुसकर पीड़िता को अपने कंधे पर उठाकर खेत में ले गया था। इसके बाद उसे बेसुध अवस्था में आलू के खेत में छोड़कर फरार हो गया।

## सरस्वती पूजा पर 5 सेक्टर में बंटा बक्सर, सादे लिबास में पुलिस तैनात

निज संवाददाता। बक्सर

सरस्वती पूजा को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में है। एसपी मनीष कुमार ने बताया कि शहर को 5 सेक्टर में बांटकर नगर की सुरक्षा की जा रही है। मोटरसाइकिल से पेट्रोलिंग के साथ-साथ ड्रोन कैमरे से भी इलाकों की निगरानी की जा रही है। हालांकि पूजा समितियां से भी सहयोग की अपील की गई है। एसपी ने बताया कि पूजा समितियों को जो लाइसेंस दिए गए हैं, उसमें स्पष्ट रूप से उनके कर्तव्यों का बोध उन्हें कराया गया है। साथ ही आयोजन के दौरान पूजा समिति के वॉलिंटियर्स भी पंडाल के आसपास विधि-व्यवस्था बेहतर बनाए रखने में मदद करेंगे। बताया गया कि अश्लील गानों पर पूर्णत प्रतिबंध है। ऐसा करते हुए पाए जाने पर पूजा समिति के साथ-साथ संबंधित लोगों पर भी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही बक्सर डीएम और एसपी द्वारा संयुक्त रूप से सरस्वती पूजा पर विधि व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने हेतु ब्रीफिंग की गई है। सभी प्रतिनियुक्त को-ऑडिनेटर, दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल को अपने प्रतिनियुक्त स्थान पर अभी से 16 फरवरी तक सरस्वती प्रतिमा विसर्जन अथवा स्थिति सामान्य होने तक तैनात रहने का निर्देश दिया गया। पुलिस केन्द्र बक्सर बज्र वाहन के साथ आधा दंगा पार्टी की प्रतिनियुक्ति बक्सर नगर थाना एवं आधा दंगा पार्टी डुमरांव थाना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर और डुमरांव के अधीन रखा गया है। इस अवसर पर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए 120 स्टैटिक को-ऑडिनेटर, दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, 27 सेक्टर दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, 14 प्रतिबंधित स्थलों पर मूर्ति विसर्जन रोकने के लिए दण्डाधिकारी, को-ऑडिनेटर, पुलिस पदाधिकारी और 8 नगर परिषद बक्सर के अंतर्गत चिन्हित स्थानों पर मूर्ति/प्रतिमा विसर्जन कराने और विधि व्यवस्था संधारण करने के लिए दण्डाधिकारी, को-ऑडिनेटर, पुलिस पदाधिकारी की तैनात किया गया है।





**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना स0 : CWMPD-15-2023-24**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, ब्रिज वर्कशॉप, पूर्व मध्य रेल, प्लान्ट डिपो, पं० दीन दयाल उपाध्याय द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनके प्रतिनिधि के रूप में निम्नलिखित कार्य के लिये प्रतिष्ठित फर्मों से ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है: **ई–निविदा बंद होने की तिथि–07.03.2024** **(1) कार्य का नाम एवं लोकेशनः** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद, पं० दीन दयाल उपाधयाय, सोनपुर एवं समस्तीपुर मंडलो के विभिन्न स्टेशनों के लिए पैसेन्जर प्लेटफॉर्म शेल्टर (पीपी शेल्टर) के स्टील स्ट्रक्चरो की आपूर्ति, निर्माण एवं परिवहन का कार्य करने हेतु। **(2) कार्य का अनुमानित लागतः** रू. 29,75,37,278.08, **(3) जमानत राशिः** रू. 16,37,700.00, **(4) ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 07.03.2024, को 12:00 बजे। **(5)** वेबसाइट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है: **www.ireps.gov.in**

**अधिशासी इंजीनियर/पीडी**
**प्लान्ट डिपो, पूर्व मध्य रेल, डीडीयू**

पीआर/02294/पीडीएम/ईएनजीजी/टी/23–24/28

पांच अपराधी होटल में घुसकर तोड़फोड़ की, विरोध करने पर बाप-बेटे पर की अंधाधुंध फायरिंग

# दुकान के शुभारंभ से पहले पिता और पुत्र की गोली मारकर हत्या



निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में मंगलवार देर रात होटल में घुसकर 5 अपराधियों ने बाप-बेटे पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। दोनों की इलाज के दौरान पटना में मौत हो गई है। मृतक की पहचान मंगुराहियां गांव निवासी किरण यादव (50) और विराट कुमार (22) के रूप में हुई है। मृतक किरण यादव के छोटे भाई सुनील का मंगुराहियांचौक पर पहले भागीरथ होटल था, जो बंद हो गया। उसी जगह पर सुनील यादव ने नई मिठाई की शॉप खोली थी। बुधवार को उसका उद्घाटन होना था। शॉप में मिठाई और बाकी सामान रखा था। तभी देर रात 2 बजे 5 अपराधी आए और तोड़फोड़ करने लगे। इसी दौरान सुनील के बड़े भाई किरण के बेटे विराट ने विरोध किया। जिस पर अपराधियों ने उसे गोली मार दी। जिसके बाद किरण आएं तो उन्हें भी गोली मार दी। वारदात के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा कि सभी कार से आए थे। गोली लगने के बाद दोनों को शहर के एक प्राइवेट अस्पताल लाया गया। यहां से प्राथमिक इलाज के बाद पटना रेफर कर दिया गया। पटना में इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। घटना की सूचना पर मिलने के बाद मुजफ्फरपुर के एसएसपी राकेश कुमार और एसडीपीओ कुमार चंदन घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए हैं।

## सड़क दुर्घटना में दो युवकों की हुई मौत

निज संवाददाता



**शेखपुरा।** शेखपुरा के चेवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत शेखपुरा-सिकंदरा मुख्य सड़क मार्ग पर मंगलवार की रात चिंतावनचक गांव के मोड़ के पास बाइक एक्सीडेंट में दो युवकों की मौत हो गई। चेवाड़ा थाना अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों अपने गांव से ही एक दोस्त की शादी में शामिल होने लखीसराय के रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मसौढा गांव जाने वाले थे। मृतकों की पहचान चिंतावनचक गांव निवासी गंगा केवट के 22 वर्षीय पुत्र राहुल केवट और उसी गांव के राजीव पासवान के 20 वर्षीय पुत्र राकेश पासवान के रूप में की गई है। बताया गया कि गांव से बारात निकलने के पहले दोनों युवक एक ही बाइक पर बिना हेलमेट के तेज गति में चलाकर चेवाड़ा बाजार से घर वापस लौट रहे थे। मौसम खराब रहने के चलते बारिश भी हो रही थी, जिसके चलते बाइक चला रहे युवक ने गांव के मोड़ के पास संतुलन खो दिया और दोनों बीच सड़क पर गिर पड़े। एक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि दूसरे युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत रास्ते में हो गई। दोनों के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद मृतकों के परिवार वालों के बीच कोहराम मच गया है। जबकि पूरे गांव में मातम पसर गया है।

## पुलिस ने तीन लाख के गांजे के साथ तीन तस्कर को किया गिरफ्तार

- बंगाल से भागलपुर ले जाया जा रहा था 14 किलो 890 ग्राम गांजा
- दालकोला चेकपोस्ट पर हुई कार्रवाई



निज संवाददाता

**पूर्णिया।** पूर्णिया में गांजे की तस्करी करने वाले तीन तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्कर भागलपुर जिले के रहने वाले हैं। तस्करों के पास से 14.890 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। गांजे की कीमत करीब 3 लाख रुपए आंकी जा रही है। गांजे की इस खेप को बंगाल से भागलपुर ले जाया जा रहा था। हालांकि वे इसमें कामयाब होते इससे पहले ही बायसी थाना क्षेत्र के दालकोला चेक पोस्ट पर पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। पकड़े गए तस्करों की पहचान भागलपुर जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र बैकुंठपुर के वार्ड-24 निवासी कैलाश मंडल के बेटे विनोद कुमार, खरीक थाना क्षेत्र के काजी कोरैया वार्ड-3 निवासी मिथिलेश मंडल के बेटे लड्डू कुमार, खरीक थाना क्षेत्र के काजी कौरैया के वार्ड-4 निवासी दासु मंडल के बेटे लुखो मंडल के रूप में हुई है।

सुशील कुमार ने बताया कि फोन पर उन्हें गुप्त सूचना मिली थी तीन तस्कर बंगाल से गांजे की खेप लेकर बस से भागलपुर जा रहे। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और दालकोला चेकपोस्ट पर सख्ती से हर एक वाहन की चेकिंग की जाने लगी। तलाशी के क्रम में बस पर बैठे कुछ युवक संदिग्ध हरकत करते हुए दिखाई दिए। जिसके बाद पुलिस ने जब तलाशी ली तो तीन तस्करों के पास से 14 किलो 890 ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पकड़े गए तस्करों ने बताया कि वे बंगाल से गांजे की खेप लेकर भागलपुर जा रहे थे।

## सरस्वती पूजा की धूम, पंडालों की सजावट ने मोहा मन

**पूर्णिया (नि.सं.)।** पूर्णिया में शिक्षण संस्थानों से लेकर सार्वजनिक पूजा पंडालों में सरस्वती पूजा की धूम दिख रही है। विद्या की देवी के आगमन को लेकर विशेष तैयारी की गई है। लोग मां सरस्वती की अराधना में डूबे हैं। मां की उपासना को लेकर शिक्षण संस्थानों से लेकर सार्वजनिक पूजा पंडालों में वीणा दायिनी की पूजा-अर्चना की जा रही है। खासकर बच्चों व स्टूडेंट्स में इसे लेकर काफी उमंग देखने को मिल रहा है। सरस्वती पूजा को लेकर पूजा पंडालों को विशेष लुक दिया गया है। मां सरस्वती की भक्ति गीतों और जयकारों से पुरा शहर गूंज उठा है।मेडिकल कॉलेज पूर्णिया में पहले सरस्वती पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पूरा कैंपस दुल्हन की तरह दिखाई दे रहा है। बड़ी संख्या में मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट्स और फैकल्टी पूजा में शामिल हुए। इस खास मौके को लेकर स्पोर्ट्स, कल्चरल प्रोग्राम भी आयोजित किए गए हैं। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती का धरती पर आगमन हुआ था। भगवान कृष्ण ने सरस्वती मां से प्रसन्न होकर उनके जन्मदिवस को एक उत्सव की तरह मनाने का उन्हें वरदान दिया।

## नप ईओ ने 11 नर्सिंग होम का किया औचक निरीक्षण, कमी मिलने पर भड़के



निज संवाददाता

**किशनगंज।** किशनगंज में नप ईओ ने एक साथ 11 नर्सिंग होम का औचक निरीक्षण किया है। इस दौरान नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी ने नर्सिंग होम के संचालकों को जांच कर कमियों को दूर करने और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार किशनगंज जिलाधिकारी तुषार सिंगला के निर्देश अनुसार नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अतिउर रहमान ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों के साथ नगर क्षेत्र के कुल 11 नर्सिंग होम की जांच की है। इस दौरान नर्सिंग होम में बायोमेडिकल वेस्ट नियमावली 2016 का अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर नर्सिंग होम संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। साथ ही नर्सिंग होमो में ऑपरेशन बेड, साफ-सफाई, दवाइयों का स्टॉक, मरीजों के वार्ड आदि का निरीक्षण कर कमी मिलने पर कार्यपालक पदाधिकारी ने जमकर फटकार भी लगाई है। संचालकों को व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। इस दौरान नप कार्यपालक पदाधिकारी अतिउर रहमान ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में काफी अवैध नर्सिंग होम संचालित किया जा रहा है।

## दूध टैंकर और बोलेरो की टक्कर में एक महिला हुई घायल

निज संवाददाता

**समस्तीपुर।** जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया बाजार स्थित भगवती स्थान पानी टंकी के पास बुधवार सुबह बोलेरो व दूध टैंकर के बीच हुई टक्कर में घर के दरवाजे पर बैठी एक महिला व उसकी बच्ची वाहन के चपेट में आ गई। जिससे महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जबकि उनकी बच्ची बाल-बाल बच गई। महिला गांव के हीरालाल महतो की पुत्री काजल कुमारी है। महिला को गांव के लोगों ने विभूतिपुर के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना के संबंध में बताया गया है कि सुबह करीब 7:00 बजे में रोसड़ा की ओर से एक दूध टैंकर आ रहा था और सिंघिया बाजार की ओर से रोसड़ा की तरफ एक बोलेरो जा रही थी। इसी दौरान भगवती स्थान के पास दोनों के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। घटना में घर के दरवाजे पर अपनी डेढ़ साल की बच्ची हंसिका कुमारी को लेकर बैठी काजल देवी चपेट में आ गई। वो बोलेरो के नीचे दब गई। हालांकि इस दौरान उसकी बच्ची गोद से फेंका गई जिससे वह बाल-बाल बच गई।

शोर होने पर जुटे लोगों ने बोलेरो को पलट कर महिला को बाहर निकाला। जिसके बाद उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। उधर, इस घटना के बाद दूध टैंकर का चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। दूसरी ओर बोलेरो का चालक वाहन से कूद कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर विभूतिपुर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। घटना को लेकर एक प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है।

## अपराधियों ने पेट्रोल पंप कर्मी से लूटी 1.40 लाख रुपए



निज संवाददाता

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** मोतिहारी में अपराधी लगातार पेट्रोल पंप को अपना निशाना बना रहे है। ताजा मामला मोतिहारी के डुमरियाघाट थाना क्षेत्र में से आया है। जहां स्टेट हाईवे–74 हुसैनी स्थित ओम मां शांति किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप पर हथियारबंद बदमाशों ने हथियार के बल पर नोजल मैन से एक लाख चालीस हजार रुपए लूट की घटना को अंजाम दिया। वहीं पंप पर काम करने वाले पांच कर्मियों से मोबाइल भी छीन लिए। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात करीब दस बजे बाइक पर सवार तीन की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने बंदूक के नोक नोजल मैन शाहरुख को बंधक बना लिया। फिर घटना को अंजाम देकर केसरिया के तरफ भाग निकले। नोजल मैन शाहरुख ने बताया कि एक बाइक पर सावर हो कर तीन अपराधी आया और पेट्रोल देने को कहा, जब वो पेट्रोल देने के लिए बढ़ा तो दो बदमाश कमर से पिस्टल निकाल कर सभी का मोबाइल छीन लिया फिर जेब और गल्ले में रखे पैसे कुल एक लाख चालीस हजार रुपए लूट कर फरार हो गए। जिसके बाद इसकी सूचना पंप मालिक को दिया गया। डुमरिया घाट थानाध्यक्ष ध्रुवनारायण ने बताया की पंप पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। उससे अपराधी की पहचान की जा रही है। सभी लुटेरे चेहरे पर मास्क लगाए हुए थे।

## साइबर अपराधियों ने 43 हजार रुपए ठगे

निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर नगर थाना क्षेत्र के अखाड़ाघाट रोड निवासी महिला ज्योति राज के खाते से साइबर अपराधियों ने भारतीय क्रिकेट टीम के पेज को ऑनलाइन फॉलो करने के नाम पर 43 हजार रुपए की ठगी की है। ठगी की शिकार पीड़िता ने अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित ने प्राथमिकी में बताया गया है कि ठगी के क्रम में पहले मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। जिसमें फोन करने वाली महिला ने अपना परिचय देते हुए खुद का नाम प्रियंका बताया। जिसमें महिला ने अपना परिचय देते हुए खुद को एचआर डिपार्टमेंट से जुड़ा हुआ बताया। जिसमें उसने बताया कि वह विभिन्न बड़े कंपनियों की मार्केटिंग में कंपनी को सहयोग करती है। कंपनी का प्रचार करने व पेज को फॉलो करने पर 150 रुपए देगी। जिसके बाद महिला ने उसे एक लिंक मोबाइल पर भेजा। भेजे गए लिंक पर क्लिक करते ही भारतीय क्रिकेट टीम का लिखा हुआ एक असली व्हाट्सएप नंबर दिखा। इसके बाद उसका नाम, नंबर और उम्र पूछा गया। जिसके बाद साइबर फ्रॉड ने खाते में तुरंत 150 रुपया भी भेज दिया। इसके बाद साइबर अपराधियों ने फिर उसे टेलीग्राम पर एक और लिंक भेजा। उसपर क्लिक करते ही उस पेज को लाइक करने को कहा गया। उसके बाद उसे टेलीग्राम के एक ग्रुप में ऐड कर दिया।

## शराब धंधेबाजों को पकड़ेगा बेल्जियम नस्ल के प्रशिक्षित स्निफर डॉग, साथ ही शराब की भट्टी का भी टाइगर पता बताएगा

निज संवाददाता



बांका। बांका में शराब के धंधेबाजों पर नकेल कसने के लिए उत्पाद विभाग अब टाइगर की मदद लेगा। इससे ट्रेन, बस या भीड़-भाड़ वाले इलाके में शराब लेकर चलने वाले लोगों को आसानी से पकड़ा जा सकेगा। साथ ही शराब की भट्ठी का भी टाइगर पता बताएगा। बेल्जियम नस्ल के प्रशिक्षित स्निफर डॉग को बांका लाया गया है। पटना में विशेष ट्रेनिंग के बाद उत्पाद विभाग के कार्यालय में उसे रखा जा रहा है। यह स्निफर डॉग शराब और मादक पदार्थों की दूर से ही गंध पहचान लेता है। इसके लिए इसे विशेष ट्रेनिंग दी गई है। उत्पाद विभाग की टीम इसका इस्तेमाल झारखंड से सटे सीमावर्ती चेकपोस्टों और नाकों पर करने की तैयारी में है। इसके अलावा झारखंड की ओर से आने वाली ट्रेनों और बसों में शराब की जांच के लिए भी टाइगर की मदद ली जाएगी। दरअसल, शराब की तस्करी के लिए तस्कर नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। लगातार अभियान के बाद भी शराब की बड़ी खेप पकड़ी जा रही है। ऐसे में अब शराब तस्करी को रोकने के लिए स्निफर डॉग टाइगर का सहारा लिया जाएगा। डॉग की देखरेख में तैनात राहुल झा ने बताया कि इसे दो बार खाना दिया जाता है। साथ ही सुबह और शाम टहलाने के लिए फिलहाल निकाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि कि इस डॉग का नाम टाइगर रखा गया है। यह दूर से ही शराब और मादक पदार्थों की गंध पहचान सकता है। शराब तस्करी रोकने के लिए उत्पाद विभाग की ओर से लगातार अभियान चलाया जाता है, इसके बाद भी शराब की बड़ी खेप पकड़ी जा रही है। इसको लेकर नए उत्पाद अधीक्षक रवींद्र ने बताया कि वे लोग चेक पोस्टों के अलावा सीमावर्ती इलाकों में अन्य रास्तों पर भी नजर रखेंगे। ऐसे रास्तों के बारे में जानकारी ली जा रही है। इन रास्तों का उपयोग शराब तस्करी के लिए तस्कर नहीं कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि भागलपुर और बांका की उत्पाद विभाग की टीम मिलकर नोडल रेड भी करती है। उत्पाद विभाग के अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि शराब तस्करी रोकने के लिए स्निफर डॉग टाइगर की मदद ली जाएगी। इसके अलावा चेक पोस्टों पर हर रोज जांच अभियान चलाया जा रहा है।

## हत्याकांड मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**गोपालगंज (नि.सं.)।** गोपालगंज के नगर थाना क्षेत्र के तुरकान्हा स्थित नहर पुल के पास पिछले दिनों AIMIM नेता हत्याकांड मामले में पुलिस ने 7 नामजद आरोपियों में से 3 मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दिया है। वहीं अन्य 4 फरार नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने आपसी रंजिश में हत्या की बात कही है। साथ ही उन्होंने कहा कि हत्याकांड में प्रयुक्त बरामद बाइक पटना के बेऊर थाना क्षेत्र इलाके की है। दरअसल, AIMIM नेता अब्दुल सलाम की हत्याकांड के बाद AIMIM नेताओं का जमावड़ा पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचने का सिलसिला जारी है। वहीं, पीड़ित परिजनों से मिलने के लिए AIMIM के प्रदेश अध्यक्ष और अमनौर विधायक अख्तरुल इमान मृतक अब्दुल सलाम उर्फ असलम मुखिया के घर पहुंचे।

## पार्षद पति हत्या मामले का खुलासा हथियार के साथ चार अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता



कटिहार। 18 जनवरी को कटिहार नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत दिनदहाड़े बीच सड़क पर निगम पार्षद पति छोटू पोद्दार एवं उनके साथी प्रीतम चौधरी को गोलियां से भूनकर मौत के घाट उतार दिया गया था। हत्या के इस मामले का कटिहार पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस की तफ्तीश के दौरान पता चला कि छोटू पोद्दार और वकार अंसारी, इकबाल अंसारी, मिट्ठू उर्फ शाहनवाज और असरल जहांगीर यह सभी जमीन खरीद बिक्री के कारोबार से जुड़े हैं, जिसको लेकर दोनों के बीच तनातनी चल रही थी। यही कारण है कि वकार अंसारी अपने अन्य साथियों के साथ पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी मे छोटू पोद्दार को रास्ते से हटाने के लिए साजिश रचते हुए 18 जनवरी को रेकी कर छोटू पोद्दार और प्रीतम चौधरी को नगर थाना क्षेत्र के हरगंज चौक सब्जी मंडी के पास गोलियां से भून दिया। इस दौरान एक गोली छोटू पोद्दार के ड्राइवर को भी लगी। एसपी जितेंद्र कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान मामले का उद्भेदन करते हुए कहा कि इस हत्याकांड के तार जेल से भी जुड़े हैं, जिसकी जांच की जा रही है। जबकि छोटू पोद्दार हत्याकांड में इन चार अपराधियों के अलावा भी कई अपराधी है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इन अपराधियों के पास से दो देसी कट्टा तीन जिंदा कारतूस सहित कई वीडियो एवं ऑडियो बरामद की गई है।

## ट्रक में आग लगने से जिंदा जला ड्राइवर, मौत

निज संवाददाता



**मधेपुरा।** मधेपुरा में एक ट्रक में आग लगने से ड्राइवर की जिंदा जलने से मौत हो गई। आग बुझने के बाद ट्रक के अंदर से उसकी हड्डियां मिली, जिसके कारण मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि मधेपुरा से उदाकिशुनगंज जा रहा कोयला लदा ट्रक मंगलवार रात 12 बजे अचानक अनियंत्रित होकर पांच दुकानों को तोड़ते हुए बिजली पोल से टकरा गया। तभी अचानक ट्रक में आग लग गई। देखते देखते आग की लपटें उठनी शुरू हो गई। इसी दौरान ट्रक के इंजन के हिस्से में फंसे ड्राइवर की जलने से मौत हो गई। हालांकि, ट्रक में खलासी का अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। हादसा ग्वालपाड़ा प्रखंड अंतर्गत अरार ओपी क्षेत्र के रेशना बाजार की है। लोगों ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी। सूचना पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों की मदद से घंटों बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि, ट्रक में आग कैसे लगी, इसका भी पता नहीं चल पाया है। घटनास्थल पर पहुंची अरार ओपी पुलिस जांच कर रही है। अनियंत्रित ट्रक ने रेशना बाजार में 5 लोगों की दुकान को भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसमें सलाउद्दीन की अंडा दुकान, सनाउल्लाह की मोबाइल शॉप, लाल मनोहर दास की जनरल स्टोर, रविंद्र ठाकुर का सैलून और सामो दास की किराना दुकान शामिल है। ट्रक का रजिस्ट्रेशन नंबर UP12BT 4872 है, जो मधेपुरा से उदाकिशुनगंज की ओर जा रहा था। हादसे के बाद ट्रक का इंजन का हिस्सा भी पूरी तरह से जलकर राख हो गया है। अरार ओपी अध्यक्ष पप्पू कुमार ने बताया कि देर रात स्थानीय लोगों से ट्रक में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर दमकल की गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। ट्रक में कोयला लदा हुआ था। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस जांच कर रही है। वहीं ट्रक से बरामद डेड बॉडी के पार्ट को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

## घरेलू गैस सिलेंडर में लगी आग, पति-पत्नी सहित चार झुलसे, घायल



निज संवाददाता

**मोतिहारी (पश्चिमी चम्पारण)।** मोतिहारी में घरेलू गैस सिलेंडर में हुए रिसाव से लगी आग में खाना बना रही महिला, उसके दो बच्चे और उसका पति गंभीर रूप से झुलस गए। सभी को आनन-फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज चल रहा है। तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ी की मदद से ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखा सारा सामान जल कर राख हो गया। घटना छौड़ादानो थाना क्षेत्र के जुआफर गांव की है। घायल गृह स्वामी 40 वर्षीय गिरधारी प्रसाद ने बताया कि उसकी पत्नी किचन में खाना बना रही थी, उसके दो बेटे 10 वर्षीय शिवम और 4 वर्षीय सत्यम मां के पास ही था। इसी बीच गैस सिलेंडर लीक करने के कारण अचानक से सिलेंडर में आग पकड़ लिया, जब तक कुछ समझती तब तक किचन में चारों तरफ से आग पकड़ ली। वह खुद और बच्चे को लेकर घर से भागी तब तक उसका एक बेटा सत्यम घर में ही फंस गया, जैसे ही इस बात की जानकारी गिरधारी को लगी, वह बेटे को बचाने के लिए घर में घुस गया। बेटा को तो सुरक्षित बचा लिया, लेकिन खुद बुरी तरह झुलस गया। ग्रामीणों ने आगजनी की सूचना फायर ब्रिगेड की गाड़ी को दी, जिसके बाद घटनास्थल पर तीन फायर की गाड़ी आई और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया, तब तक घर में रखा हुआ सारा सामान जल कर राख हो गया। छौड़ादानो सीओ ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। सीआई को जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद मुआवजा उसके आधार पर दिया जाएगा।

## पेट्रोल का पैसा मांगने पर पेट्रोल पंप कर्मी को अपराधियों ने हथियार से की मारपीट, घायल

निज संवाददाता

**जमुई।** जमुई के सोनो थाना क्षेत्र के भीठरा एस फ्यूल सेंटर पर मंगलवार की रात एक ऑटो से पहुंचे सात बदमाशों ने वहां मौजूद पेट्रोल पंप कर्मी विकास कुमार से पहले 500 रुपए का पेट्रोल लिया। उसके बाद जब विकास ने पैसे की मांग की तो ऑटो पर सवार सभी बदमाश पेट्रोल पंप कर्मी विकास के साथ मारपीट करने लगे। एक युवक ने हथियार की बट से उसकी नाक पर हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद कुछ लोगों ने पूरे मामले की जानकारी सोनो थाने की पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो भाग रहे दो बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान सोनो थाना क्षेत्र के जुगड़ी निवासी अंकित सिंह, प्रिंस सिंह के रूप में की गई है। घटना के बाद बिना पैसा दिए 5 बदमाश ऑटो से फरार हो गए। घायल पेट्रोल कर्मी की हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल पेट्रोल पंप कर्मी की पहचान खैरा थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी विकास कुमार के रूप में की गई है। घायल ने बताया कि वह प्रत्येक दिन की तरह बुधवार की रात भी अपने पेट्रोल पंप पर अकेले था। तभी एक ऑटो से सात युवक पहुंचा और 500 का पेट्रोल मांगा। पेट्रोल देने के बाद जब उससे रुपए की मांग की गई तो सभी बदमाश गाली गलौज करते हुए कहा कि रंगदारी महीना बांध दिया जाएगा। तुमको देना होगा और उसके साथ अचानक हथियार की बट से हमला कर दिया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# मोदी के 'चार सौ पार' के दावे में गुंथे सियासी प्रबंधन के तार..!

## काशी और मथुरा, मंतव्य स्पष्ट

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की सराहना करते हुए वाराणसी और मथुरा में हिंदू पक्षों के दावों का समर्थन करके जहां अपने मंतव्य को स्पष्ट किया है, वहीं समाज में आधिकारिक स्तर पर एक विमर्श को भी जन्म दिया है। उत्तर प्रदेश की विधानसभा में मुख्यमंत्री का यह भाषण अनेक अर्थों में कालजयी है, जिसमें समय परिवर्तन की गूंज भी निहित है। ऐसे भाषण की कल्पना पहले असंभव थी। एक नए उभरते भारत के सबसे महत्वपूर्ण राज्य उत्तर प्रदेश में धर्मस्थलों और मंदिरों के शहरों के प्रति लगाव नई दशा और दिशा का सूचक है। मुख्यमंत्री ने राम मंदिर के निर्माण में बाधा डालने के लिए विपक्षी दलों की भी आलोचना की है और साथ ही, उन पर राजनीतिक लाभ के लिए आक्रमणकारियों का महिमामंडन करने का भी आरोप लगाया है। मंदिर बहुल शहरों के विकास पर ध्यान देना प्रशंसनीय है और इसमें संदेह नहीं कि यह काम पहले भी हो सकता था। धार्मिक महत्व के ज्यादातर शहर बुनियादी सुविधाओं के अभाव और गंदगी से बहुत परेशान रहे हैं। अतः अब अगर इस विषय पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है, तो स्वागतयोग्य है। राजनीतिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण राज्य उत्तर प्रदेश में अपने दूसरे कार्यकाल के लगभग मध्य में मुख्यमंत्री ने वाराणसी में ज्ञानवापी और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान की मुक्ति की ओर साफ संकेत किया है। द्वापर में महाभारत से बचने के लिए श्रीकृष्ण ने कौरव सभा में महाराजा धृतराष्ट्र से पांडवों के लिए पांच गांव मांगे थे, ठीक वैसे ही मुख्यमंत्री ने निवेदन किया कि आज हिंदू समाज आस्था के केवल तीन केंद्र मांग रहा है। आधिकारिक रूप से विधानसभा में की गई यह मांग न केवल ऐतिहासिक है, बल्कि इसका व्यापक असर हमारे समाज पर आने वाले दिनों में दिखाई पड़ सकता है। वैसे समुदाय विशेष पहले इस तरह की मांग को एकाधिक बार खारिज कर चुका है। जब प्रधानमंत्री पद पर चंद्रशेखर बैठे थे, तब भी और प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के समय भी यह निवेदन चर्चा में आया था, पर अब तक ऐसे निवेदनों को बहुमत से ठुकराने का इतिहास ही जगह-जगह दर्ज है। तीन भगवान के नाम पर तीन स्थान अगर दे दिए जाते, तो किसी धर्मस्थल को जबरन ढहाने की नौबत शायद न आती। सवाल यह है कि क्या अब समुदाय विशेष में कुछ देने की भावना आएगी।

## यह दरार ठीक नहीं

केंद्र की बीजेपी नीत सरकार के खिलाफ दक्षिण के राज्य दिल्ली में धरना प्रदर्शन देने पहुंच चुके हैं। इस विवाद के उत्तर बनाम दक्षिण के चश्मे से देखा जाना कितना सही है। खास बात है कि चुनावी गणित से इतर इस प्रदर्शन के अधिक निहितार्थ है। इस प्रदर्शन में दिल्ली और पंजाब सरकार का भी समर्थन है। दक्षिणी राज्यों की ओर से वित्तीय पक्षपात की शिकायत करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन गंभीर घटना है। हालांकि इसके पीछे कुछ भूमिका राजनीति की भी हो सकती है, लेकिन फिर भी यह ऐसा मसला नहीं है, जिसे किसी भी तर्क से किसी एक पक्ष को दोषी ठहराते हुए खत्म मान लिया जाए। दिल्ली के जंतर-मंतर पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों और कांग्रेस विधायकों के साथ धरना दिया। उसी जगह पर केरल के मुख्यमंत्री ने गुरुवार को धरना दिया। उनके साथ दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्री के अलावा वाम दलों के दूसरे बड़े नेता तो थे ही, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नैशनल कॉन्फ्रेंस लीडर फारुख अब्दुल्ला भी थे। यानी यह किसी एक राज्य के मुख्यमंत्री का प्रदर्शन भर नहीं रहा। प्रदर्शन पर भले दो राज्यों के मुख्यमंत्री बैठे हों, ऐसी शिकायतें दूसरी तरफ से भी आ रही हैं। दक्षिणी राज्यों की ही बात करें तो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन भी ऐसी शिकायतें करते रहे हैं। उन्होंने इसी सप्ताह केरल के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर उनके प्रदर्शन के प्रति अपना समर्थन जताया। साउथ के ये तीनों राज्य मिलती-जुलती सी शिकायतें पेश कर रहे हैं। मुख्य रूप से उनका कहना है कि केंद्र सरकार ने उनके कर्ज लेने पर पाबंदियां लगा दी हैं और 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के चलते उन्हें मिलने वाला फंड भी कम हो गया है। ध्यान रहे केंद्र पर फंड मुहैया कराने में पक्षपात का आरोप अन्य राज्य भी लगा रहे हैं। मसलन, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी केंद्र पर मनरेगा का फंड रोकने का आरोप लगाते हुए इसी महीने की दो तारीख को कोलकाता में धरने पर बैठी थीं। मगर साउथ के राज्यों से उठती आवाजें अलग संदर्भ ले रही हैं। दक्षिणी राज्यों में 2026 में जनगणना के बाद प्रस्तावित डीलिमिटेशन को लेकर भी चिंता है। उत्तर भारत के राज्यों में जनगणना तेजी से बढ़ी है।

(अजय बोकिल)

अब सवाल यह है कि क्या भाजपा को लोकसभा चुनाव में इसका लाभ वोटों के रूप में मिलेगा, इसका जवाब पाने के लिए हमे नतीजों का इंतजार करना होगा। इसके दो कारण हैं। पहला तो यह कि भारत रत्न पुरस्कारों में निहित राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूर्ववर्ती अनुभवों में बहुत ज्यादा फलित होती नहीं दिखी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के उत्तर में संसद में आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा अपने दम पर 370 और एनडीए द्वारा 4 सौ के पार सीटें जीतने का जो दावा किया गया था, उसका आधार मोदी सरकार द्वारा भारत रत्न सम्मानों की झड़ी तथा विपक्षी तथा दूसरे दलों को अपनी छतरी में लाने के अभियान से समझा जा सकता है। वैसे प्रधानमंत्री ने जो दावा कर रहे हैं, वह जमीन पर कितना उतरेगा, यह तो चुनाव नतीजे ही बताएंगे, लेकिन उसे साकार करने की दिशा में स्वयं प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी भाजपा जिस तरह जमीन आसमान एक किए दे रही है, उससे लगता है कि यह सच हो भी सकता है। भले ही चुनाव पूर्व किए जा रहे ओपीनियन पोल के नतीजे अभी इस दावे को दूर की कौड़ी ही बता रहे हों। बहरहाल, भाजपा की चार सौ पार की यह रणनीति कई स्तरों पर नजर आती है और साम-दाम-दंड-भेद से प्रेरित है। नैतिक आधार पर इसकी आलोचना हो सकती है, लेकिन व्यावहारिक स्तर पर वह सफल होती दिखती है। यूं भी राजनीति मूलतः सत्ता का खेल है और कुर्सी ही इसका अंतिम साध्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह इसे बखूबी समझते हैं। इसीलिए दो कदम आगे बढ़ने के लिए एक कदम पीछे हटने में भी उन्हें गुरेज नहीं है। आज क्या हासिल होगा, यही उनका प्राथमिक लक्ष्य है। कल क्या होगा, भावी इतिहास इसका आकलन किस रूप में करेगा, नीति शास्त्र में उसे कहां जगह मिलेगी, नियम-कानूनो की लक्ष्मण रेखाओं की सुविधाजनक व्याख्या कैसे की जाएगी, आज लोकतंत्र की आधारभूत संस्थाओं के हाथ किसे सेल्यूट कर रहे हैं, जैसे सवाल आगे भी उठेंगे लेकिन मोदी राजनीति शास्त्र में इन सवालों की

> *शोर में गरीबी, बेरोजगारी, आर्थिक विकास में छिपी विषमता, जातीय और साम्प्रदायिक तनाव जैसे मुद्दे तूती की आवाज बनकर रह जाते हैं। इसमें दो राय नहीं कि बीते एक दशक में भाजपा ने यह साबित कर दिया है कि चुनाव प्रबंधन में उसका कोई सानी नहीं है और उस पर राजनीतिक बढ़त हासिल करनी है तो विरोधी दलों को अब भी नए उपकरण, नए तरीके और जुमले अपनाने होंगे। भाजपा को भाजपा के पिच पर नहीं हराया जा सकता।*

चिंता किए बगैर बहुतांश की जनाकांक्षा को किस भाव से पढ़ा जाए और उसे किस तरह अपने पक्ष में मोड़ा जाए, यह हिकमत ही नया पॉलिटिकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है। और मोदी इस प्रौद्योगिकी के मास्टर हैं। इसी बाजीगरी को इस साल घोषित पांच भारत रत्नों में बूझने की कोशिश मोदी के आलोचक कर रहे हैं। हालांकि, भारत रत्न जैसा सर्वोच्च पुरस्कार जाति, धर्म, समुदाय और क्षेत्रीय दुराग्रहों से परे है और देश की असाधारण सेवा के लिए दिया जाता है। लेकिन इस बार दिए गए पांचो भारत रत्नों में जाति और भौगोलिक क्षेत्र के महीन समीकरण साधने का भाव भी निहित है। भले ही घोषित तौर पर यहा कहा जाए कि हमने वैचारिक मतभेदों के परे जाकर भारत रत्न पुरस्कार दिए हैं। लेकिन न साधकर भी बहुत कुछ साधने की सियासी कारीगरी इसमें साफ झलकती है। अब सवाल यह है कि क्या भाजपा को लोकसभा चुनाव में इसका लाभ वोटों के रूप में मिलेगा, इसका जवाब पाने के लिए हमे नतीजों का इंतजार करना होगा। इसके दो कारण हैं। पहला तो यह कि भारत रत्न पुरस्कारों में निहित राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूर्ववर्ती अनुभवों में बहुत ज्यादा फलित होती नहीं दिखी है। इसका कारण शायद यह भी है कि पहले के कर्णधारों ने भारत रत्नों के जरिए राजनीतिक हित साधने की झीनी कोशिश जरूर की थी, लेकिन वह उतनी शिद्दत से नहीं थी, जैसी कि इस बार दिखती है। दूसरे, जो पुरस्कार दिए गए हैं या और भी दिए जा सकते हैं, वो ठीक चुनाव के मुहाने पर हैं। लिहाजा इसका कुछ न कुछ असर होने की पूरी संभावना है, जिसका फायदा भाजपा और एनडीए को किसी न किसी रूप में होगा। तीसरे, विचार और आग्रहों के स्तर पर जैसी जबर्दस्त गोलबंदी ऊपर से नीचे तक अब दिखाई दे रही है या करने की कोशिश की जा रही है, वैसी एक दशक पहले तक नहीं थी। जिस होशियारी से ये भारत रत्न दिए गए हैं, उसकी आलोचना मोदी विरोधी भी खुलकर नहीं कर पा रहे हैं। हालांकि इसमें खतरा यह है कि अगर यह दांव चल गया तो आने वाले समय में किसी भी प्रधानमंत्री को 'भारत रत्न लो और वोट दो' की नीति पर ही काम करना होगा। इसकी शुरूआत हो भी चुकी है। मायावती ने दलितों के नेता कांशीराम और शिवसेना ने बाला साहब ठाकरे को भारत रत्न देने की मांग कर दी है। इनके नामो की घोषणा हो भी सकती है बशर्ते ये सब एनडीए के शामियाने में अपना राजनीतिक स्टॉल लगा लें। दूसरे शब्दों में कहें तो अब किसी विशिष्ट क्षेत्र में अन्यतम योगदान के जरिए देश सेवा के लिए भारत रत्न देकर राष्ट्रीय कृतज्ञता जताने का दौर धुंधला चुका है। यह असंभव नहीं कि भारत रत्न अब जातीय/ सामुदायिक अथवा क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व या फिर राजनीतिक लामबंदी की योग्यता के आधार पर ही दिए जाने लगें। इसमें शक नहीं कि लोकसभा चुनाव में चार सौ पार का आंकड़ा हासिल करने के लिए भाजपा अपना एनडीए कुनबा बढ़ाने की हर संभव कोशिश कर रही है। पहले जदयू का लौटना, अब रालोद का एनडीए में शामिल होना, पंजाब में अकाली दल को लौटाने की कवायद इसी का हिस्सा है। उधर दक्षिण में पी.वी. नरसिंहराव को भारत रत्न देने का स्वागत पूर्व सत्तारूढ़ रही भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष केसीआर ने किया है। केसीआर की पार्टी ने तीन साल पहले पी.वी. नरसिंहराव की जन्मशती धूमधाम से मनाई थी और उन्हें 'तेलंगाना का गौरव' और 'भारतमाता का परम प्रिय पुत्र' कहा था। तब कांग्रेस खामोश ही रही थी। हालांकि, अब नरसिंहराव को भारत रत्न देने की घोषणा के बाद कांग्रेस यह कह रही है कि उन्हें प्रधानमंत्री तो हमने ही बनाया था। पी.वी. नरसिंहराव अविभाजित आंध्र के मुख्यमंत्री थे। ऐसे में आंध्र में भी इसका कुछ तो संदेश गया ही है। खासकर तब कि जब भाजपा और चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी फिर साथ आने की बात चल रही है। इसी तरह वर्तमान संदर्भों में महान कृषि वैज्ञानिक एम.एस. स्वामीनाथन को भारत रत्न देना विज्ञान प्रतिभा के सम्मान से ज्यादा तमिलनाडु की जनता को राजनीतिक संदेश देना ज्यादा है। हालांकि वहां की द्रविड राजनीति में अभी भी भाजपा के लिए कोई खास जगह नहीं है, लेकिन यह रेत में घरौंदा बनाने की कोशिश जरूर है। एक बात साफ है कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए केवल राम लहर, हिंदुत्व और सुनहरे आर्थिक सपनो के भरोसे नहीं है। वह इसी के समानांतर गरीब कल्याण, रेवड़ी कल्चर, सियासी गोलबंदी, धार्मिक ध्रुवीकरण, मोदी के वैश्विक नेता बनने, भारत के विश्व गुरू होने की दिशा में आगे कूच करने तथा युवाओं का सपना सच होने के दावों के टूल्स का भी भरपूर उपयोग कर रही है।

# बड़े बदलाव और ये विवाद

(शशि शेखर)

गुजरे हफ्ते तीन ऐसी बड़ी खबरों ने आकार लिया, जो देश की दशा-दिशा बदल सकती हैं। पहली, उत्तराखंड के रास्ते देश में समान नागरिक संहिता का दखल और सप्ताह के अंत में गृह मंत्री अमित शाह की घोषणा कि चुनाव से पहले समूचे देश में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू कर दिया जाएगा। दूसरी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मथुरा और काशी के धर्मस्थलों पर अपना अधिकार जताया जाना। तीसरी, कर-लाभ में अपनी हिस्सेदारी को हासिल करने के लिए दक्षिण के राज्यों की दिल्ली में दस्तक। इनके अलावा इसी हफ्ते एक और खबर ने सुर्खियां हासिल की, वह थी यूपीए सरकार की तथाकथित आर्थिक भूलों पर केंद्र सरकार द्वारा संसद में श्वेत-पत्र की प्रस्तुति। विपक्ष ने उसके पहले ही मौजूदा सरकार के एक दशक लंबे कार्यकाल के फैसलों पर 'ब्लैक-पेपर' जारी कर दिया। सबसे पहले समान नागरिक संहिता की बात। आपको याद होगा, प्रधानमंत्री मोदी के पहले कार्यकाल में जब यह मुद्दा पहली बार चर्चा में आया था। इसके साथ ही सीएए और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया गया था। अल्पसंख्यकों को लगा था कि यह हमें दर-बदर करने का अनूठा तरीका है। पूरे देश में विरोध की लहर फैल गई थी। कई जगह तो पुलिस से हिंसक झड़प भी हुई थी और इस दौरान 65 लोग मारे गए थे। इसका असर विकास-कार्यों पर भी पड़ा, क्योंकि लंबे समय तक इंटरनेट बंद करने पड़े थे। एक उदाहरण देता हूं। उन दिनों मैं कुछ दिन के लिए लैंसडोन गया था। लौटते समय पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक बड़े हिस्से में इंटरनेट नदारद मिला। मैंने रुककर परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों से बात की, तो जानकर चकित रह गया कि वे जरूरी पाठ्य-सामग्री से वंचित रह गए थे। मुफस्सिल छोटे कस्बों में, जहां समुचित मात्रा में किताबें उपलब्ध नहीं हैं, इंटरनेट एक अनिवार्य सहायक के तौर पर उभरा है। आप चाहें, तो इसे प्रधानमंत्री के 'डिजिटल इंडिया' की झलक भी मान सकते हैं। इसी दौरान नई दिल्ली के शाहीन बाग और देश के कुछ अन्य हिस्सों में लंबे धरने आयोजित हुए, जिन्होंने विदेशी मीडिया और एशियाई देशों की दरारों में टांग अड़ाने वालों को सुनहरा मौका मुहैया करा दिया था। शोर-शराबे के इस दौर में कोविड के झपट्टे ने इन आंदोलनों को ग्रस लिया, और सरकार ने भी उसे ठंडे बस्ते में डालने में भलाई समझी। इसका सबसे बड़ा कारण यह था कि असम में 1980 के दशक में प्रफुल्ल कुमार महंत की सरकार ने यह प्रयोग करने की कोशिश की थी। परिणाम त्रासद और अमानवीय साबित हुए थे। इसका यह मतलब मत निकाल लीजिएगा कि एनआरसी हमेशा के लिए ठंडे बस्ते में चला गया है। चुनाव से ऐन पहले समान नागरिक संहिता को चर्चा के केंद्र में लाकर सरकार ने अपनी मंशा साबित कर दी है। उत्तराखंड के बाद अब तमाम भाजपा शासित राज्यों ने इसे लागू करने की इच्छा जताई है। अमित शाह की घोषणा के बाद अब यह तय हो गया है कि समान नागरिक संहिता इस देश की हकीकत बनने जा रही है। उत्तराखंड में इसके लिए अभिनव तरीका इस्तेमाल किया गया। वर्ष 2018 में भारतीय विधि आयोग की मनाही के बावजूद उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई की सदारत में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक कमेटी गठित की, जिसने इसके प्रावधानों पर कानूनी मुहर लगा दी। समान नागरिक संहिता भारतीय जनता पार्टी का उतना ही पुराना नारा है, जितना जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की रुखसती का था। कश्मीर में वह सिलसिला संपूर्ण हो चुका है और अब समान नागरिक संहिता की बारी है। नरेंद्र मोदी भगवा दल के पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने पार्टी के इन पुराने वायदों को अमलीजामा पहनाया है। अच्छा होता कि इस मामले में सभी संबंधित पक्षों को विश्वास में लिया जाता।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5281

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5280

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन सफलता से भरा होगा और आप अपनी योजनाओं के अनुसार सभी कार्य पूर्ण कर लेंगे। आप अपने सभी कामकाजी गतिविधियों को जरूरत के मुताबिक संचालित करने में सफल रहेंगे। ऑफिस में साथी आपको मदद देने के लिए तैयार होंगे, लेकिन किसी पर भी आंखें बंद करके भरोसा न करें। आज के दिन इन सब कार्यों को एक एक करके निबटाने से कुछ काम तो बनते जाएंगे।

### वृष
आज का दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और आपके सभी कार्य एक के बाद एक पूरे हो जाएंगे। यदि आज आप किसी काम के लिए संकल्प लेंगे तो वह कार्य पूर्ण हो जाएगा। किसी प्रकार की व्यवस्था करने में आज का दिन बीतेगा। किसी जरूरी वस्तु की खरीद या फिर कहीं अटका हुआ पैसा निकालने में भी आपको मेहनत करनी पड़ेगी।

### कर्क
आज आर्थिक लाभ होगा। आपके कार्यक्षेत्र के वातावरण में सुधार होगा। कठोर प्रकृति का व्यक्ति नज़रों से दूर रहेगा और वातावरण में हल्कापन और मनोरंजन का रंग छाया रहेगा। किसी सहकर्मी या बॉस के द्वारा पार्टी देने से और भी चहल पहल बढ़ेगी। आपका दिन प्रसन्नता में बीतेगा और शाम को परिवार के लोगों के साथ एंजॉय करेंगे।

### सिंह
आज दिन परेशानियों वाला हो सकता है। आज आप कुछ मायूसी के मूड में रहेंगे। विपरीत हालातों से मन को व्यथा होगी। युवा वर्ग को दाम्पत्य जीवन अथवा प्रेम संबंधों को लेकर शिकायत रहेगी। जीवनसाथी का भरोसा जीतना जरूरी होगा। कुछ जरूरी खर्चे भी सामने आएंगे। बुजुर्गों का सहयोग कुछ हद तक माहौल को ठीक करने में सहायक होगा।

### मिथुन
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा। यदि आप अपने करियर में बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं तो अभी परिस्थितियां ठीक नहीं हैं। किसी भी काम में हाथ डालने से पहले अपने हम सफर से सलाह ले लें। निर्णय लेकर आगे बढ़ना है तो फिर कुछ प्राप्त करने के लिए कुछ खोना भी पड़ सकता है।

### कन्या
आज लाभ होगा और आज किसी मामले में आपकी शारीरिक शिथिलता और अस्वस्थता खत्म होती जाएगी। आपके द्वारा किए गए उपाय से आपको अच्छा परिणाम मिलने लगेगा। एक्सरसाइज योग आदि का अच्छा परिणाम मिलने लगेगा।

### तुला
आज फायदे का दिन है। आज के दिन किसी नये प्रॉजेक्ट पर आपका ध्यान आकर्षित होगा। हो सकता है इस क्षेत्र में कुछ पुराने मित्रों से आर्थिक सपॉर्ट मिल जाए। अगर किसी की सहायता करेंगे तो आपको भी कुछ आर्थिक लाभ हो सकता है। आपकी योजनाएं सफल होंगी और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी।

### वृश्चिक
आज का दिन तनाव और परेशानी वाला हो सकता है। आपकी मनोदशा कुछ तनावग्रस्त रहेगी। आपको आज परिवार के लोगों से हर प्रकार का सोपॉर्ट मिलेगा और आपकी कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। शाम के वक्त किसी मेहमान के घर आने से आपका काम बढ़ सकता है और आपको परेशानी हो सकती है।

### मकर
आज का दिन काफी व्यस्तता वाला हो सकता है। आज आपको जरूरी काम से कुछ धन की व्यवस्था करनी पड़ सकती है। यदि आप किसी एग्जाम परीक्षा के लिए तैयारी करना चाहते हैं तो फिर अपने घर के साधन भी व्यवस्थित कर लें तो आपको लाभ होगा। घर के वरिष्ठ सदस्य से टकराव मोल लेना सही नहीं है। आपको ऑफिस में सभी लोगों का सम्मान करने की जरूरत है।

### कुंभ
आज लाभ होगा और आज का दिन आपके लिए काफी व्यस्तता से भरा रहेगा। घर परिवार का वातावरण कुछ अवसादपूर्ण रहेगा। तनाव से उबरने का रास्ता यहीं है कि आज आप किसी मनोरंजक यात्रा पर निकल पड़ें। यदि आपके पास वाहन आदि नहीं भी हो तो सार्वजनिक वाहन का फायदा उठाया जा सकता है। आप परिवार के लोगों के साथ कहीं धार्मिक यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं।

### धनु
आज आर्थिक लाभ का दिन है और आज आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। अगर सैर सपाटे की योजना बन रही है तो यात्रा आदि के लिए कुछ तैयारी करनी होगी। कुछ अधूरे काम भी आपको पूरे करने होंगे। दोपहर के बाद दौड़भाग बढ़ जाएगी। जल्दबाजी में कोई गलती हो सकती है। हर काम संभलकर करें।

### मीन
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी और करियर के मामले में कोई काम की जानकारी आपको मिल सकती है। बिजनस या जॉब प्रॉस्पेक्ट को सुधारने के लिए कार्यक्रम में परिवर्तन करना पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में आपको तनाव और दबाव दोनों का सामना करना पड़ सकता है।

## वर्ग पहेली 5281



संकेतः बाएं से दाएं
1. पश्चिम एशिया में स्थित एक देश जिसमें महिलाओं के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य है (5)
5. यह प्रशांत महासागर में स्थित एक द्वीप राष्ट्र है जो ओशिआनिया महाद्वीप में स्थित है (2)
7. जो वस्तु जल में उत्पन्न हो (3)
8. सुगन्धित होना, महकना (4)
10. दमन करने वाला, अत्याचारी (5)
12. रक्तवाहिनी नली, नस (2)
15. यह मध्यप्रदेश प्रांत का नगर है जो [illegible] पत्थर के एक हिस्से का निर्माण करता है (2)
16. कचहरी, न्यायालय (4)
17. शक्तिशाली होना या [illegible] (2)
18. गिनती, अदद, संख्या (3)
19. मूल तथ्य, आंतरिक तथ्य (3)
20. नहाना, [illegible] (2)
21. इस नदी का एक नाम रेवा भी है (3)
22. यह थाइलैंड देश का पुराना नाम है (2)

ऊपर से नीचे
1. अभिव्यक्ति, प्रकटन, प्रकाशन (4)
2. पंच तत्वों में से एक, वारि, अंबु (2)
3. लालू यादव वाली राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (3)
4. नवीनता (3)
5. वजन या पारिश्रमिक शुल्क लेकर सेवा देना (3)
6. एक बांग्लादेशी गायिका जिन्होंने बांग्लादेश, भारत और पाकिस्तान की फिल्मी दुनिया में 1960 से 1985 तक बहुत गाने गाए हैं (2)
9. आवास स्थान, शयन [illegible] (3)
11. मेष से संबंधित एक नक्षत्र (2)
13. निर्धन, कंगाल, धनहीन (3)
16. कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि (4)
17. पुरानी फिल्मों के इस संगीतकार का बेटा अभिनेता निर्माता व निर्देशक तथा पोता एक प्रसिद्ध एक्टर है (3)
18. धुलाई, सफाई (2)
19. वचन, प्रतिज्ञा, संकल्प (2)

### वर्ग पहेली 5280 का हल



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

संक्षिप्त समाचार



## झारखंड में बारिश से गिरा पारा, ठनका से एक की मौत

**लातेहार, एजेंसी।** झारखंड के कई जिलों में मंगलवार को झमाझम बारिश हुई। इस कारण दिन के अधिकतम पारा में गिरावट दर्ज गई। तापमान गिरने से ठंड बढ़ गई है। अधिकतम तापमान में दो से नौ डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है।

वहीं, लातेहार जिला के चंदवा में ठनका गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटे के दौरान राज्य में बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। विभाग ने राज्य के कुछ हिस्सों में गरज के साथ वज्रपात होने का यलो अलर्ट जारी किया है।

पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश रांची के मांडर में 40 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को राजधानी समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में दिनभर बारिश होने के कारण राजधानी में पिछले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान नौ डिग्री नीचे गिरा। कई अन्य जिलों में भी अधिकतम तापमान में गिरावट आई है। वहीं राज्य के विभिन्न हिस्से में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि हुई है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण मंगलवार को राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश हुई। अगले दो दिन राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। शुक्रवार से मौसम साफ होने के आसार हैं। -अभिषेक आनंद, मौसम विज्ञानी

## समरेश सिंह आजसू छोड़ हुए भाजपा में शामिल

**जमशेदपुर, एजेंसी।** आजसू जमशेदपुर महानगर संयोजक समरेश सिंह पार्टी के जमशेदपुर के 11 मंडलों से अपने कई पदाधिकारी एवं 200 समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी का पार्टी में स्वागत किया। समरेश सिंह कहा की भाजपा के राष्ट्रवाद एवं पूर्व विधायक अरविन्द सिंह के समाज के प्रतिबद्धता से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा मे शामिल हुए। भविष्य मे पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी उसे बखूबी निभाने का प्रयास करूंगा।

निश्चित तौर पर बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में झारखण्ड में भाजपा आगामी लोकसभा के सभी चौदह सीटें एवं विधानसभा मे भी 60 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी।

## झारखंड के अस्पतालों में नई व्यवस्था, पोस्टमार्टम में धांधली पर लगेगी रोक, सॉफ्टवेयर के जरिए बनेगी रिपोर्ट

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के सरकारी अस्पतालों में बनने वाली मेडिको लीगल रिपोर्ट (एमएलआर) व पोस्टमार्टम रिपोर्ट (पीएमआर) में अब धांधली नहीं की जा सकेगी। एक बार रिपोर्ट बन जाने के बाद इसमें रिपोर्ट बनाने वाले भी अब किसी प्रकार का बदलाव नहीं कर पाएंगे।

इसका कारण यह है कि एमएलआर व पीएमआर अब मैन्युअल के बजाय कम्प्यूटराइज्ड बनाई जाएंगी, जो सॉफ्टवेयर आधारित होगी। यह व्यवस्था पूरी तरह ऑनलाइन होगी। झारखंड के निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं डॉ बीरेंद्र प्रसाद सिंह ने इस बाबत राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज एवं सिविल सर्जनों को पत्र जारी किया है।

निदेशक प्रमुख के अनुसार स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार इसके लिए गृह मंत्रालय के सहयोग से 'मेडिको लीगल एंड पोस्टमॉर्टम रिपोर्टिंग सिस्टम सॉफ्टवेयर' का उपयोग करने की दिशा में काम कर रहा है। यह सॉफ्टवेयर एनआईसी द्वारा विकसित किया गया है। सॉफ्टवेयर को लेकर बीते शुक्रवार को एनआईसी द्वारा बैठक की गई। इसमें राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों के एफएमटी विभाग के एचओडी शामिल हुए। रिम्स के एफएमटी, एचओडी डॉ संजय कुमार ने बताया कि बैठक में सॉफ्टवेयर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही सभी से इसके उपयोग को लेकर सुझाव भी मांगे गए। वर्तमान में मेडिको लीगल एंड पोस्टमार्टम रिपोर्ट हाथ से लिखी जाती है। इससे उसके तथ्यों से छेड़छाड़ की आशंका रहती है। अलग-अलग हैंडराइटिंग व क्षेत्रीय भाषा के प्रभावों से पढ़ने-समझने में भी दिक्कत होती है। डॉ संजय कुमार कहते हैं कि रिपोर्ट में एक-एक शब्द का महत्व है, जो कोर्ट में सुनवाई और निर्णय में अहम होता है। एक शब्द के मायने गलत निकलने पर पूरा केस बदल जाता है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र : अस्पतालों में लगेगा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस

### बताएगा कौन डॉक्टर कब ड्यूटी पर आए और कब वापस गए




**रांची , एजेंसी।** राज्य के अस्पतालों में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लगेगा। जो बताएगा कि कौन चिकित्सक कब अस्पताल में आए और कब ड्यूटी समाप्त कर निकले। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने प्रधान सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग को जल्द से जल्द यह व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग ने डिवाइस डेवलप करने की दिशा में काम प्रारंभ कर दिया है। इस तरह के डिवाइस देश के किन संस्थानों और फैक्ट्रियों में लगाए गए हैं, इसकी जानकारी हासिल की जा रही है। साथ ही डिवाइस लगाने वाली कंपनियों का ब्यौरा प्राप्त किया जा रहा है। ताकि सरकार उसके साथ समझौते अथवा टेंडर के माध्यम से डिवाइस लगाने का काम करा सके।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री ने पहले चरण में ग्रामीण इलाकों में अवस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और स्वास्थ्य उप केंद्रों में यह व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। क्योंकि ग्रामीण इलाकों के स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थापन के बाद भी अधिकतर चिकित्सक गायब रहते हैं।

उन्हें सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। सरकार के लाख प्रयास के बाद भी चिकित्सकों के ड्यूटी से गायब रहने की परंपरा बन चुकी है। फिर धीरे-धीरे राज्य के बड़े मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों, सदर अस्पतालों में भी निगरानी की यह व्यवस्था लागू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को एटीएम की तरह गुरुजी क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, ताकि छात्रों को यह महसूस हो कि उनके पास कोई क्रेडिट कार्ड है। जिसके माध्यम से सरकार द्वारा दी गई ऋण की राशि का वह उपयोग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि ऑनलाइन क्रेडिट व्यवस्था में उस तरह का छात्रों को अनुभव नहीं होगा, जो एटीएम से पैसे निकालने की तरह होता है। जानकारी के अनुसार, सीएम के निर्देश के बाद उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने इस दिशा में काम प्रारंभ कर दिया है।

डिवाइस लगने के बाद उसकी मॉनिटरिंग का हेड क्वार्टर स्वास्थ्य विभाग द्वारा राजधानी में तय किया जाएगा। यहीं से पूरे राज्य में चिकित्सकों की उपस्थिति और अनुपस्थिति अथवा गायब रहने की जानकारी इकट्ठा की जाएगी। इसके आधार पर सरकार द्वारा गायब रहनेवाले चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। झारखंड में 23 सदर अस्पताल हैं। 13 अनुमंडलीय अस्पताल, 93 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 330 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 3848 स्वास्थ्य उप केंद्र और 7 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं।

स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में विभाग आधुनिकतम तकनीक का उपयोग कर मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में तत्परता से काम कर रहा है। इस तरह के डिवाइस का उपयोग कर चिकित्सकों की उपस्थिति को उनके मोबाइल टैगिंग और फेस मैपिंग के माध्यम से सुनिश्चित किया जा सकेगा। दूसरा, टेली आईसीयू लागू किया जा रहा है। आईसीयू में अगर चिकित्सक नहीं भी रहें तो वह अपने मोबाइल पर मरीज की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त कर उचित परामर्श दे सकेंगे।

## स्कूल परिसर बन गया अखाड़ा, युवकों ने प्रधानाध्यापक की जमकर की कुटाई

**दुलमी, एजेंसी।** रजरप्पा थाना क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोसो के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार महतो के साथ विद्यालय में घुसकर कुछ युवकों द्वारा मारपीट की गई है। मारपीट की घटना 10 फरवरी शनिवार को सुबह विद्यालय परिसर में साफ-सफाई के दौरान बताई जाती है।

मारपीट की घटना को प्रधानाध्यापक ने रजरप्पा थाने में आवेदन देकर जानकारी देते हुए दोषियों पर कार्रवाई और सुरक्षा की गुहार लगाई है। प्रधानाध्यापक द्वारा थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि 10 फरवरी शनिवार को सुबह करीब 9 शिक्षक और विद्यार्थी मिलकर विद्यालय परिसर की साफ-सफाई कर रहे थे।

अचानक लगभग 10 से 15 की संख्या लड़कों का एक झुंड स्कूल में आया और सुमित नायक पिता कल नायक द्वारा विद्यालय का वीडियो मोबाइल से बनाने लगा, जिसमें वडियो बनाने रहे शिक्षकों के द्वारा मना करने पर वह उलझने लगा। इस पर प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार महतो ने जब युवकों को मना किया तो कुसुम्भा निवासी आकाश नायक, सुमित नायक प्रधानाध्यापक से मारपीट करने लगे।

उन युवकों के साथ आए दीपक नायक, प्रकाश नायक, राहुल नायक, निखिल नायक व पवन नायक द्वारा मारपीट किया गया। घटना से विद्यालय में पठन पाठन लगभग एक घंटा बाधित रहा। इसे लेकर प्रधानध्यापक ने थाने में आवेदन में दी है।

प्रधानाध्यापक ने बताया कि किसी तरह स्कूल के अन्य शिक्षकों ने उन्हें बचाया। इसके बाद दिनेश अपने स्कूल कार्यालय गए तो वहां भी स्कूल घुसे युवकों के झुंड ने जरूरी कागजात फाड़ने का प्रयास किया और गाली-गलौज करने लगे।

प्रधानाध्यापक ने पुलिस ने मामले पर जांच कर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। साथ ही उन्होंने इसकी लिखित जानकारी रामगढ़ उपायुक्त सहित पुलिस सहित शिक्षा विभाग को दी है और सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## 21 साल में एक करोड़ बार लिखा प्रेमिका का नाम : 30 साल पहले किया था इश्क, नाकाम हुए तो लिया संकल्प, पत्नी-बेटी ने दिया साथ

**रांची , एजेंसी।** झारखंड के 54 साल के किशोर गाबा को एकतरफा प्यार और नाकाम इश्क ने उन्हें इस ओर मोड़ दिया कि उन्होंने अपनी प्रेमिका के नाम पिछले 21 साल में एक करोड़ बार लिख दिया है। रांची के रातू रोड स्थित किसना नगर के रहने वाले किशोर 30 साल पहले एक लड़की से प्रेम कर बैठे। मोहब्बत खूब थी, लेकिन मोहब्बत का अंजाम शादी तक नहीं पहुंच सका।

प्रेमिका की शादी कहीं और हो गई। किशोर प्रेम में निराश हुए, लेकिन कभी आपा नहीं खोया। प्रेमिका की याद को हमेशा जीवित रखने के लिए उन्होंने 33 साल की उम्र में उसका नाम लिखना शुरू किया। उन्होंने संकल्प लिया कि अपनी प्रेमिका का नाम एक करोड़ बार लिखेंगे।

छह महीने पहले 26 अगस्त 2023 को एक करोड़ बार 'रीमा' नाम लिखना पूरा हुआ। किशोर कहते हैं कि काम के बाद जब समय मिलता उसका नाम लिखता हूं। नाम लिखने में एक अलग ही एनर्जी मिलती। मैं मानता हूं कि प्रेम भक्ति है, आराधना है।

एकतरफा प्यार में लोग गलत काम कर देते हैं। मैं उन सभी से कहना चाहता हूं कि प्यार सबसे पवित्र है, उसे महसूस कीजिए। जरूरी नहीं कि प्यार को अंजाम मिल ही जाए। कृष्ण और राधा का प्रेम भी पूरा नहीं हुआ।

किशोर गाबा की शादी ममता गाबा से हुई। दोनों की तीन बेटियां हैं। फिलहाल एक कपड़े की दुकान पर काम करते हैं। कहते हैं कि शादी के बाद जब पत्नी ने मेरे लिखने के बारे में जाना तो गुस्सा भी हुईं। फिर मेरे जुनून को जान सपोर्ट भी करती थीं।

लिखने के लिए काम करने में कोताही बरतता तो खूब उलाहना देती। बेटियां सब जानती हैं। वे भी मेरे जुनून को पूरा करने में साथ दीं। पत्नी ममता गाबा ने बताया कि सभी को प्यार हासिल नहीं होता।

अगर वे किसी का नाम लिख कर खुश हैं तो मैं क्यों उनकी खुशी खराब करूं। परिवार तब ही चलता है, जब पति-पत्नी एक-दूसरे को सपोर्ट करेंगे। किशोर कॉपी, कपड़े, रंगीन कागज, पोस्टकार्ड आदि पर नाम लिखते थे।

किशोर कहते हैं कि 'रीमा' नाम में 'मां' भी है और 'राम' भी। एक तरह से मेरा प्यार भक्ति की तरह है। मैं नहीं चाहता था कि मेरे प्यार के बारे में लोग जाने, लेकिन एक दोस्त ने इसे मीडिया को बता दिया। फिर मेरी कहानी जानने के लिए लोग मिलने लगे।

## लोकसभा चुनाव 2024: लोहरदगा में कांग्रेस और भाजपा का राज, कांटे की रही है टक्कर

**लोहरदगा, एजेंसी।** लोहरदगा लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा का राज रहा है। लोहरदगा सीट के लिए अब तक हुए 16 बार के आम चुनाव में से सात बार कांग्रेस, छह बार भाजपा, एक-एक बार झारखंड पार्टी, निर्दलीय और जनता पार्टी के सांसद रहे हैं। वर्तमान में लगातार तीन टर्म से भाजपा के सांसद सुदर्शन भगत जीत रहे हैं। तीनों कार्यकाल में उनकी जीत आसान नहीं रही है। हर बार उन्हें कांटे की टक्कर मिली है। लोहरदगा सीट पर भाजपा के सुदर्शन भगत से पहले कांग्रेस के कार्तिक उरांव तीन बार सांसद रह चुके हैं। उन्हें लोहरदगा की जनता ने 1967, 1971 व 1980 में सांसद चुना था। वहीं, उनकी पत्नी सुमति उरांव कांग्रेस से 1984 और 1989 में, जबकि भाजपा के ललित उरांव 1991 व 1996 में सांसद चुने गए। लोहरदगा सीट से सुमति उरांव एक मात्र महिला सांसद रही हैं। लोहरदगा सीट पर करीब 14 लाख मतदाता हैं। इसमें 40 फीसदी वोटर जनजातीय वर्ग से आते हैं, 16-16 प्रतिशत मतदाता सामान्य वर्ग व मुस्लिम समुदाय के हैं। जनजातीय वर्ग के वोटर्स को जो दल अपनी ओर बांधे रख सकती है, उन्हें जीत मिलती है। लोहरदगा में पिछले कुछ चुनावों के अनुसार जीत-हार में दो प्रतिशत से भी कम वोट अपनी भूमिका निभा रहा है।



**पांचों विस सीट पर महागठबंधन का कब्जा:** लोहरदगा लोकसभा सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव में भले ही भाजपा का कब्जा हुआ, लेकिन उसी साल हुए झारखंड विधानसभा के चुनाव में लोहरदगा लोकसभा में आने वाले पांचों विधानसभा सीट पर भाजपा को जीत नहीं मिल सकी। वर्तमान में इसमें तीन सीट पर झामुमो और दो सीट पर कांग्रेस के विधायक हैं। लोहरदगा से कांग्रेस के डॉ रामेश्वर उरांव, मांडर से कांग्रेस की शिल्पी नेहा तिर्की विधायक हैं, वहीं, गुमला से झामुमो के भूषण तिर्की, बिशुनपुर से चमरा लिंडा और सिसई से जिगा सुसारन होरो विधायक हैं।

**सुदर्शन भगत की राह नहीं होगी आसान:** लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुदर्शन भगत की राह इस बार आसान नहीं होगी। वे लगातार तीन बार से भाजपा के सांसद रहे हैं। तीनों बार उनकी जीत का अंतर अधिकतम 10 हजार है। 2019 में कांग्रेस के सुखदेव भगत को उन्होंने 10,363 मतों से हराया था। सांसद सुदर्शन भगत को पार्टी टिकट देती है तो फिर से कांटे की टक्कर होने की संभावना है।

## झारखंड के कई जिलों में बारिश की संभावना : 13 जिलों में ओलावृष्टि का यलो अलर्ट

**रांची , एजेंसी।** झारखंड के कई जिलों में पिछले 24 घंटे में झमाझम बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज भी राजधानी रांची समेत कई जिलों में बारिश की संभावना जताई है। वहीं, कुछ जिलों में ओलावृष्टि की भी संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि, कई शहरों में खिली धूप के चलते ठंड से राहत मिली है।



रांची समेत झारखंड के कई हिस्सों में सोमवार रात से शुरू हुई बारिश मंगलवार की दोपहर तक होती रही। इससे दिन के तापमान में 9 डिग्री तक की कमी देखी गई। पिछले 24 घंटे में रांची में 12 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। घने बादल लगे होने की वजह से रात के न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। जिसके बाद पारा 16 डिग्री तक दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर की वजह से रांची समेत पूरे झारखंड में बारिश हो रही है। 14 और 15 फरवरी को भी मेघ गर्जन के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी दी गई है। ऐसा ही मौसम 17 फरवरी तक बना रहेगा। 13 जिलों में ओलावृष्टि की संभावना है।

रांची में मौसम विभाग के साइंटिस्ट अभिषेक आनंद के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से पूरे राज्य में बारिश और थंडरस्टॉर्म की संभावना है। बारिश को लेकर पूरे राज्य में ब्लू अलर्ट जारी किया गया है। वज्रपात को लेकर भी यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, पूरे राज्य में बारिश होने की संभावना है। बारिश के साथ-साथ वज्रपात भी हो सकती है। राज्य के कई जिलों में ओलावृष्टि भी हो सकती है। बदले मौसम के साथ लोगों को सतर्क रहने की भी सलाह दी गई है। जिन जिलों में ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है, उनमें गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, रांची, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, कोडरमा, हजारीबाग, देवघर और गुमला शामिल है।

## तेज रफ्तार हाईवा ने बाईक सवार को कुचला, एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत

**चाईबासा, एजेंसी।** पश्चिमी सिंहभूम के सोनुआ-गुदड़ी मुख्य सड़क में एक तेज रफ्तार हाईवा ने बाईक सवार को कुचल दिया। इस एक्सीडेंट में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

मृतक युवक की पहचान कराईकेला थानाक्षेत्र के जोनुआ निवासी राजू हाईबुरु (21 वर्ष) के रूप में हुई। जबकि गंभीर रूप से घायल युवक कराईकेला थानाक्षेत्र के बारूकुंडी गांव का राजपाल पूर्ती (26 वर्ष) है। सोनुआ थाना पुलिस ने घायल युवक को सोनुआ अस्पताल में प्राथमिक ईलाज के बाद सदर अस्पताल चाईबासा रेफर कर दिया। जबकि मृतक का शव को पुलिस ने बरामद कर सोनुआ अस्पताल में रखा है।

घटना के बाद हाइवा वाहन मौके से फरार हो गया।जानकारी के मुताबिक दोनों युवक बाईक से सोनुआ के चिनीकुटी गांव आए थे। वापसी के दौरान ये दोनो बांझीकुसुम के पास सोनुआ से पोड़ाहाट की ओर से जा रहे एक तेज रफ्तार बेकाबू हाईवा की चपेट में आ गया।

## बाकारो में नई उपायुक्त : 34वें उपायुक्त के रूप में जाधव विजया नारायण राव ने प्रभार ग्रहण किया

**बोकारो , एजेंसी।** बोकारो के 34 वें उपायुक्त के रूप मे जाधव विजया नारायण राव ने मंगलवार को निवर्तमान उपायुक्त कुलदीप चौधरी से प्रभार ग्रहण किया। नए उपायुक्त ने पदभार लेने के बाद जिले के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिले के विकास के लिए किए जाने वाली कार्यों की गति में निरंतरता बनाए रखने मे सहयोग की अपेक्षा की।

उपायुक्त ने कहा कि बोकारो की जनता का विश्वास, उम्मीद एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने मे जिला प्रशासन पूर्ण प्रयास करेगा। सभी कार्यालय के कर्मचारी एक परिवार की तरह है, इस परिवार को चलाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है।

उपायुक्त का प्रभार सौपने के बाद निवर्तमान उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा की सेवा के दौरान पदाधिकारियों का पदस्थापन एवं स्थानांतरण एक प्रक्रिया है। यही सेवा की खूबसूरती दर्शित करता है। इस प्रक्रिया में हम अपने सेवा के दौरान सरकारी योजनाओं से आमजनों को जोड़ने का कार्य करते हैं। मौके पर उप विकास आयुक्त श्रीमती कीर्ति श्रीजी, अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, डी पी एल आर श्रीमती मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, नज़ारत उप समाहर्ता कुमार कनिष्क, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम समेत जिला के कई अधिकारी एवं समाहरणालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।



## रक्षा मंत्रालय ने घटना की जांच के आदेश दिए : खड़गपुर में अभ्यास के दौरान हॉक विमान क्रैश, खेत में गिरा

**घाटशिला/ खड़गपुर , एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा एयरबेस से उड़ान के बाद वायु सेना का हॉक विमान खड़गपुर के सुखनीबासा दियासा गांव में अभ्यास के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।विमान का हिस्सा एक खेत में जा गिरा। हालांकि उस समय खेत में कोई भी मौजूद नहीं था। दोनों पायलटों ने इंजेक्शन सीट से जान बचाई। दोनों खतरे से बाहर हैं। घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त विमान को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार की दोपहर लगभग 3.30 बजे अचानक जोरदार आवाज हुई और प्लेन खेत में जा गिरा। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि हॉक ट्रेनर विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था। जांच के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए गए हैं। एक दिन पहले भी गलत टारगेट पर बम गिरने से बिजली टावर टूटा था~सोमवार को भी झाड़ग्राम के चामटीडांगा इलाके में अभ्यास के दौरान गलत टारगेट पर बम गिराने से बिजली के हाइटेंशन टावर से तार टूट गया था और खेत में गड्ढा बड़ा हो गया था।



## संक्षिप्त समाचार



### बेजुबां प्रेमी की आवाज बनी ललिता: परिवार के दबाव को नकारा, अग्नि को साक्षी मानकर लिए फेरे

**आगरा , एजेंसी।** ताजनगरी आगरा में बेपनाह मोहब्बत जब बेजुबां प्रेमी की आवाज बनी, तो जैसे खुशियों से भरा आसमां मिल गया। 15 साल पहले प्रेम की नगरी से शुरू हुई प्रेम-कहानी में तमाम बाधाओं को पार कर ललिता और अंशु एक-दूसरे के हो गए।

बल्केश्वर कॉलोनी में अपने मूकबधिर पति अंशु के साथ रह रहीं ललिता ने बताया कि अंशु बोल नहीं सकते थे। यह मुझे मालूम था। इसके बाद भी हम दोनों का एक-दूसरे के प्रति झुकाव बढ़ता जा रहा था। अंशु के लिए मेरा झुकाव इसलिए भी बढ़ रहा था कि क्योंकि अंशु को प्रकृति ने आवाज नहीं दी थी।

बताया कि मेरे मम्मी-पापा भी बोल और सुन नहीं सकते थे। अंशु से शादी करने के लिए कई लोगों ने मना किया। लेकिन, मेरा प्यार इतना कमजोर नहीं था। 13 साल पहले अग्नि को साक्षी मानकर जीवन का नया सफर शुरू करने वाली ललिता और अंशु आज सफल दंपती हैं। उनके 12 साल का बेटा प्रियांश और आठ साल की बेटी शिवान्या हैं।

**वैलेंटाइन डे पर लेना चाहते थे फेरे:** ललिता ने बताया कि अंशु और मेरी इच्छा वैलेंटाइन डे पर अग्नि को साक्षी मान सात फेरे लेने की थी। सन 2011 में 14 फरवरी को इसलिए शादी नहीं कर सके, क्योंकि उस दिन के लिए पहले से सभी स्थल बुक थे। इसलिए ऐसा नहीं हो सका।

### भैंस बांधने को लेकर हुआ विवाद, निकाला तमंचा और मार दी गोली; युवक की मौत... महिला की हालत नाजुक

**एटा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के एटा में बुधवार को जमीन के विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वहीं गोली लगने से युवक के पक्ष की पुष्पा देवी घायल है। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। यहां से आगरा के लिए रेफर किया गया है।

घटना कोतवाली देहात क्षेत्र के कठौली गांव में सुबह करीब 10 बजे की है। थाना प्रभारी नित्यानंद पांडेय ने बताया कि मानपाल यादव (27) की गोली मारकर हत्या की गई है। एक महिला घायल है। उसको आगरा के लिए रेफर किया गया है। सुबह भैंस बांधने को लेकर विवाद हुआ था। जिस जमीन पर भैंस बांधी जा रही थी, उसको लेकर पहले से भी विवाद चल रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हमलावर फरार हो गए हैं। वारदात की सूचना पर एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, सीओ सिटी विक्रांत द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना करके जानकारी जुटाई है।

### नहीं खुला छात्रा रिद्धिमा की मौत का राज, थाने से गायब हो गया मोबाइल फोन

**बरेली , एजेंसी।** बरेली के हाफिजगंज थाना क्षेत्र में 11 साल की छात्रा रिद्धिमा की मौत की गुत्थी पुलिस चार महीने में भी नहीं सुलझा सकी है। उसकी आशा कार्यकर्ता मां और पिता थाने से लेकर लखनऊ तक चक्कर काटकर थक चुके हैं। पुलिस पर आरोप ये भी है कि केस सुलझाने के लिए लिया गया मोबाइल फोन थाने से गायब कर दिया गया है।

13 अक्तूबर 2023 को हाफिजगंज के गौटिया लाड़पुर उस्मानपुर गांव निवासी रिद्धिमा का शव घर में लटका मिला था। पिता धर्मेंद्र कुमार ने इसे हत्या का मामला बताया था। मां कमलेश ने अपने पुत्र के ससुर गांव निवासी गंगादेव व उनके अज्ञात साथियों पर हत्या का शक जताकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दरअसल, प्रेम विवाह के बाद कमलेश का पुत्र बाहर रह रहा था और उसके ससुराल वालों से परिवार का विवाद बना हुआ था। पोस्टमॉर्टम में हैंगिंग (लटकने से मौत) की पुष्टि हुई तो पुलिस ने तफ्तीश ढीली कर दी।

# स्वामी प्रसाद: खुद की उपेक्षा के साथ फर्रुखाबाद के टिकट से थे नाखुश

## इस सीट से लड़ाना चाहते हैं बेटी को

लखनऊ, एजेंसी। स्वामी प्रसाद मौर्य लंबे समय से सपा में खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उनके हर बयान को समय-समय पर प्रो. रामगोपाल यादव और शिवपाल यादव निजी राय बताते रहे हैं। वहीं, विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक मनोज पांडे तो उनका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ बता चुके हैं। इससे ज्यादा पीड़ा उन्हें इस बात की है कि पार्टी के अंदर भी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव उनके खिलाफ आ रहे बयानों पर कोई लगाम नहीं लगा रहे हैं। पार्टी नेतृत्व पर दलितों और पिछड़ों को उचित भागीदारी न दिए जाने का जो आरोप उन्होंने लगाया है, वो दरअसल राज्यसभा चुनाव से जुड़ा है। यहां तीन में दो टिकट सामान्य वर्ग को दे दिए गए हैं। इससे भी स्वामी प्रसाद क्षुब्ध बताए जा रहे हैं। टिकट वितरण में उनकी मानी जानी तो दूर, महासचिव होने के बावजूद कोई जानकारी तक नहीं दी गई। बताते हैं कि जया बच्चन को पांचवीं बार प्रत्याशी बनाए जाने के स्वामी प्रसाद खिलाफ हैं।



**अखिलेश से अलग राह पकड़ने की ओर बढ़ाए कदम:** सूत्रों का कहना है कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव से अलग राह पकड़ने की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। महासचिव पद से उनका इस्तीफा दोतरफा लिटमस टेस्ट की तरह है। एक, सपा नेतृत्व उनके इस कदम से कितना दबाव में आता है। दूसरा, किसी अन्य दल की तरफ से कितना महत्व मिलता है। सूत्र बताते हैं कि सपा नेतृत्व के दबाव में आने पर आगामी लोकसभा टिकट वितरण में उनके कहने से कुछ टिकट दिए जा सकते हैं। स्वामी प्रसाद मौर्या की पुत्री संघमित्रा बदायूं से भाजपा सासंद हैं, जहां से सपा ने धर्मेंद्र यादव को टिकट दे दिया है। स्वामी प्रसाद अपनी पुत्री के लिए आंवला (बरेली) से टिकट चाहते हैं।

**फर्रुखाबाद के टिकट से नहीं हैं खुश:** सूत्रों का कहना है कि स्वामी प्रसाद मौर्य नहीं चाहते थे कि फर्रुखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य को प्रत्याशी बनाया जाए। डॉ. शाक्य की शादी संघामित्रा से हुई थी, लेकिन बाद में तलाक हो गया था। स्वामी प्रसाद धार्मिक आडंबरों पर लगातार हमला बोल रहे हैं और प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा को भी अवैज्ञानिक धारणा बता रहे हैं। ऐसे में सपा नेतृत्व के भगवान शालिग्राम की स्थापना से पहले पूजा-अर्चना का कार्यक्रम भी उन्हें रास नहीं आया है और इसी दिन उन्होंने महासचिव पद से इस्तीफे का एलान कर दिया।



### सुभासपा अध्यक्ष राजभर ने कहा- अखिलेश के इशारे पर ड्रामा कर रहे हैं स्वामी,

**लखनऊ, एजेंसी।** स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे पर सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के इशारे पर स्वामी प्रसाद ड्रामा कर रहे हैं। राजभर का कहना है कि अगर स्वामी प्रसाद वास्तव में अखिलेश के व्यवहार से आहत हैं तो एमएलसी के पद से इस्तीफा क्यों नहीं दिया। सुभासपा अध्यक्ष ने बलिया में मीडिया से बातचीत में कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा के संगठन का पद तो छोड़ दिया लेकिन सपा में बने रहेंगे। ये कौन सा सिद्धांत हैं। इससे स्पष्ट है कि यह स्वामी प्रसाद ने ये ड्रामा अखिलेश के इशारे पर किया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव और स्वामी प्रसाद मिलकर मुसलमानों का वोट लेने के लिए ड्रामा कर रहे हैं। राजभर ने कहा कि स्वामी प्रसाद की संगठन में तो कभी भी वापसी हो सकती है। अगर स्वामी सपा के एमएलसी के पद से इस्तीफा देते तो स्वीकार हो जाता इसलिए उन्होंने संगठन से इस्तीफा दिया। राजभर ने अखिलेश को घेरते हुए कहा आज तक तो स्वामी प्रसाद मौर्य के किसी बयान पर सपा अध्यक्ष ने कोई एक्शन नहीं लिया। आज शिव पूजन करने के समय ड्रामे के तहत इस्तीफा दिलवा दिया।

### रास्ता पूछने के बहाने बुजुर्ग पर छिड़का नशीला पदार्थ, 1.5 लाख के गहने उतरवाए

**साहिबाबाद , एजेंसी।** वसुंधरा सेक्टर 15 में रहने वाले सार्वजनिक उपक्रम से सेवानिवृत्त अभियंता माधव प्रसाद शर्मा की पत्नी से रास्ता पूछने के बहाने चेहरे पर नशीला पदार्थ छिड़क दिया। महिला को पार्क के पास ले जाकर डेढ़ लाख रुपये के गहने उतरवा लिए। दो टप्पेबाजों ने वारदात को अंजाम दिया।अभियंता की शिकायत पर इंदिरापुरम थाना पुलिस ने प्रतिरूपण द्वारा छल करने की धारा में सोमवार शाम को मुकदमा दर्ज किया।

माधव प्रसाद शर्मा ने बताया कि 29 जनवरी की शाम को पत्नी घर के पास ही सब्जी लेने के लिए गईं थीं। रास्ते में दो युवक आए। पत्नी से रास्ता पूछने लगे। इसी बीच दूसरे युवक ने पत्नी के गाल पर किसी पदार्थ की कुछ बूंदें फेंकीं। इससे पत्नी बेहोशी की अवस्था में जाने लगीं। दोनों युवक उन्हें पार्क के पास ले गए और दो कड़े, दो अंगूठी उतरवा लीं। कान की बाली उतरवाने का प्रयास किया लेकिन पत्नी ने बाली उतारने में देर लगाई तो दोनों युवक पत्नी को गली के पास छोड़कर चले गए। थोड़ी बाद पत्नी बदहोश अवस्था में जैसे तैसे कर घर पहुंचीं और जमीन पर गिर गईं। करीब घंटेभर में होश आया। तब उन्होंने आपबीती सुनाई।

#### 22 से 24 साल के थे दोनों टप्पेबाज

माधव ने बताया कि वारदात को अंजाम देने वाले दोनों टप्पेबाज युवा थे। पत्नी के मुताबिक दोनों की उम्र करीब 22 से 24 साल के बीच रही होगी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी चेक किए तो दोनों युवक पत्नी से बात करते नजर आए हैं। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों टप्पेबाजों की तलाश में टीम को लगाया गया है।

## ब्रज में होली का आगाज: ठाकुरजी ने धारण की बसंती पोशाक, भक्तों संग खेली होली, जमकर बरसा गुलाल



**मथुरा, एजेंसी।** तीथर्नगरी मथुरा यानी ब्रज में 40 दिवसीय होली का आगाज बुधवार को बसंत पंचमी से हो गया है। बांके बिहारी मंदिर में सेवायतों ने अपने लाडले आराध्य बांके बिहारी के कपोलों पर लाल गुलाल के गुलचप्पे लगाकर श्रृंगार किया। चांदी के थालों में उन्हें गुलाल सेवित किया। यही गुलाल श्रद्धालुओं पर बरसाया गया। मंदिरों में प्रभु दर्शन और भावमय आराधना के बीच देशभर से आए श्रद्धालु उनके प्रसादी गुलाल और चंदन से सराबोर हो गए।

बसंत पंचमी से ब्रज की होली का भक्तिमय रंग वृंदावन के मंदिरों में छाने लगा है। बुधवार सुबह बांके बिहारी मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। मंदिर के सेवायतों ने आराध्य बांके बिहारी ने कपोलों, मस्तक पर लाल और पीले रंग के गुलाल के गुलचप्पे बनाकर श्रृंगार किया।

अद्भुद श्रृंगार में ठाकुरजी के नयनाभिराम दर्शन कर श्रद्धालु मदमस्त हो गए। श्रृंगार आरती के ठीक बाद सेवायत गोस्वामियों ने श्रद्धालुओं पर ठाकुरजी का प्रसादी गुलाल बरसाया। प्रभु भक्ति के रंग में रंगे भक्त प्रसादी गुलाल पाने को आतुर दिखे। वह इसमें सराबोर होकर झूमने लगे। बांके बिहारी के जयकारों से मंदिर गुंजायमान हो गया। गोस्वामियों ने बसंत के पद का गायन कर आराध्य को रिझाया।

भक्तों का मनमयूर ब्रज की होली की परंपरा को देख नृत्य करने लगा। ब्रज होली का यह आनंद रंग लगातार बरसता रहा। वहीं नगर के ठा. राधावल्लभ मंदिर को बसंती कपड़ों से सजाया गया। बसंती पोशाक ठाकुरजी को धारण कराई गई। गुलाल सेवित करने के साथ ही ठाकुरजी का केसर खीर, हलुआ का भोग लगाया गया।

इसी प्रकार ठा.राधासनेह बिहारी मंदिर एवं प्राचीन सप्तदेवालयों में भी ठाकुरजी को गुलाल का श्रृंगार एवं उन्हें सेवित किया गया। भक्तों ने विभिन्न मंदिरों में जाकर अपने आराध्य के अनेक रूपों में दर्शन किए। साथ ही ब्रज की होली का भरपूर आनंद लिया।

मंदिर के सेवायत गोपी गोस्वामी ने बताया कि बसंत पंचमी आज से ब्रज मंडल में 40 दिवसीय होली की शुरुआत हो गई है। ठाकुरजी को बसंती पोशाक धारण कराई गई। ठाकुरजी के कमर में फेंटा में गुलाल बांधा गया। कपोलों पर गुलाल के गुल्चा लगे हैं।

श्रृंगार आरती राजभोग आरती और शयन के बाद गुलाल बरसाया जा रहा है। सेवायतों द्वारा ठाकुरजी के प्राकट्यकर्ता स्वामी हरिदास द्वारा रचित केलिमाल के पदों का गायन किया जा रहा है। गोस्वामी ने केलिमाल का पद प्यारो ही न्यारो बसंत खेलें... सुनाते हुए बताया कि बसंत ऋतु स्वामी हरिदास को सबसे ज्यादा प्रिय है।

उन्होंने केलिमाल में 110 पदों को लिखा। इसमें सबसे ज्यादा पद बसंत ऋतु पर लिखे हैं। इनका 40 दिनों तक गायन किया जाएगा। पांच दिन ठाकुरजी गर्भगृह से बाहर आकर भक्तों के साथ होली खेलते हैं। होली और ठिठोली का कार्यक्रम शुरु हो गया। होली का डांढा यानी सूचक गढ़ जाता है।

## कैब चालक से पिस्टल लगाकर फिल्मी अंदाज में लूट

**साहिबाबाद, एजेंसी।** कैब चालक अमर सिंह निवासी गढ़ी, डीएलएफ भोपुरा से मंगलवार तड़के अभयखंड स्थित तक्षशिला अपार्टमेंट के पास पिस्टल लगाकर बाइक सवार तीन बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में लूट की। कार के आगे बाइक गिराई और फिर दो बदमाश कार में बैठकर इंदिरापुरम में घुमाते रहे। घर में किसी सदस्य की तबियत खराब बताकर मैनेजर से सात हजार रुपये एटीएम में डलवाए। शक्तिखंड में एटीएम से 10 हजार रुपये निकाले और तक्षशिला अपार्टमेंट के पास छोड़ा। रुपयों के अलावा कार का जीपीएस व संस्थान का मोबाइल भी ले गए। कैब चालक ने इंदिरापुरम थाना पुलिस से शिकायत की। अमर सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह साढ़े चार बजे इंदिरापुरम से स्टाफ को लेने के लिए कार से निकले थे। अभयखंड में तक्षशिला अपार्टमेंट के पास कार के सामने स्किट करते हुए बाइक आकर गिर गई। बाइक पर तीन युवक थे। बाइक पर बैठे दो युवक उठे और कार के आगे वाले दोनों गेट पर आकर खड़े हो गए। कार का शीशा नीचे करने पर एक युवक ने पिस्टल तानी और चालक को कार से नीचे उतार लिया। फिर दोनों ने डरा धमका कर दोनों सीट के बीच में बैठा लिया।

**सुपरवाइजर का फोन आने पर दबाया मुंह:** साइड की सीट पर बैठे बदमाश ने जेब में रखे 480 रुपये निकाल लिए। एटीएम में रुपये होने के बारे में पूछा। 3200 रुपये होने पर किसी से पैसे मंगाने के लिए बोला। इसी बीच सुपरवाइजर का फोन आया तो चालक ने मुश्किल में होने की बात कहकर स्टाफ को पिक करने से इन्कार किया तो बदमाश ने मुंह दबा दिया। फिर परिवार में किसी सदस्य की तबीयत खराब होने और 20 हजार रुपये मांगने की बात बोलने के लिए कहा तो सुपरवाइजर ने मैनेजर से पैसे मांगने के लिए बोला। चालक ने तत्काल मदद के नाम पर मैनेजर से फोन कर सात हजार रुपये डलवा लिए। दोनों में से एक बदमाश ने शक्तिखंड में एटीएम बूथ से 10 हजार रुपये निकाल लिए। उसके बाद तक्षशिला के पास छोड दिया।

**मेरठ ले चलो, रास्ते में डाल देंगे:** एटीएम से रुपये निकालने के बाद कार में बैठे दोनों में एक बदमाश ने कहा कि चालक का अब क्या करें। कार चला रहे दूसरे बदमाश ने कहा कि मेरठ ले चलते हैं और रास्ते में डाल देंगे। हालांकि दोनों बदमाश चालक को तक्षशिला अपार्टमेंट के पास ही छोड़ा और दोनों कार से उतरकर बाइक पर तीसरे बदमाश के साथ चले गए।उसके बाद चालक कार से ही कौशांबी में रहने वाले अपने मैनेजर के पाए गए और आपबीती सुनाई। फिर मैनेजर और चालक नोएडा सेक्टर 85 स्थित अपने कार्यालय गए। उसके बाद इंदिरापुरम थाने जाकर लूट की तहरीर दी। तीनों बदमाशों की उम्र करीब 25-26 साल थी। दो बदमाशों ने हेलमेट पहने हुआ था जबकि एटीएम से रुपये निकलाने वाले बदमाश ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था।

### खुशियां मातम में बदलीं: बरातियों की कार में ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, पिता-पुत्र सहित तीन की मौत; आधा दर्जन घायल

**एटा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के एटा में मंगलवार की रात करीब 11 बजे ट्रैक्टर-ट्राली ने बरातियों की कार में टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र और सात माह की बच्ची की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन लोग घायल हैं। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सभी लोग शादी समारोह से घर लौट रहे थे।

हादसा कोतवाली देहात क्षेत्र के मरथरा गांव के पास हुआ। चौराहे के पास ट्रैक्टर-ट्राली ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। मौके पर चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग भागकर पहुंचे। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी।

**घायलों को पहुंचाया गया अस्पताल:** सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से कार से लोगों को बाहर निकाला। जब तक अस्पताल पहुंचाया जाता तब तक सात माह की मासूम बच्ची सहित तीन लोगों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने अन्य छह घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मरने वालों की पहचान विश्वनाथ की पुत्री मिस्टी (7 माह), नेपाल सिंह (40 वर्ष), उलका बेटा निशांत (7 वर्ष) निवासी नगला मोहन, सहावर रोड, कासगंज के रूप में हुई।

वहीं घायलों की पहचान रुचि पत्नी विश्वनाथ प्रताप (25 वर्ष), प्रिया पुत्री नेपाल सिंह (13 वर्ष), भानु पुत्र रोहतास (6 वर्ष), रोहतास पुत्र मथुरा प्रसाद (35 वर्ष), सुनीता पत्नी रोहतास (35 वर्ष) निवासीगण नगला मोहन, सहावर रोड, कासगंज के रूप में हुई। इनकी हालत नाजुक देखते हुए अलीगढ़ के लिए रेफर किया गया है।

### तीन किमी दायरे में 15 मिनट के अंदर दो महिलाओं से लूट, एक महिला घायल और दूसरे से लूटे लाखों के जेवर

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ महानगर में झपटमार व लुटेरों ने अर्से बाद 13 फरवरी सुबह फिर दहशत फैलाई। सिविल लाइंस इलाके के तीन किमी दायरे में पंद्रह मिनट के अंतराल में दो महिलाओं संग लूट की वारदात को अंजाम दिया। पहली घटना में कुछ भी ले नहीं जा सके। मगर, महिला को जख्मी कर गए। दूसरी वारदात में महिला से तीन लाख रुपये कीमत के जेवरात ले गए। वारदात एक ही गैंग ने की है। धरपकड़ के लिए पुलिस की तीन टीमों को लगाया गया है।

पहली घटना सुबह नौ बजे के आसपास शहर के पॉश मैरिस रोड के हरिओम नगर इलाके में हुई। यहां रहने वाले दुकानदार विक्की जुनेजा फाइनेंस का भी काम करते हैं। विक्की सुबह नकवी पार्क टहलने गए थे। इसी बीच उनकी पत्नी चारू जुनेजा अपने बच्चों को स्कूल की बस तक छोड़ने गली में बाहर तक आईं। वे वापस गली में जा रही थीं। तभी बाइक सवार दो बदमाश उनके पास आकर रुके। उसमें से एक ने बाइक से उतरकर तमंचा दिखाते हुए गले से सोने की चेन छीनने की कोशिश की। महिला ने हिम्मत दिखाते हुए विरोध किया तो बदमाश ने हवाई फायर किया और महिला के माथे पर तमंचे की बट से प्रहार कर दिया। बावजूद इसके महिला ने हाथ पकड़कर विरोध किया। मगर, फायर की आवाज व चीख पुकार पर लोगों को आते देख बदमाश बाइक पर सवार होकर भाग गए। हमले में महिला जख्मी हो गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इसी बीच दूसरी सूचना करीब सवा नौ बजे सर सैयद नगर में हुई। यहां रहने वाले व्यापारी आलम की पत्नी नाजिया टहलते हुए पास ही अपने मायके जा रही थीं। तभी पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने पहले तो तस्वीर महल जाने का रास्ता पूछा। नाजिया ने अनभिज्ञता जताई तो एक बाइक से उतर गया, जबकि दूसरा बाइक मोड़ने लगा।

### वन स्टॉप सेंटर में तैनात महिला सिपाही ने परिचित के घर जाकर खाया जहर, हुई मौत, एक हिरासत में

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ में क्वार्सी थाने के बगल में स्थित वन स्टॉप सेंटर में तैनात इटावा की महिला सिपाही ने 12 फरवरी रात जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। उसने यह कदम गांधीपार्क इलाके में एक परिचित के घर पहुंचकर उठाया। मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। मूल रूप से इटावा सैफई के गांव अजवां की अर्चना यादव के पति देवेन्द्र यादव की वर्ष 2018 में दुर्घटना से मौत हो गई थी। जिसके बाद उसकी पुलिस में सिपाही पद पर नौकरी लगी। वर्तमान में वह क्वार्सी थाना परिसर के पुलिस आवास में पांच वर्षीय बेटा दर्श व बेटी जीवा संग रह रही थी। वन स्टॉप सेंटर में तैनाती थी। जानकारी के अनुसार 12 फरवरी दोपहर करीब दो बजे वह ड्यूटी के बाद किसी परिचित के घर गांधीपार्क के मोहल्ला श्याम विहारी में चली गई। वहां किसी बात पर विवाद के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। इस पर परिचित ही उसे पास के नर्सिंग होम में ले गया। जहां से जेएन मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। देर रात उपचार के दौरान महिला सिपाही को मृत घोषित कर दिया गया। इस सूचना पर पुलिस ने इटावा से परिजन बुला लिए। 13 फरवरी की सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने परिचित व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। परिजन फिलहाल शव साथ ले गए हैं।

# 60 हजार करोड़ से 10 लाख करोड़ का हो गया भूमि पूजन समारोह

## बनेगा यूपी की रफ्तार का प्रतीक

**लखनऊ , एजेंसी।** 2018 में वैश्विक निवेशक सम्मेलन के बाद आयोजित पहले भूमि पूजन समारोह में 60 हजार करोड़ के निवेश प्रस्तावों को शामिल किया गया था। छह साल बाद 2024 में चौथे भूमि पूजन समारोह में 10.11 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जाएगा। यही बदलाव व रफ्तार नए यूपी की पहचान है। यह बातें मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वह राजधानी में 19 से 21 फरवरी के बीच होने जा रहे भूमि पूजन समारोह की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चौथा भूमि पूजन समारोह पूरे देश के औद्योगिक विकास को गति देने का माध्यम बनेगा। 19 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों के जमीनी क्रियान्वयन की शुरुआत करेंगे। इस अवसर पर उद्योग जगत के बड़े समूह, सीईओ, निवेशक आदि मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री ने समारोह की गरिमा व महत्व को देखते हुए तैयारी के निर्देश दिए। सुरक्षा व स्वागत के प्रोटोकॉल का पालन गंभीरता से करने को कहा। सीएम फेलो की काउंसिलिंग व प्रशिक्षण के बाद सभी को वीआईपी मेहमानों के साथ संबद्ध किया जाएगा।



**दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था में अहम पड़ाव:** सीएम ने कहा कि यह आयोजन प्रदेश की अर्थव्यवस्था दस खरब डालर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में पिछले साल 10 से 12 फरवरी को वैश्विक निवेशक सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया था। उसमें 10 कंट्री पार्टनर, उनके 4 मंत्री, 40 देशों के 1000 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों, 17 केंद्रीय मंत्री, राजदूत व उच्चायुक्त और 25000 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए थे। 16 देशों के 21 और देश के 10 शहरों में रोड शो सहित प्रदेश के सभी जिलों में निवेशक सम्मेलन के बाद 39.52 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। इससे प्रदेश में 1.10 करोड़ रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

**10 लाख करोड़ की परियोजनाओं में से 12 फीसदी प्रोजेक्ट निर्माण से जुड़े:** उत्तर प्रदेश अब केवल 'ट्रेडिंग स्टेट' ही नहीं रह गया, बल्कि 'मैन्युफैक्चरिंग स्टेट' की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। भूमि पूजन समारोह में शामिल होने वाली 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं में से करीब 12 फीसदी यानी 1.2 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट निर्माण से जुड़े हैं। समारोह रीयल इस्टेट सेक्टर को भी गति देगा क्योंकि 1.90 लाख करोड़ के निवेश इस सेक्टर के हैं। समारोह में शामिल होने वाले अधिकांश निवेश नवीकरणीय ऊर्जा (16 फीसदी), आवास (19 फीसदी), मैन्युफैक्चरिंग (12 फीसदी), आईटी एवं आईटी आधारित सेवाएं (10 फीसदी), लॉजिस्टिक्स (8 फीसदी), इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण (5 फीसदी), खाद्य प्रसंस्करण (6 फीसदी), विनिर्माण (13 फीसदी), शिक्षा (3 फीसदी), आतिथ्य (3 फीसदी) आदि जैसे क्षेत्रों में हैं। इसके अतिरिक्त जैव ईंधन व बायोमास (2.62 फीसदी), टेक्सटाइल एवं हथकरघा (1.24 फीसदी), लकड़ी के उद्योग (1.06 फीसदी), खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति (1.05 फीसदी), डेयरी (1.01 फीसदी) उद्योग भी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा अब मुझे पार्टी जॉइन कराना चाहेगी: महुआ मोइत्रा

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा ने महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण के भाजपा में आने पर तंज कसा है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भाजपा जिस तरह से नेताओं को जॉइन करा रही है, जिन्हें कभी भ्रष्ट कहती थी। उस तरह से एक दिन वह चाहेगी कि मैं भी उनकी पार्टी का हिस्सा बन जाऊं। यह इनका गिरता हुआ स्तर है। महुआ मोइत्रा को बीते साल कैश के बदले संसद में सवाल पूछे जाने के आरोपों पर सांसदी गंवानी पड़ी थी। उन पर आरोप था कि उन्होंने एक कारोबारी से पैसों के एवज में संसद में गौतम अडानी से जुड़े सवाल पूछे थे। यही नहीं संसद की अपनी लॉगइन आईडी भी उन्होंने उस कारोबारी के स्टाफ से शेयर की थी और उसी के यहां से सवाल अपलोड किए गए थे। महुआ मोइत्रा ने कहा, मुझे लगता है कि जब रामलला की कृपा से 2024 के चुनाव में 400 सीटें आ ही रही हैं तो फिर भाजपा हर नेता को अपने ही पाले में लाने के लिए इतनी बेचैन क्यों है। उन्हें भी वह ला रही है, जिनको किसी दौर में उसने करप्ट घोषित किया था। इसी तरह चलता रहा तो वह जल्दी ही मुझे भी अपनी पार्टी में लेना चाहेंगे। बता दें कि महुआ मोइत्रा को भले ही सांसदी गंवानी पड़ी है, लेकिन टीएमसी की मुखिया ममता बनर्जी का उन पर भरोसा कम नहीं हुआ है। उन्होंने महुआ की ही तरफदारी करते हुए कहा था कि महुआ को निलंबित करने से उन्हें ही फायदा होगा। ममता बनर्जी के रवैये से माना जा रहा है कि महुआ मोइत्रा एक बार फिर से कृष्णानगर लोकसभा सीट से मैदान में उतरेंगी, जहां से वह सांसद थीं। बता दें कि जिन अशोक चव्हाण को लेकर महुआ मोइत्रा ने तंज कसा है, उन्हें आदर्श हाउसिंग घोटाले के चलते सीएम पद छोड़ना पड़ा था। अशोक चव्हाण को राज्यसभा भी भेजा जा रहा है और वह आज या फिर कल ही महाराष्ट्र में नामांकन भी दाखिल कर सकते हैं। भाजपा लीडरशिप का मानना है कि चव्हाण की एंट्री से उसे मराठवाड़ा में अपनी पकड़ मजबूत करने में मदद मिलेगी।

### असम कांग्रेस को झटका: कार्यकारी अध्यक्ष पुरकायस्थ भाजपा में शामिल होंगे

**गुवाहाटी, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से पहले असम में कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और तीन बार के विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ ने भाजपा का हाथ थामने का फैसला किया है। पुरकायस्थ ने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई से की थी। बाद में वह युवा कांग्रेस में शामिल हो गए और अंततः 2011 में करीमगंज जिले से विधायक बन गए। वर्ष 2016 में राज्य में भगवा तूफान के बीच, पुरकायस्थ दूसरी बार अपनी उत्तरी करीमगंज विधानसभा सीट जीतने में सफल रहे। उन्होंने 2021 में फिर से वही सीट जीती और असम में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बने। पुरकायस्थ एक मुखर नेता हैं और उन्हें अक्सर कई मुद्दों पर भाजपा और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर जमकर हमला करते देखा गया है। हाल ही में मुख्यमंत्री के साथ कई बैठकों के बाद, पुरकायस्थ को भाजपा में शामिल होने की पेशकश की गई। कांग्रेस विधायक ने आईएएनएस से कहा, हां, मुझे मुख्यमंत्री से प्रस्ताव मिला है और मैंने उनका प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। इस बीच, यह स्पष्ट नहीं है कि पुरकायस्थ सीधे भगवा खेमे में शामिल होंगे या विधानसभा के अंदर और बाहर भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का समर्थन करेंगे।सूत्रों के मुताबिक, सरमा ने पुरकायस्थ को सलाह दी है कि वह कांग्रेस से इस्तीफा दिए बिना भाजपा को समर्थन देने का ऐलान करें, ताकि फिलहाल उन्हें विधायक पद न गंवाना पड़े। एक अन्य विधायक शशिकांत दास, जो कांग्रेस के टिकट पर राहा निर्वाचन क्षेत्र से जीते थे, ने पहले इसी तरह भाजपा का समर्थन किया था। कांग्रेस ने दास को पार्टी से निलंबित कर दिया, हालांकि उन्होंने बिना किसी उपचुनाव के विधायक के रूप में कार्य करना जारी रखा। दक्षिणी असम के बराक घाटी क्षेत्र में पुरकायस्थ कांग्रेस का सबसे प्रमुख चेहरा थे। उनके जाने के बाद सबसे पुरानी पार्टी को लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उस क्षेत्र में बड़ा झटका लगा है।

नई आबकारी नीति को केबिनेट ने दी मंजूरी

# जड़ी बूटियों और स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा, स्थानीय किसानों को मिलेगा लाभ

- स्थानीय उद्यमियों को भी मिलेगा लाभ
- आबकारी से राजस्व में 11% की वृद्धि का लक्ष्य
- पर्वतीय क्षेत्र में इनोवेशन और निवेश को प्रोत्साहन के लिए माइक्रो डिस्टिलेशन ईकाई की स्थापना का प्राविधान

सुनील तिवारी



**देहरादून।** राज्य की आबकारी नीति को और भी अधिक पारदर्शी बनाते हुए उत्तराखंड सरकार ने आबकारी के संबंध में बुधवार के कैबिनेट के निर्णयों से मिलावटी शराब को रोकने, पर्यटन प्रदेश होने के नाते ब्रांड उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा राजस्व बढ़ाने की दृष्टि से उत्तराखण्ड आबकारी नीति विषयक नियमावली 2024 के तहत अहम कदम उठाये हैं जिनमे वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 के राजस्व लक्ष्य 4000 करोड़ के सापेक्ष 11% की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए 4440 करोड़ का लक्ष्य दिया गया है। इसके साथ ही पर्वतीय क्षेत्र में इनोवेशन और निवेश को प्रोत्साहन के लिए माइक्रो डिस्टिलेशन ईकाई की स्थापना का प्राविधान किया गया है, जिसे सूक्ष्म उद्योगों की श्रेणी में कम से कम क्षेत्रफल में स्थापित किया जा सकेगा जो कि आर्थिक रूप से सक्षम होने के साथ हिमालयी क्षेत्र की पर्यावरणीय मानकों के अनुकूल होने से स्थानीय पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

उत्तराखंड में संचालित आसवानी में उच्च गुणवत्ता की मदिरा निर्माण होने से एक ओर राजस्व में वृद्धि होगी वही राज्य में प्रचुर मात्रा में उगने वाली वनस्पतियों, जड़ी बूटियों का उपयोग होने से स्थानीय किसानों हेतु आय के नए साधन उत्पन्न होगे एवं राज्य में निर्मित मदिरा को विश्वस्तर पर पहचान मिलेगी। राज्य की उच्च गुणवत्तायुक्त जड़ी-बूटियों, फलों, फूलों तथा हिमालय की जलवायु, वातावरणीय शुद्धता के कारण उच्च गुणवत्ता के जल स्रोत व अन्य कारकों के कारण विश्वस्तरीय सुगधित मदिरा के मदिरा/मॉल्ट के उत्पादन के हब के रूप में राज्य प्रतिष्ठित हो सकेगा। जिस प्रकार यूरोप में स्कॉटलैंड, इटली आदि विश्वस्तरीय मदिरा के लिए प्रतिष्ठित है उसी प्रकार हिमालयी राज्य उत्तराखण्ड विश्वस्तरीय स्प्रिटामॉल्ट के उत्पादन केंद्र के रूप में अतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो सकेगा। विदेशी मदिरा की भराई (बॉटलिंग) के लिए आबकारी राजस्व एवं निवेश के दृष्टिगत प्रथम बार प्राविधान किए जा रहे है ताकि प्रदेश "उपभोक्ता राज्य से उत्पादक एवं निर्यातक राज्य के रूप में स्थापित हो सके। प्रदेश में विदेशी मदिरा के थोक व्यापार को उत्तराखण्ड राज्य के मूल/स्थायी निवासियों के रोजगार के लिए भारत में निर्मित विदेशी मदिरा (IMFL) की आपूर्ति के थोक अनुज्ञापन / व्यापार (FL-2) अनुज्ञापन को उत्तराखण्ड के अर्ह नागरिकों को दिए जाने का प्राविधान किया गया है। आबकारी राजस्व अर्जन की दृष्टि से प्रथम बार ओवरसीज मदिरा की आपूर्ति के लिये थोक अनुज्ञापन FL-2(O) का प्राविधान किया गया है जिससे कस्टम बॉण्ड से आने वाली ओवरसीज मदिरा के व्यापार को राजस्व हित में नियंत्रित किया जा सकेगा। राज्य की कृषि/बागवानी से जुड़े कृषकों के हित में देशी शराब में स्थानीय फलों यथा कीनू, माल्टा, काफल, सेब, नाशपाती,तिमूर, आड़ आदि का समावेश किया जाना अनुमन्य किया गया है। मदिरा दुकानों का व्यवस्थापन नवीनीकरण, दो चरणों की लॉटरी, प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धात पर पारदर्शी एवं अधिकतम राजस्व अर्जन की दृष्टि से किया जाएगा। नवीनीकरण उन्ही अनुज्ञापियों का किया जाएगा जिनकी समस्त व्यपगत देयताए बेबाक हों और प्रतिभूतियाँ सुरक्षित हों। आवेदक को आवेदन पत्र के साथ दो वर्ष का ITR दाखिल करना अनिवार्य होगा। एक आवेदक सम्पूर्ण प्रदेश में अधिकतम तीन मदिरा दुकानें आवंटित की जा सकेंगी।

प्रदेश के समस्त जनपदों में संचालित मदिरा दुकान के सापेक्ष उप दुकान खोले जाने की अनुमति राजस्व हित दी जा सकेगी। देशी मदिरा दुकानों में 36 प्रतिशत v/v तीव्रता की मसालेदार शराब या 25 प्रतिशत v/v तीव्रता की मसालेदार एवं सादा मदिरा एवं विशेष श्रेणी की मेट्रो मदिरा की आपूर्ति के प्राविधान किए गए हैं। विदेशी / देशी मदिरा के कोटे का अनतरण कोटे के अधिभार के 10% तक अनुमन्य होगा। विदेशी मदिरा में न्यूनतम प्रत्याभूत ड्यूटी का निर्धारण कर मदिरा ब्राण्डो का मूल्य विगत वर्षों की भाँति निर्धारित किया गया है, जिससे आबकारी राजस्व सुरक्षित रहे और उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर मदिरा उपलब्ध हो सके। प्रदेश में पर्यटन प्रोत्साहन एवं स्थानीय रोजगार की दृष्टि से पर्वतीय तहसील एवं जनपदो में मॉल्स डिपार्टमेन्टल स्टोर में मदिरा बिक्री का अनुज्ञापन शुल्क .05 लाख (पाँच लाख)/ दुकान का न्यूनतम क्षेत्रफल 400 वर्गफुट का प्रविधान किया है। विगत वर्ष से भिन्न स्टार कैटेगरी के अनुसार बार अनुज्ञापन शुल्क निर्धारित किया गया है, इसी प्रकार पर्यटन की दृष्टि से सीजनल बार अनुज्ञापन शुल्क का प्रावधान किया गया है।परपरागत रूप से अवैध कच्ची शराब के उत्पादन क्षेत्रों में लगातार प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करने तथा ऐसे क्षेत्रों में वैध मदिरा के विक्रय को प्रोत्साहन करने हेतु उप दुकान का प्राविधान किया गया है।

## भजनलाल सरकार का बड़ा फैसला, बिजली कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों के सेवाएं निरस्त



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में भजनलाल सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए बिजली कंपनियों और विभागों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति को निरस्त कर दिया है। ऊर्जा विभाग ने आदेश जारी कर दिए है।ऊर्जा विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि 14 फरवरी 2024 तक सभी विभागों के अधिकारी लौटने की स्थिति से अवगत कराए ताकि ऊर्जा मंत्री को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा सके। आदेश में साफ कहा गया है कि मूल विभाग में अधिकारियों-कर्मचारियों को लौटना होगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले जनवरी महीने में राजस्थान में भजनलाल सरकार ने एक और बड़ा फैसला लिया था। संविदा के रूप में ली जा रही सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी थी। सरकार ने अब ऊर्जा विभाग में प्रतिनियुक्ति निरस्त कर दी है।

इससे पहले रिटायरमेंट के बाद संविदा पर काम कर रहे लोगों की नौकरी खत्म कर दी थी। इस संबंध में सरकारी आदेश जारी भी हुए। यह आदेश राजस्थान के नगरीय विकास विभाग की ओर से जारी किए थे। इस फैसले के अनुसार राजस्थान में प्रदेश भर के विकास प्राधिकरण, नगर सुधार न्यास, नगर निगम, नगर पालिका और नगर परिषदों में लगे सेवानिवृत्त कार्मिकों की सेवाएं समाप्त कर दी गई। नगरीय विकास विभाग में करीब 2000 लोग रियारमेंट के बाद संविदा पर नौकरी कर रहे थे। इन सभी की नौकरी खत्म कर दी गई है।

## केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और कैलाश चौधरी का हो रहा है विरोध?

**जयपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में राजस्थान के लिए हैट्रिक लगाने सा संपना संजोए बीजेपी को गुटबाजी भारी पड़ सकती है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और कैलाश चौधरी का अपने संसदीय क्षेत्र में भारी विरोध हो रहा है। शेखावत के खिलाफ तो जोधपुर में पोस्टर भी लग चुके है। जबकि कैलाश चौधरी का विरोधी खेमा परदे के पीछे खेल खेल रहा है। माना जा रहा है कि कैलाश चौधरी का टिकट कट सकता है। जबकि शेखावत भी किनारे पर खड़े है। हालांकि, सियासी जानकारों का कहना है कि शेखावत को आरएसएस का समर्थन प्राप्त है। इसलिए अभयदान मिल सकता है,लेकिन जोधपुर में शेखावत के खिलाफ लगे पोस्टरों से बीजेपी आलाकमान चिंतित हो सकता है।

**मोदी कैबिनेट में 3 मंत्री:** राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि दोनों ही नेताओं की कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। इसलिए नए प्रत्याशी की मांग ने जोर पकड़ लिया है। मोदी कैबिनेट में राजस्थान से तीन मंत्री है। तीनों ही मंत्रियों को सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन सियासी जानकारों का कहना है कि राममंदिर और राष्ट्रवाद ही बचा सकता है। जमीनी स्तर पर लोगों में नाराजगी दिखाई दे रही है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल का टिकट फिलहाल खतरे से बाहर है। क्योंकि उनके मुकाबले बीकानेर में बीजेपी के पास कोई बड़ा चेहरा नहीं है। उल्लेखनीय है कि2018 में कैलाश चौधरी विधानसभा चुनाव हार गए थे। बाड़मेर की बायतु से हरीश चौधरी ने तीसरे नंबर पर खिसका दिया था। इसके बाद लोकसभा चुनाव आ गए। बाड़मेर-जैसलमेर से टिकट दिया और जीत गए। केंद्र में मंत्री भी बन गए। लेकिन कार्यकर्ताओं की अनदेखी के आरोप उन पर लगते रहे है।

बीजेपी के अपने अंदरूनी सर्वे में कैलाश चौधरी की का फीडबैक नकारात्मक मिला है। ऐसे में माना जा रहा है कि इस बार पार्टी कैलाश चौधरी का टिकट काट सकती है। सियासी गलियारों में इस बार बीजेपी किसी प्रकार का जोखिम नहीं लेना चाहती हैं। चर्चा है कि बीजेपी टिकटों में बदलाव कर सकती है।

हाल ही में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को लेकर जोधपुर में विरोध देखने को मिल रहा है। इसको लेकर कुछ पोस्टर भी सामने आए हैं। हालांकि यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया कि जोधपुर में जो गजेंद्र सिंह शेखावत के विरोध में पोस्टर लगाए गए हैं। उनके पीछे किनका हाथ है। लेकिन इन पोस्टर के माध्यम से कहा जा रहा है कि पीएम मोदी चाहिए लेकिन शेखावत नहीं। इसी तरह पीएम मोदी से प्यार, शेखावत से इनकार, जैसे पोस्टर जोधपुर में काफी चर्चा का विषय बने हुए हैं। पोस्टर को लेकर अभी असमंजस बना हुआ कि शेखावत के विरोध के पोस्टर किसकी कारस्तानी हैं।

## सॉरी बोल चोर ने लौटाए मेडल, फिल्म डायरेक्टर के घर लगाई थी सेंध



**मदुरई, एजेंसी।**
तमिलनाडु के मदुरई में चोरी का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। चोर ने पहले तो चोरी की, लेकिन बाद में माफीनामा नोट लिखकर चोरी का सामना वहीं छोड़ दिया। चोर ने माफीनामे में लिखा, सर, हमें माफ कर दीजिए। आपकी मेहनत आपकी है। चोरों ने इस नोट के साथ दो चमकदार राष्ट्रीय पुरस्कार पदक भी वहीं पर छोड़ दिया। यह चोरी बीते आठ फरवरी को उसिलामपट्टी में पुरस्कार विजेता तमिल फिल्म निर्देशक एम मणिकंदन के घर हुई थी। इस दौरान चोरों ने एक लाख रुपये, पांच सोने के सिक्के और उनके दो राष्ट्रीय पुरस्कार पदक चुरा लिए।

मणिकंदन की पहली फिल्म काका मुत्तई ने 2015 में 62वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म का पुरस्कार जीता था। उनकी फिल्म कदैसी विवासयी ने 2023 में 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ तमिल फिल्म का पुरस्कार जीता था। वह अब रहते हैं चेन्नई में, लेकिन उसिलामपट्टी में उनका एक घर है। इस घर की देखरेख कर्मचारी करते हैं, यहां उनका एक पालतू कुत्ता भी रहता।

चोरी के बाद उसिलामपट्टी टाउन पुलिस ने मामला दर्ज किया। इसके बाद चोर उसिलामपट्टी में डायरेक्टर के घर लौट आए और सोमवार की रात को घर के सामने एक प्लास्टिक बैग फेंक दिया। कर्मचारियों को दो पदक और तमिल में माफीनामा मिला।

## स्टरलाइट कॉपर यूनिट बंद करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, वेदांता समूह ने दायर की है याचिका



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु के तूतीकोरिन में स्टरलाइट कॉपर यूनिट को बंद करने के खिलाफ वेदांता समूह की याचिका पर बुधवार को सुनवाई शुरू करेगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने मामले में अपनी-अपनी दलीलों के संक्षिप्त नोट्स प्रसारित करने को कहा। वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान वेदांता समूह कंपनी की ओर से दलीलें शुरू करेंगे। कंपनी के अलावा गैर सरकारी संगठन मनु नीति फाउंडेशन ने भी वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह के माध्यम से मामले में तत्काल सुनवाई के लिए शीर्ष अदालत का रुख किया है और कहा कि स्टरलाइट कॉपर यूनिट के श्रमिकों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले शीर्ष अदालत ने कहा था कि उसने रजिस्ट्रार को वेदांता समूह की याचिका पर सुनवाई के लिए दो समर्पित तारीखें आवंटित करने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने गत मई में तमिलनाडु सरकार से अपने 10 अप्रैल के निर्देश के अनुसरण में उचित निर्णय लेने को कहा था।

## छत्तीसगढ़ में किसान आत्महत्या मामले पर छिड़ी जंग, कर्ज माफी की बात करते हुए कांग्रेस का हंगामा

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में किसान आत्महत्या को लेकर एक बार फिर मामला गर्म हो गया है। प्रदेश में कर्ज से किसान आत्महत्या के मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी के विधायक लखेश्वर बघेल ने विधानसभा में सवाल किया है। विधायक ने सवाल करते हुए कहा कि भाजपा सवाल बनने के बाद नारायणपुर जिले में आत्महत्या करने वाला किसान कर्जमाफी नहीं होने से दहशत में था, यही वजह है कि किसान ने आत्महत्या की है। इसी मुद्दे पर विपक्ष ने लगातार सरकार को घेरते हुए विधानसभा में जमकर हंगामा भी किया है।

विधायक लखेश्वर बघेल के किसान आत्महत्या के सवाल के बाद छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री केदार कश्यप ने जवाब में कहा है कि किसान ने कर्ज के चलते आत्महत्या नहीं की है। मंत्री कश्यप ने कहा कि आत्महत्या करने वाला हीरू नाम का किसान पिछले 2-3 दिन से बीमार चल रहा था।

## आदर्श घोटाले मामले में हाई कोर्ट का फैसला मेरे पक्ष में आया था: अशोक चव्हाण



**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण अब भाजपा के नेता बन गए हैं। उन्होंने कांग्रेस से अपना 4 दशक पुराना रिश्ता तोड़ लिया है और भगवा दल में एंट्री ले ली है। लेकिन कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री रहते हुए उन पर जिस आदर्श हाउसिंग घोटाले के आरोप लगते रहे हैं, उससे जुड़े सवाल उनका पीछा नहीं छोड़ रहे। भाजपा से जुड़ने के बाद सवाल उठाया गया कि क्या अब उनका यह दाग खत्म हो गया है। इस पर अब तक भाजपा ने कोई जवाब नहीं दिया है, लेकिन खुद अशोक चव्हाण ने आलोचकों को जवाब दिया है।

अशोक चव्हाण का कहना है कि इस मामले में हाई कोर्ट का फैसला उनके पक्ष में आया था। उन्होंने कहा, बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस मामले में फैसला मेरे पक्ष में दिया था। यहां तक कि यह मामला एक राजनीतिक हादसे की तरह था। कुछ एजेंसियों ने इस मामले में फैसले पर सवाल भी उठाए थे। मुझे इसके चलते काफी परेशानी उठानी पड़ी है। अब मुझे लगता है कि यह कोई मुद्दा ही नहीं है। यह सब बंद होना चाहिए। वहीं उन्हें पार्टी में एंट्री दिलाते हुए राज्य के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि अशोक चव्हाण का कद राष्ट्रीय स्तर का है। इसलिए उनकी भूमिका कोई हाईकमान द्वारा ही तय किया जाएगा।

फडणवीस ने कहा कि देश भर में तमाम नेता भाजपा जॉइन कर रहे हैं। अशोक चव्हाण ने हमसे कहा था कि वह पार्टी में बिना शर्त आना चाहते हैं। उनका कहना था कि मैं किसी पद के लिए नहीं आ रहा हूं बल्कि देश के लिए योगदान देना चाहता हूं। अशोक चव्हाण का पहले गुरुवार को ही भाजपा में आने का प्लान था, लेकिन इस कार्यक्रम को दो दिन पहले ही कर लिया गया। इसकी वजह यह है कि अशोक चव्हाण को राज्यसभा भेजा जा रहा है।

## उत्साहित भाजपा की निगाहें राजस्थान में क्लीन स्वीप पर, कांग्रेस के बड़े नेता चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं

**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान में सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। जहां कांग्रेस ने कथित तौर पर 16 फरवरी को दिल्ली में स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक निर्धारित की है, वहीं भाजपा की भी 17-18 फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होने वाली है।

हालांकि, कांग्रेस और भाजपा के पार्टी नेताओं के नजरिए में बड़ा अंतर है।जहां 9 फरवरी को हुई समिति की बैठक में कांग्रेस के अधिकांश वरिष्ठ नेताओं ने लोकसभा चुनाव लड़ने में अनिच्छा व्यक्त की है, वहीं भाजपा नेता चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं, भले ही उन्हें कहीं से भी मैदान में उतारा जाए।

राजस्थान में पिछले दो आम चुनावों में कांग्रेस को कोई फायदा नहीं हुआ, क्योंकि 2019 में 24 सीटें जीतने से पहले भाजपा ने 2014 में सभी 25 सीटें जीत लीं, जबकि एक सीट उसकी सहयोगी आरएलपी के पास चली गई।इस सप्ताह के अंत में दिल्ली में होने वाली दोनों पार्टियों की बैठक के बाद लोकसभा चुनाव को लेकर स्थिति साफ हो जाएगी।कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष



सी.पी. जोशी, वरिष्ठ नेता गोविंद सिंह डोटासरा, हरीश चौधरी, सचिन पायलट, अशोक चांदना, भंवर जितेंद्र सिंह, रघुवीर मीणा, [illegible]लाल जाट, बृजेंद्र ओला, [illegible]प सिंह खाचरिया लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने खुद जयपुर में कहा था कि पार्टी इन नेताओं को आम चुनाव में उतारकर कड़ी टक्कर देना चाहती है।

हालांकि, सूत्रों के मुताबिक, इनमें से ज्यादातर बड़े नाम कथित तौर पर चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं हैं।जबकि कुछ ने कथित तौर पर स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया है, दूसरों ने कहा है कि वे नई पीढ़ी को आगे लाना चाहते हैं।अब 16 फरवरी को होने वाली बैठक में यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस आलाकमान इन नेताओं को चुनाव लड़ने के लिए कहता है या नहीं।इस बीच, सबसे पुरानी पार्टी के विपरीत, भाजपा नेता राजस्थान की सभी 25 सीटें जीतने को लेकर उत्साहित और आश्वस्त हैं।पूर्व राज्यसभा सांसद नारायण पंचेरिया ने कहा कि पार्टी अपनी विकसित भारत संकल्प यात्रा और गांव चलो अभियान जैसी पहलों के कारण क्लीन स्वीप करने को लेकर आश्वस्त है।उन्होंने कहा, सीएम भजन लाल शर्मा सहित सभी वरिष्ठ नेता गांवों का दौरा कर रहे हैं और ग्रामीणों के साथ स्थानीय मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। वे विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात कर रहे हैं। हम गांवों में किसानों को शामिल करते हुए चौपाल लगा रहे हैं। वास्तव में, लोग पहले से ही तीसरी बार मोदी सरकार का नारा लगा रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या लोकसभा चुनाव में नए चेहरे उतारे जाएंगे, पंचेरिया ने कहा, इस पर पार्टी का शीर्ष नेतृत्व फैसला करेगा और स्थानीय नेता फैसले का पालन करेंगे। हमारी एक अनुशासित पार्टी है।


## ऑनलाइन गेमिंग की लत से परेशान 12वीं कक्षा के छात्र ने की आत्महत्या

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की राजधानी में 12वीं कक्षा के एक छात्र ने अपने माता-पिता को एक मैसेज भेजने के बाद कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। एक कॉन्वेंट स्कूल के 19 वर्षीय छात्र मोहम्मद डेनियल ने मंगलवार को फांसी लगा ली। उसे किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र ने अपने संदेश में पश्चाताप व्यक्त करते हुए माता-पिता से क्षमा माँगी है। डेनियल के चाचा ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग की लत के कारण उसे इतना बड़ा कदम उठाना पड़ा। चौक पुलिस थाने के प्रभारी नागेश उपाध्याय ने कहा कि डेनियल को मंगलवार को अंग्रेजी साहित्य की इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल होना था। हो सकता है कि शैक्षणिक दबाव ने भी उसके तनाव में योगदान दिया हो। डेनियल ने मैसेज में आगे लिखा कि वह किसी डर या किसी की वजह से अपनी जिंदगी खत्म नहीं कर रहा है। एक रोते हुए व्यक्ति के इमोजी के साथ समाप्त संदेश में उसने लिखा, मैंने गलतियाँ कीं जिन्हें सुधारा नहीं जा सकता और इसलिए मैं अपना जीवन समाप्त कर रहा हूँ।

आईपीएल 2024

## गावस्कर ने दिया सटीक जवाब

# रोहित की जगह हार्दिक को कप्तान बनाना सही या गलत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाकर सही निर्णय लिया है। पांच बार की चैंपियन को आने वाले समय से इससे फायदा मिलेगा। हार्दिक पांड्या को गुजरात टाइटंस ने पहले रिटेन किया था लेकिन बाद में आईपीएल 2024 नीलामी से पहले मुंबई इंडियंस ने हार्दिक को गुजरात टाइटंस से करार कर अपनी टीम में शामिल किया और आईपीएल फ्रेंचाइजी का कप्तान भी बनाया।

सुनील गावस्कर ने कहा, उन्होंने हमेशा फ्रेंचाइजी के भविष्य के बारे में सोचा है। रोहित शर्मा 36 की उम्रम के हैं और तीनों फॉर्मेट में भारत की कैंप्टेंसी का दबाव भी है। उन्होंने उस बोझ को कुछ कम करने और हार्दिक पंड्या जैसे युवा खिलाड़ी को यह जिम्मेदारी देने की कोशिश की है। हार्दिक ने गुजरात को लगातार फाइनल में पहुंचाया है और खिताब भी जिताया है। मुंबई इंडियंस की इस बदलाव के पीछे यही सोच है।

गावस्कर ने ये भी कहा कि रोहित के ऊपर से कप्तानी का दबाव हटने से उनको और फ्रेंचाइजी को फायदा होगा। अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने पिछले आईपीएल सीजन में 16 मैच में 332 रन बनाए। हालांकि भारत के फुल टाइम कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले सीजन टीम को प्लेऑफ तक पहुंचाया था।

रोहित की कप्तानी में मुंबई ने 87 मैच जीते हैं और 67 में हार मिली है। उन्होंने आगे कहा, हार्दिक पांड्या को कैप्टेंसी देने से मुंबई इंडियंस को फायदा ही होगा। उन्होंने रोहित को अब टॉप आर्डर में फ्री होकर बल्लेबाजी करने की आजादी दी है। हार्दिक नंबर तीन या पांच पर आकर 200 प्लस स्कोर बना सकते हैं।



# ऐतिहासिक रहेगा राजकोट टेस्ट...

## अश्विन-एंडरसन पर खास नजरें

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा. यह मुकाबला इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के लिए बेहद खास होने वाला है. साथ ही भारतीय स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिए भी इस टेस्ट मैच में एक धांसू रिकॉर्ड अपने नाम करने का मौका रहेगा. इसके अलावा भारतीय टीम के पास यह मैच जीतकर राजकोट के मैदान पर अपने विजयरथ जारी रखने का मौका रहेगा.

बता दें कि भारतीय टीम और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज अभी 1-1 से बराबरी पर है. साथ ही तीसरा मुकाबला राजकोट में 15 फरवरी से भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे से खेला जाएगा. इस मैच में बेन स्टोक्स, एंडरसन और अश्विन के पास ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाने का मौका रहेगा.

### स्टोक्स खेलेंगे अपने करियर का 100वां टेस्ट

इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स के करियर का यह 100वां टेस्ट मुकाबला रहेगा. वो इस मैच में उतरने के साथ ही एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर लेंगे. स्टोक्स इस मैच में उतरने के साथ ही 100 टेस्ट खेलने वाले 16वें इंग्लिश प्लेयर बन जाएंगे. अब तक इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 184 टेस्ट खेलने का रिकॉर्ड जेम्स एंडरसन के नाम ही है. ओवरऑल सबसे ज्यादा 200 टेस्ट खेलने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम दर्ज है.

### 200 विकेट का रिकॉर्ड भी बना सकते हैं स्टोक्स

तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने अब तक अपने करियर के 99 टेस्ट मैचों की 146 पारियों में 197 विकेट झटके हैं. यदि वो अगले टेस्ट में गेंदबाजी करते हैं और 3 विकेट हासिल करते हैं, तो एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे. वो 200 टेस्ट विकेट लेने वाले 17वें इंग्लिश खिलाड़ी बन जाएंगे. अब तक इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 695 टेस्ट विकेट लेने का रिकॉर्ड जेम्स एंडरसन के नाम ही है.

### जेम्स एंडरसन 700 विकेट से 5 शिकार दूर

41 साल के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन इंग्लैंड के लिए 184 मैचों में सबसे ज्यादा 695 टेस्ट विकेट लेने बॉलर हैं. साथ ही वो दुनिया में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज भी हैं. यदि वो राजकोट टेस्ट में 5 शिकार और करते हैं, तो टेस्ट करियर में अपने 700 विकेट भी पूरे कर लेंगे. इस तरह एंडरसन वर्ल्ड क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन जाएंगे.

बता दें कि अब तक टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा 800 विकेट लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के नाम दर्ज है.

### अश्विन 500 विकेट के रिकॉर्ड से एक कदम दूर

37 साल के स्टार स्पिनर अश्विन के पास भी इस टेस्ट मैच में एक धांसू रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज करने का मौका है. अश्विन ने अब तक 97 टेस्ट की 183 पारियों में 499 विकेट झटके हैं. यदि वो एक शिकार और करते हैं, तो 500 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे. इससे पहले भारतीयों में टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट लेने का रिकॉर्ड पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले के नाम दर्ज है. उन्होंने 619 विकेट झटके थे.

## यह सिर्फ एक संख्या है, 100वें टेस्ट से पहले बोले बेन स्टोक्स



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपने आगामी 100 टेस्ट मैचों के ऐतिहासिक पड़ाव के महत्व को कम करते हुए कहा है कि वह थ्री लायंस के लिए हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के इच्छुक हैं।

स्टोक्स गुरुवार को राजकोट में चल रही 5 मैचों की श्रृंखला के तीसरे मैच में भारत के खिलाफ उतरेंगे तो 100 टेस्ट मैच खेलने वाले इंग्लैंड के 16वें खिलाड़ी बन जाएंगे। स्टोक्स ने कहा, हर टेस्ट उतना ही महत्वपूर्ण है जितना अगला। फिर अगला टेस्ट है, जो 101 होगा - यह सिर्फ एक और है। यह दीर्घायु का संकेत है, लेकिन 99, 100 या 101 से कोई खास फर्क नहीं पड़ता। यह सिर्फ एक संख्या है। उन्होंने कहा, मैं नहीं चाहता कि ऐसा लगे कि मैं उन अवसरों के लिए आभारी नहीं हूं जो मुझे मिले हैं, लेकिन मील के पत्थर के साथ जब तक यह पूरा नहीं हो जाता, तब तक यह पूरा नहीं होता है। स्टोक्स ने 2013 में पदार्पण किया था और खेल के बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक बन गए हैं। अनुभव के साथ स्टोक्स अपने कार्यभार को प्रबंधित करने और अपने करियर के विभिन्न चरणों में तीनों प्रारूपों में से प्रत्येक को प्राथमिकता देने में भी कामयाब रहे हैं।

# हैमिल्टन टेस्ट में न्यूजीलैंड 211 पर ऑलआउट

## साउथ अफ्रीका ने 31 रन की बढ़त बनाई; डैन पीट को 5, पैटरसन को 3 विकेट

**हैमिल्टन, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में न्यूजीलैंड 211 रन ही बना सका। डैन पीट ने 5 विकेट लिए, वहीं 3 सफलताएं डैन पैटरसन को भी मिलीं। साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 242 रन बनाए थे, इसीलिए उन्हें 31 रन की बढ़त मिली।

**साउथ अफ्रीका ने 22 रन बनाने में 4 विकेट गंवाए**

हैमिल्टन के सेडन पार्क स्टेडियम में मंगलवार को साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम ने बुधवार को 220/6 के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई। रुआन डे स्वार्ट 64 और शॉन वॉन बर्ग 38 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद पीट 4 और पैटरसन खाता खोले बगैर पवेलियन लौट गए।

टीम 97.2 ओवर में 242 रन के स्कोर पर सिमट गई। न्यूजीलैंड से डेब्यू मैच खेल रहे विलियम ओरूर्क ने 4 विकेट लिए। 3 सफलताएं रचिन रवींद्र को मिलीं। वहीं टिम साउदी, मैट हेनरी और नील वैगनर ने एक-एक विकेट लिया। रुआन डे स्वार्ट ने 156 बॉल पर 64 रन की पारी खेली।

**न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब**

पहली पारी में न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही। टीम ने पहले ही ओवर में ओपनर डेवोन कॉन्वे का विकेट गंवा दिया। कॉन्वे खाता भी नहीं खोल सके। नंबर-3 पर उतरे केन विलियमसन ने फिर टॉम लैथम के साथ 74 रन की पार्टनरशिप की। लैथम 40 रन बनाकर पीट का शिकार हुए, उनके बाद विलियमसन भी 45 रन बनाकर पीट की बॉल पर ही कैच आउट हो गए। टीम ने 86 रन के स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए। टॉम लैथम ने पूर्व कप्तान केन विलियमसन के साथ 74 रन की पार्टनरशिप की।

**रचिन-यंग ने 100 रन के पार पहुंचाया**

100 रन के अंदर 3 विकेट गिरने के बाद रचिन रवींद्र ने विल यंग के साथ न्यूजीलैंड को संभाला। दोनों ने टीम को 100 रन के पार पहुंचाया। रचिन 29 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 59 रन की पार्टनरशिप टूटी।



चौथा विकेट गिरते ही टीम ने लगातार विकेट गंवाना शुरू कर दिया। टॉम ब्लंडेल 4, ग्लेन फिलिप्स 4, मैट हेनरी 10, टिम साउदी 5 और यंग 33 रन बनाकर आउट हो गए।

**वैगनर ने 200 रन के पार पहुंचाया**

न्यूजीलैंड ने अपने 9 विकेट 183 रन के स्कोर पर ही गंवा दिए थे। यहां से 10वें नंबर के बैटर नील वैगनर ने तेजी से 27 बॉल पर 33 रन बनाए और टीम को 200 रन के पार पहुंचा दिया। उन्होंने अपनी पारी में 3 चौके और 2 सिक्स लगाए। उनके विकेट के साथ ही न्यूजीलैंड की पारी सिमट गई। डेब्यूटांट ओरूर्क 20 बॉल में खाता खोले बगैर नॉटआउट रहे। न्यूजीलैंड ने 77.3 ओवर में 211 रन बनाए, टीम पहली पारी में साउथ अफ्रीका के स्कोर से 31 रन पीछे रही। नील वैगनर ने 27 बॉल पर तेजी से 33 रन बनाए।

**पीट को 5 विकेट**

ऑफ स्पिनर डैन पीट ने 89 रन देकर 5 विकेट लिए। तेज गेंदबाज डैन पैटरसन ने 39 रन देकर 3 विकेट लिए। एक सफलता शेफो मोरेकी को मिली। वॉन बर्ग और डे स्वार्ट को कोई सफलता नहीं मिली, जबकि 2 बैटर्स रनआउट हुए। डैन पीट ने 5 विकेट लेकर साउथ अफ्रीका को पहली पारी में बढ़त दिलाई।

**पहले दिन साउथ अफ्रीका ने 6 विकेट गंवाए**

हैमिल्टन में साउथ अफ्रीका ने मंगलवार को पहले बैटिंग की। टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 6 विकेट के नुकसान पर 220 रन बनाए। न्यूजीलैंड से रचिन रवींद्र ने 3 विकेट लिए। साउथ अफ्रीका से डे स्वार्ट 55 और वॉन बर्ग 34 रन बनाकर नॉटआउट रहे।

**सीरीज में 1-0 से आगे न्यूजीलैंड**

2 टेस्ट की सीरीज में न्यूजीलैंड 1-0 से आगे है। टीम ने पहला मुकाबला 281 रन से जीता था। दोहरा शतक लगाने वाले रचिन रवींद्र प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। दूसरा टेस्ट हैमिल्टन में खेला जा रहा है। न्यूजीलैंड में साउथ अफ्रीका ने टेस्ट सीरीज के लिए अपने सीनियर प्लेयर्स की टीम नहीं भेजी। क्योंकि वे खिलाड़ी ह्र20 खेलने में लगे हुए थे। जबकि न्यूजीलैंड ने अपने प्रमुख प्लेयर्स की टीम को ही मैदान पर उतारा।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम घोषित, ट्रेंट बोल्ट की हुई वापसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी आगामी तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा की, जिसमें तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की टीम में वापसी हुई है। बोल्ट की वापसी से कीवी टीम को काफी मजबूती मिलेगी। 34 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच वनडे विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ खेला था।

टीम में उनका शामिल होना 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में कीवी टीम की हार के बाद उनकी पहली टी20आई उपस्थिति भी होगी। दाएं हाथ के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन को पितृत्व अवकाश के कारण टीम में शामिल नहीं किया गया। इस बीच डेरिल मिशेल को भी हटा दिया गया क्योंकि वह लंबे समय से पैर की चोट के लिए पुनर्वास पर हैं। वरिष्ठ खिलाड़ी की जगह भरने के लिए जोश क्लार्कसन को टीम में शामिल किया गया। क्लार्कसन के ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ अपना टी20आई डेब्यू करने की भी संभावना है।



क्लार्कसन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए 20 ओवरों की टीम में शामिल किया जाना एक बहुत विशेष एहसास था। उन्होंने कहा, यह वास्तव में बहुत क्रैजी भरा रहा है। बांग्लादेश श्रृंखला के लिए बुलाया जाना और फिर अब ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए बुलाया जाना बहुत ही क्रैजी भरा एहसास है। बड़े होकर, ऑस्ट्रेलियाई आम तौर पर शिखर पर होते हैं और जिस तरह से वे अपने खेल के बारे में जाते हैं वह कुछ ऐसा है जिसे मैं अपने खेल में अनुकरण करने की कोशिश करता हूं। लेकिन हां, मेरे और मेरे परिवार के लिए भी बहुत खास एहसास है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज 21 फरवरी को वेलिंग्टन में शुरू होगी। दूसरा और तीसरा मैच 23 और 25 फरवरी को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जाएगा।

**न्यूजीलैंड की टी20आई टीम**

मिशेल सेंटनर (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट (दूसरा और तीसरा टी20आई), मार्क चैपमैन, जोश क्लार्कसन, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), लॉकी फर्ग्यूसन, एडम मिल्ने, मैट हेनरी, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), ईश सोढ़ी, टिम साउदी (केवल पहला टी20आई)।




## रचना कुमारी पर लगा 12 साल का प्रतिबंध

### हांगझोऊ एशियाई खेलों में लिया था भाग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एआईयू ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि रचना कुमारी पर 24 नवंबर 2023 से 12 साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इस खिलाड़ी के 24 सितंबर 2023 के बाद के सभी परिणाम को अमान्य माना जाएगा। इस कारण वह अपने खिताब, पुरस्कार, पदक, अंक आदि गंवा देगी। अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघ की एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने भारत की तार गोला फेंक एथलीट रचना कुमारी पर कई बार डोपिंग परीक्षण में नाकाम रहने के कारण मंगलवार को 12 साल का प्रतिबंध लगा दिया। तीस वर्षीय रचना के प्रतियोगिता से इतर लिए गए डोप नमूने में स्टेरॉयड स्टैनोज़ोलोल, मेटांडिएनोन, डीहाइड्रोक्लोरोमिथाइल टेस्टोस्टेरोन (डीएचसीएमटी) और क्लेनब्यूटेरोल पाया गया।

एआईयू ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि रचना कुमारी पर 24 नवंबर 2023 से 12 साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इस खिलाड़ी के 24 सितंबर 2023 के बाद के सभी परिणाम को अमान्य माना जाएगा। इस कारण वह अपने खिताब, पुरस्कार, पदक, अंक आदि गंवा देगी।

रचना का डोपिंग रोधी नियमों का दूसरा उल्लंघन है। रचना हांगझोऊ एशियाई खेलों में भाग लेने वाली 68 सदस्यीय भारतीय टीम का हिस्सा थीं। उन्होंने जून में भुवनेश्वर में अंतर राज्य चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता था। गोवा राष्ट्रीय खेलों में उन्होंने कांस्य पदक अपने नाम किया था।



## डोप में फंसने के बाद दिव्या काकरान ने दिया बयान

### कहा- मेरे करियर को बर्बाद करने की हो रही कोशिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नोएडा में नायब तहसीलदार दिव्या काकरान को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) की ओर से लिए गए उनके सैंपल में प्रतिबंधित स्टेरायड मिथाइल टेस्टोस्टेरॉन और उसके मेटाबोलाइट्स पाए गए हैं। अर्जुन अवार्डी पहलवान दिव्या काकरान ने कहा कि उनके करियर को बर्बाद करने के लिए कुछ लोग साजिश रच रहे हैं। उन्होंने तीस से अधिक बार विदेश दौरे किए, लेकिन कभी गलत चीजों का इस्तेमाल नहीं किया। वह पूरी तरह बेगुनाह हैं। दिव्या काकरान ने कहा कि उनके खिलाफ साजिश रची गई है। वह बेगुनाह हैं।

नोएडा में नायब तहसीलदार दिव्या काकरान को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) की ओर से लिए गए उनके सैंपल में प्रतिबंधित स्टेरायड मिथाइल टेस्टोस्टेरॉन और उसके मेटाबोलाइट्स पाए गए हैं। नाडा ने 15 दिसंबर को दिव्या का आउट ऑफ कंपटीशन सैंपल उनके आवास से लिया था, जिसकी टेस्टिंग वाडा से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय डोप टेस्ट लैबोरेटरी (एनडीटीएल) में की गई थी। इसी लैब की टेस्टिंग में एनाबॉलिक एंड्रोजेनिक स्टेरायड पाया गया है।



# 44 साल की उम्र में इमरान ने रचा कीर्तिमान

## उनसे पहले सिर्फ 3 गेंदबाज ही कर चुके है यह उपलब्धि हासिल

**ढाका, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के अनुभवी गेंदबाज इमरान ताहिर ने 44 साल की उम्र में एक कीर्तिमान रच दिया है। दरअसल, इमरान ताहिर ने टी20 क्रिकेट में 500 विकेट पूरे कर लिए हैं और ऐसा करने वाले वह चौथे गेंदबाज बने हैं। इमरान ने मंगलवार को बांग्लादेश प्रीमियर लीग में रंगपुर राइडर्स के लिए खेलते हुए खुलना टाइगर्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। इमरान ने इस मैच में 5 विकेट अपने नाम किए।

### ताहिर से पहले 500+ विकेट लेने वाले गेंदबाज

इमरान ताहिर के 404 टी20 मुकाबलों में 502 विकेट हो गए हैं। उनसे पहले इस क्लब में वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो, राशिद खान और सुनील नारायण शामिल हैं। ब्रावो के नाम 571 टी20 मैचों में 624 विकेट दर्ज हैं। वहीं राशिद खान के नाम 410 टी20 मुकाबलों में 556 विकेट दर्ज हैं। सुनील नारायण के नाम 492 मैचों में 532 विकेट दर्ज हैं।

### इमरान के लिए उम्र सिर्फ एक नंबर

44 साल की उम्र में इमरान ताहिर ने 500 टी20 पूरे कर यह साबित कर दिया है कि वाकई उम्र सिर्फ एक नंबर है। 44 की उम्र में भी इमरान टी20 क्रिकेट खेल रहे हैं। बीपीएल के 30वें मैच में उन्होंने शानदार गेंदबाजी से अपनी टीम रंगपुर राइडर्स को जीत दिलाई। इस मैच में उन्होंने 4 ओवर के अंदर 26 रन देकर 5 विकेट झटके। रंगपुर राइडर्स ने इस मैच में खुलना टाइगर्स को 78 रन से मात दे दी।

### शाकिब और मेहदी की तूफानी बल्लेबाजी

रंगपुर राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए खुलना टाइगर्स को 220 रन का लक्ष्य दिया था। रंगपुर की ओर से शाकिब अल हसन और मेहदी हसन मिराज ने तूफानी बल्लेबाजी की। शाकिब ने 31 गेंद में 69 रन और मेहदी ने 36 गेंद में 60 रन ठोक दिए। शाकिब ने अपनी पारी में 6 चौके और 6 छक्के लगाए। वहीं मेहदी हसन ने अपनी पारी में 6 चौके और 4 छक्के लगाए। कप्तान नुरुल हसन ने भी 13 गेंद में 32 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली।

जवाब में 220 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी खुलना टाइगर्स की टीम 18.2 ओवर में 141 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। खुलना की ओर से एलेक्स हेल्स ने 33 गेंद में 60 रन की बेहतरीन पारी खेली। हेल्स के अलावा कोई बल्लेबाज अच्छा नहीं खेल पाया।

## एक नजर

### समाजसेवी की मनी चौथी पुण्यतिथि

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** हसपुरा प्रखंड के मौआरी गांव में समाजसेवी रामचंद्र राम की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम के शुरुआत में रामचंद्र राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद दर्जनों गरीब व असहायों को अंग वस्त्र व नकद राशि प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला युवा पदाधिकारी कपिल देव ने कहा कि रामचंद्र राम ने जो संघर्ष करने का संदेश दिया था,.वह प्रत्येक गरीबों के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने मेहनत से कभी जी नहीं चुराया और संघर्ष पथ पर अडिग होकर चलते रहे। वही वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद 'अचल'ने कहा कि रामचंद्र राम के संघर्षों से खासकर दलित वर्ग को प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं साहित्यकार व पत्रकार शंभू शरण सत्यार्थी ने कहा कि रामचंद्र राम हमेशा सादगी के साथ काम करने वाले व्यक्ति थे। वे जो भी काम करते थे, उसे लगन के साथ किया करते थे। इस अवसर पर कामाख्या नारायण सिंह, निशांत कुमार, बीरेंद्र राम, डोमन सिंह, चुलबुल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे दलित समाज के लोग : रवींद्र पासवान

**औरंगाबाद (का. सं.)।** औरंगाबाद और रोहतास-कैमूर में 15-16 फरवरी को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को सफल बनाने के लिए दलित और पिछड़े समाज के लोगों की भी बड़ी भागीदारी होगी। इस समाज के लोग भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होकर देश को बदलाव के लिए एक संदेश देंगे। बिहार प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष रवींद्र कुमार पासवान ने बताया कि राहुल गांधी की यात्रा को बिहार में खूब समर्थन पहले भी मिल चुका है, जिसमें इस समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर योगदान दिया। अब एक बार फिर से औरंगाबाद और रोहतास-कैमूर में मगध क्षेत्र से बड़ी संख्या में दलित, पिछड़े और अल्पसंखक समाज के लोग इस यात्रा में शामिल होने आ रहे हैं। पासवान ने कहा कि कांग्रेस की न्याय यात्रा के पांच स्तंभ हैं। इनमें युवा न्याय, भागीदारी न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और किसान न्याय शामिल है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि हर वर्ग के साथ न्याय होगा, हर भारतीय का हाथ मजबूत होगा, तभी देश मजबूत होगा। लोग अन्याय के खिलाफ एकजुट हों और भारत को मजबूत बनाएं।

# सांसद ने किया हावड़ा-कालका नेताजी एक्सप्रेस का अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर ठहराव का शुभारंभ



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** सांसद सुशील कुमार सिंह द्वारा आज 14 फरवरी बुधवार से गाड़ी संख्या 12311/12312 हावड़ा-कालका- हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन का मंडल के अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर ठहराव का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सांसद द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हो रहे रेल विकास कार्यों का आभार व्यक्त करते हुए नेताजी एक्सप्रेस के अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर ठहराव हेतु रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव जी का धन्यवाद किया गया तथा रेलवे की सराहना की गई। इस दौरान डीडीयू मंडल के रेल अधिकारी व आम यात्री उपस्थित रहे। विदित हो कि यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 12311/12312 हावड़ा-कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस का अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है । दिनांक 14.02.2024 से गाड़ी सं. 12311 हावड़ा-कालका नेताजी एक्सप्रेस 05.58 बजे अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पहुंचेगी और 06.00 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इसी तरह गाड़ी सं. 12312 कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस 22.40 बजे अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पहुंचेगी और 22.42 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन से यात्रियों को अब एक और ट्रेन उपलब्ध हो गई है। इस ट्रेन के अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर ठहराव शुरू हो जाने से आसपास के क्षेत्र के लोगों को हावड़ा, धनबाद, गया, प्रयागराज, कानपुर, अलीगढ़, दिल्ली, पानीपत, चंडीगढ़ सहित ट्रेन के मार्ग में आने वाले अन्य स्थानों तक आवागमन में काफी सुविधा होगी।

# विजय पांडेय बने जिला विधिक संघ के अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिला विधिक संघ, औरंगाबाद की कार्यसमिति 2024-26 के चुनाव की मतगणना बुधवार को शुरू हुई। सर्वप्रथम अध्यक्ष पद की गिनती संपन्न हुई। अध्यक्ष पद पर विजय कुमार पांडेय को कुल 326 वोट पड़े, परशुराम सिंह को 297, अशोक कुमार सिंह को 37 और रामप्रवेश ठाकुर को 38 वोट मिले। सबसे अधिक वोट विजय कुमार पांडेय ने प्राप्त किया और उन्हें 29 वोट से विजयी घोषित किया गया। वहीं महासचिव पद पर जगनारायण सिंह को 332 वोट मिले, नागेंद्र सिंह को 222, अखिलेश कुमार को 42, अमरेन्द्र नारायण सिंह को 42, राजीव रंजन सिंह को 41, नवीन कुमार सिंह को 20, तथा सतीश कुमार सिंह को 10 वोट मिले। इस तरह से सर्वाधिक वोट लाकर जगनारायण सिंह विजयी घोषित किए गए।

# एसपी ने राहुल गांधी के औरंगाबाद आगमन को लेकर शहर में विधि-व्यवस्था का लिया जायजा



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा 15 फरवरी 2024 को पूर्व अध्यक्ष, अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं सांसद, राहुल गांधी के औरंगाबाद आगमन के उपलक्ष्य में शहर में विधि-व्यवस्था का जायजा लिया गया है। श्री गांधी द्वारा जिला के गांधी मैदान में जनता को संबोधित किया जाना संभावित है। इस संदर्भ में जिला पदाधिकारी ने गांधी मैदान का निरीक्षण किया एवं जन संबोधन कार्यक्रम से संबंधित आवश्यक निर्देश संबंधित विभागों को दिए। कल के कार्यक्रम के लिए विधि व्यवस्था संधारण हेतु पदाधिकारी की ब्रीफिंग भी जिला पदाधिकारी द्वारा औरंगाबाद गांधी मैदान में की गई। इसके साथ ही 16 फरवरी से शुरू हो रहे सूर्य महोत्सव की तैयारी का जायजा भी जिला पदाधिकारी द्वारा लिया गया। उनके द्वारा देव में होने वाले कार्यक्रम के संचालन की जानकारी संबंधित पदाधिकारी से ली गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान उप आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी वरीय उप समाहर्ता एवं जिला एवं प्रखंड स्तर के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# मध्य विद्यालय दोसमा में धूमधाम से मनाया गया सरस्वती पूजा

कार्यालयसंवाददाता



**औरंगाबाद।** बुधवार को मध्य विद्यालय दोसमा में धूमधाम से मां सरस्वती की पूजा की गयी। पुस्तकों का अध्ययन करना सबसे आसान कार्य होता है। समाज एवं अच्छी पुस्तकों के प्रति सेवा एवं समर्पण से व्यक्ति को ज्ञान प्राप्त होता है, एक अच्छा कलम, एक अच्छा पुस्तक, एक अच्छा शिक्षक जीवन को सुन्दर बना सकता है। उक्त बातें मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक वसीम अख्तर ने कही। पूजा में प्रधानाध्यापक वसीम अख्तर, अरविंद सिंह, सुरेश राम, अलोक कुमार, रूद्ररेश कुमार, आशा सिंह, मंजू कुमारी, नीतू सिंह, मनीष कुमार, अनिल कुमार, रिचा पाण्डेय, रिचा सिंह, रूही प्रवीण आदि शामिल रहे।

# सूर्य नगरी देव में आयोजित सूर्य महोत्सव की प्रशासनिक तैयारी जोरों पर

निज संवाददाता

**देव (औरंगाबाद)।** जिले के ऐतिहासिक सूर्य नगरी देव में आयोजित सूर्य महोत्सव की प्रशासनिक तैयारी जोरों पर है। मंगलवार को सीओ आशुतोष कुमार ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंच तैयारी का जायजा लिया। हालांकि दोपहर में एकाएक वर्षा होने के कारण कार्यक्रम स्थल पर काफी पानी जमा हो गया है। सरस मेला एवं स्टॉल पंडाल क्षेत्र में वर्षा के बाद कीचड़ की स्थिति हो गई है। विदित है कि आगामी 16 फरवरी से 18 फरवरी तक तीन दिवसीय सूर्य महोत्सव का आयोजन होना है। जिसको लेकर जिला प्रशासन सजग है। लगातार तैयारी का जायजा लिया जा रहा है। महोत्सव प्रारंभ होने में महज दो दिन ही शेष रह गए हैं। यदि वर्षा होती रही तो परेशानी बढ़ सकती है। महोत्सव स्थल पर जमा वर्षा का पानी को हटाने की व्यवस्था पर ध्यान देने की जरुरत होगी।

राष्ट्रीय वयोश्री योजना RASHTRIYA VAYOSHRI YOJANA
सत्यमेव जयते
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार
एलिम्को



" हमारी सरकार समाज के प्रत्येक व्यक्ति का जीवनयापन आसान बनाने के लिए अथक रूप से कार्य कर रही है। चाहे वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, अनुसूचित जाति के लोग अथवा समाज के लाभवंचित वर्ग कोई भी हो, हमारी शीर्ष प्राथमिकता 130 करोड़ भारतीयों की सेवा करना तथा उनके हितों की रक्षा करना है "
– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

राष्ट्रीय वयोश्री योजना के माध्यम से सशक्तिकरण

वरिष्ठ नागरिकों के लिए जीवन सहायक यंत्रों का वितरण

- वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्पूर्ण भारत में 60 वितरण शिविरों का आयोजन
- शारीरिक कार्यों में लगभग सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए आयुजनित दिव्यांगता/विनिर्योग्यता से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक एवं जीवन सहायक उपकरण
- बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ नागरिक अथवा जिन लोगों की मासिक आय 15000/- से अधिक नहीं है

डॉ. वीरेन्द्र कुमार
माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री, भारत सरकार
की गरिमामयी उपस्थिति में
वर्चुअल माध्यम द्वारा
गुरुवार, 15 फरवरी, 2024 को प्रातः 11:00 बजे

CBC 38101/13/0070/2324

अपने नजदीकी केंद्र के जानकारी के लिए QR कोड को स्कैन करें
वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय टोल फ्री हेल्पलाइन 14567
अधिक जानकारी के लिए, https://socialjustice.gov.in/ पर लॉग ऑन करें।
सोशल मीडिया पर फॉलो करें /सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

### राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शिरकत करेंगे तेजस्वी यादव


**औरंगाबाद(का.सं.)।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव 15-16 फरवरी को औरंगाबाद-सासासाराम में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे। राजद के औरंगाबाद जिला प्रवक्ता डॉ. रमेश यादव ने बताया कि तेजस्वी यादव राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने सड़क मार्ग से आ रहे हैं।औरंगाबाद में तेजस्वी प्रसाद यादव के आगमन से महागठबंधन सहित राजद कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह और खुशी है। तेजस्वी प्रसाद यादव के भव्य स्वागत की तैयारी जगह-जगह की जा रही है। कहा कि 16 फरवरी को राहुल गांधी सासाराम में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और 15 फरवरी को रात्रि में राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव राजनीतिक विचार विमर्श करेंगे। 15 तारीख को गांधी मैदान में राहुल गांधी की होने वाली आमसभा में राजद कार्यकर्ता पूरे जिले से पहुंचेगे।

### बिजली संचरण व्यवस्था सुधारने के लिए खर्च होंगे 8800 करोड़

**पटना(नि.सं.)।** लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए बिहार की संचरण व्यवस्था को और दुरुस्त किया जाएगा। इसके लिए बिजली कंपनी ने डेढ़ दर्जन और ग्रिड बनाने का निर्णय लिया है। संचरण तार बिछाए जाएंगे और पुराने पावर ट्रांसफॉर्मर को बदला जाएगा। इस मद में बिजली कंपनी ने 8800 करोड़ खर्च करने का निर्णय लिया है। राज्य में अभी 164 ग्रिड सब-स्टेशन हैं। कंपनी ने 20 ग्रिड बनाने का निर्णय लिया है। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ग्रिड सब-स्टेशन बनने पर संचरण लाइन की भी आवश्यकता होगी। इसके लिए कंपनी ने 28 सौ सर्किट किलोमीटर संचरण तार बिछाने का निर्णय लिया है। इस मद में 56 सौ करोड़ खर्च होंगे। कंपनी ने 50 ग्रिडों के पावर ट्रांसफॉर्मर की क्षमता में भी वृद्धि करने का निर्णय लिया है।

बिहार सरकार

सूर्य महोत्सव, देव - 2024





सांस्कृतिक कार्यक्रम
स्थान: रानी तालाब, थाना के निकट, देव ( औरंगाबाद )
दिनांक: 16-18 फरवरी, 2024

विशेष प्रस्तुति


श्रद्धा पंडित, गायिका


कुणाल गांजावाला, गायक


अपूर्वा प्रियदर्शी, गायिका

इस कार्यक्रम में आप सादर आमंत्रित हैं
आयोजक - पर्यटन विभाग, बिहार एवं जिला प्रशासन, औरंगाबाद

PR. No. 07381 (District)D. 2023-24